राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

15 AUGUST स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

15 AUG HAPPY INDEPENDENCE DAY

वर्ष : 15 | अंक : 125 | नई दिल्ली, गुरुवार,15 अगस्त, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

## सूचना

**स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रातः किरण का दफ्तर 15 अगस्त 2024 को बंद रहेगा। अतः पाठकों को अखबार का अगला अंक 17 अगस्त 2024 को मिलेगा।**

# पीएम मोदी लाल किले पर फहरायेंगे तिरंगा, छह हजार विशेष मेहमान आमंत्रित

प्रात : किरण



नई दिल्ली/ एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बृहस्पतिवार को राजधानी के ऐतिहासिक लाल किले से 78 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में देश का नेतृत्व करेंगे। वह राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और प्रतिष्ठित स्मारक की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करेंगे। इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस की विषय वस्तु विकसित भारत@2047 है। यह 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सरकार के प्रयासों को नए सिरे से बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा। राष्ट्रीय महत्व के इस उत्सव में जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से इस वर्ष लाल किले पर समारोह देखने के लिए लगभग 6 हजार विशेष मेहमानों को आमंत्रित किया गया है।

## सीएम नीतीश गांधी मैदान में फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज




पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरूवार को पटना स्थित ऐतिहासिक गांधी मैदान में 78 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में तिरंगा फहराएंगे। इस मौके पर कई वीआईपी और आम जनता भी मौजूद रहेगी। पटना प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण एवं सुरक्षा हेतु अचूक व्यवस्था रहेगी। भीड़ पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी तथा आसूचना तंत्र को सुदृढ़ एवं सक्रिय रखा जाएगा। गाँधी मैदान के सभी प्रवेश द्वारों एवं परिसर के अंदर सीसीटीवी कैमरा के द्वारा निगरानी रखी जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्यवासियों को दी बधाई

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राज्यवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम में आहूति देने वाले तमाम वीर सपूतों एवं स्वतंत्रता संग्राम के तमाम सेनानियों को नमन करते हुये कहा कि उनकी शहादत और कुर्बानियों अमर है।उनके संघर्ष और कुबार्नी के कारण ही हम सबों को आजादी का यह महान तोहफा मिल पाया है।उन्होंने राज्य एवं देशवासियों से अपील की है कि वे आपसी भाईचारा, मेल-जोल, सद्भाव, सहिष्णुता का वातावरण बनाये रखें।देश की आजादी को अक्षुण्ण रखने के लिये आज के दिन हम सब यह संकल्प लें कि हम अपनी एकता और अखण्डता को बनाये रखेंगे और देश को प्रगति, समृद्धि एवं विकास की नई ऊँचाई पर पहुँचायेंगे। देश का नाम दुनिया में रौशन करते रहेंगे।

**बाहुबली नेता के आवास से हथियार बरामद होने के मामले में हाई कोर्ट का बड़ा फैसला**

# पूर्व विधायक अनंत सिंह को पटना हाईकोर्ट ने किया बरी

### फैसले के बाद जेल से बाहर आने का रास्ता हुआ साफ

प्रात : किरण



पटना/एजेंसी। पटना उच्च न्यायालय ने बिहार के मोकामा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक अनंत कुमार सिंह को उनके आवास से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद होने के मामले में बुधवार को बरी कर दिया। न्यायमूर्ति चंद्र शेखर झा ने सिंह की एक चुनौती याचिका पर यह फैसला सुनाया। पटना की एक निचली अदालत ने चार साल पुराने इस मामले में सिंह को दस साल के जेल की सजा सुनायी थी। पूर्व विधायक ने निचली अदालत के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। पूर्व विधायक के अधिवक्ता सुनील कुमार ने कहा कि हमने तर्क दिया कि सिंह को उस परिसर से आपत्तिजनक वस्तुओं की बरामदगी के लिए दोषी ठहराया गया था जहां वह नहीं रह रहे थे। उन्होंने यह भी कहा, अब हमें उम्मीद है कि हमारे मुवक्किल जल्द ही जेल से बाहर आ जाएंगे। उन्होंने बताया कि सिंह को उनके खिलाफ दर्ज सभी मामलों में पहले ही जमानत मिल चुकी है।

# मुठभेड़ में सेना का कैप्टन शहीद, चार आतंकवादी ढेर

प्रात : किरण

जम्मू/एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में बुधवार को जारी एक अभियान के दौरान आतंकवादियों से मुठभेड़ में सेना के एक कैप्टन शहीद हो गए। माना जा रहा है कि मुठभेड़ में चार आतंकवादी भी मारे गए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले हुई इस मुठभेड़ में एक नागरिक भी घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि शिवगढ़-अस्सार पट्टी में छिपे विदेशी आतंकवादियों की तलाश में सुरक्षाबलों और पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया और इस दौरान घने जंगल वाले इलाके में उनके बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में कैप्टन दीपक सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए जिसके बाद उन्हें सैन्य अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से चार बैग मिले हैं जिनमें खून लगा है। इससे यह समझा जा रहा है कि मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गए हैं। साथ ही वहां से एम-4 कार्बाइन भी बरामद की गई हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन ने अपराह्न करीब दो बजे संवाददाताओं को बताया कि इलाके में अभियान अब भी जारी है। सेना ने अधिकारी की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि सेना शोक संतप्त परिवार के साथ है।

अपने क्षेत्र में देश का प्रथम मान्यता प्राप्त संस्थान स्थापितः 1990

नामांकन सूचना



इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ हेल्थ एडुकेशन एण्ड रिसर्च

Health Institute Road, Beur, Patna - 2

(Recognised by the Govt. of Bihar, RCI, IAP & ISPO)

बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्विद्यालय से संबंधन प्राप्त

Admission is going on into following Courses for Academic Session : 2024-25

Please visit : www.iiher.com, Mob. : 7070096603, 9709999603, 9264459295, 9431016169

COURSES OFFERED

| NAME OF COURSES | | ELIGIBILITY |
|---|---|---|
| MPT | (Master of Physiotherapy) | BPT |
| MOT | (Master of Occupational Theraphy) | BOT |
| BPT | (Bachelor of Physiotherapy) | I.Sc. (Bio) |
| B.OPHTH. | (Bachelor of Ophthalmology) | I.Sc. (Bio) |
| BASLP | (Bachelor of Audiology and Speech Language Pathology) | I.Sc. |
| BMLT | (Bachelor of Medical Laboratory Technology) | I.Sc. (Bio) |
| BMRIT | (Bachelor of Medical Radio Imaging Technology) | I.Sc. |
| D.Ed. (Spl.Edu.) | D.Ed. Special Eduction (HI) | 10+2 |
| DPT | (Diploma in Physiotherapy) | I.Sc. (Bio) |
| D-X-Ray | (Diploma in X-Ray Technology) | I.Sc. (Bio) |
| DMLT | (Diploma in Medical Laboratory Technology) | I.Sc. (Bio) |
| DOTA | (Diploma in Operation Theater Assistant) | I.Sc. (Bio) |
| DECG | (Diploma in ECG) | I.Sc. (Bio) |
| CMD | (Certificate in Medical Dressing) | Matric |
| LATERAL ENTRY & ABRIDGED DEGREE | | ELIGIBILITY |
| ABPT | (Bachelor of Physiotherapy Abridged) | DPT |
| BMLT (LE) | (Bachelor of Medical Laboratory Technology LE) | DMLT |
| B.OPTH. (LE) | (Bachelor of Ophthalmology LE) | D.OPHTH. |
| BMRIT (LE) | (Bachelor of Medical Radio Imaging Technology LE) | D.X-Ray |

PATLIPUTRA VIDYAPETH

Health Institute Road Near Central Jail & SBI, Anishabad, Beur, Patna-800 002

Affiliated to C.B.S.E., New Delhi

ONE OF THE BEST LEADING SCHOOLS IN BIHAR

Our Greatest Natural Resourse is the Minds of Our Children

Online Registration & Admission open



SCHOOL FACILITIES

- Smart Classes
- Wi-Fi Campus
- Indoor & Outdoor Games
- Disciplined Environment
- Hostel & Day Boarding
- Swimming Pool
- Separate Labs
- Yoga Classes
- Music & Dance
- Infirmary & Girls Common Room
- Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility (All over Patna)
- Remedial Classes for Slow Learner
- Preparation for NEET, JEE & other competitive exams

Admission Open only Rs. 15000/- including 1 month fee for Nursery to IX & Class XI

CONTACT US FOR ENQUIRY & REGISTRATION 7488412808, 9241939993, 9264459295 | www.patliputravidyapeeth.com



## संक्षिप्त समाचार

### जागेश्वर रूट रोडवेज की बस चलाने की मांग

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** जागेश्वर रूट पर रोडवेज की कोई सेवा संचालित नहीं होती है। केमू की एक सेवा है लेकिन इस पर यात्रियों का काफी दबाव रहता है। कई बार यात्रियों को सीट नहीं मिल पाती है। स्थानीय लोगों ने इस रूट पर केमू की सेवा बढ़ाने और रोडवेज की सेवा संचालित करने की मांग की है। जिला मुख्यालय स्थित केमू स्टेशन से जागेश्वर के लिए सुबह 11:30 बजे केमू बस का संचालन होता है। स्टेशन से ही बस पैक होकर जाती है। कई बार जागेश्वर जाने वाले यात्रियों को बस में सीट नहीं मिल पाती है। विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में सावन के मौके पर श्रद्धालुओं की आवाजाही भी अधिक रहती है। सार्वजनिक सेवा का अभाव होने से यात्रियों को अधिक किराया देकर यात्रा करनी पड़ती है।

### मेले में 48 युवाओं को मिला रोजगार

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय की ओर से सोबन सिंह जीना परिसर में एक दिनी रोजगार मेले लगा। इसमें 290 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। साक्षात्कार के बाद 48 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। 178 अभ्यर्थियों का दूसरे साक्षात्कार के लिए चयन किया गया। एसएसजे परिसर में आयोजित रोजगार मेले में फ्लिपकार्ट, सिक्योरिटी सर्विस इंडिया लिमिटेड, ब्राइट टैलिकम्युनिकेशन, जी फोरएच सिक्योर लिमिटेड, यशस्वी ग्रुप, जीनियस ग्रुप एसबीआई कार्ड, एलआईसी इंडिया और वर्ल्ड स्वार्थ कंपनी में नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार हुआ। कंपनी ने सीनियर एक्जक्यूटिव, सिक्योरिटी गार्ड, टैली कालर, आपरेटर, सेल्स और रूलर एजेंट आदि के पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया। इसमें कंपनी ने 48 अभ्यर्थियों का ही चयन किया। जबकि 178 अभ्यर्थियों को द्वितीय साक्षात्कार के लिए चयनित किया गया है। इस दौरान अभ्यर्थियों को एनसीएस पोर्टल में पंजीकरण कराया गया। क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी आरके पंत ने कहा कि बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोमेले का आयोजन किया गया है। वहां डॉ. देवेंद्र बिष्ट, बीना बिष्ट, गोविंद बिष्ट, मनोज बिष्ट, पंकज कुमार, मनोज मेहरा, मोहित पांडे, शुभम शर्मा आदि थे।

### ताकुला के भैंसोड़ी में नहीं आ रहा पानी

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** ताकुला विकास खंड के भैंसोड़ी में पिछले 15 दिनों से पेयजल की किल्लत बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि जल संस्थान के अधिकारियों से कई बार पेयजल किल्लत होने की शिकायत की गई। लेकिन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों की सुध नहीं ली। मजबूरी में ग्रामीणों को दूरदराज के नौले धारों से पीने के पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है। सामाजिक कार्यकर्ता भारत भूषण पांडे ने बताया कि जल संस्थान ग्रामीणों से बिल तो वसूल कर रहा है। लेकिन पेयजल आपूर्ति सुचारू रुप से नहीं हो पा रही है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र गांव में पेयजल आपूर्ति सुचारू नहीं की गई तो वह ग्रामीणों के सहयोग से उग्र आंदोलन शुरु कर देंगे।

### पहाड़ नहीं चढ़ना चाहते शिक्षक, 365 के सापेक्ष 46 पहुंचे काउंसलिंग में

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** प्रशिक्षित बेरोजगार रोजगार के लिए पहाड़ नहीं चढ़ना चाहते हैं। जिले में प्राथमिक विद्यालयों में 365 स्थायी शिक्षकों की तैनाती के लिए काउंसलिंग हुई। इसमें सिर्फ 46 अभ्यर्थी ही शिक्षक बनने के लिए पहुंचे। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक इसकी मुख्य वजह अभ्यर्थियों का दूरस्थ के विद्यालयों में तैनाती की इच्छा नहीं है। जिले के प्राथमिक विद्यालय शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं इससे छात्र संख्या लगातार घट रही है और विद्यालयों में ताले लग रहे हैं। छात्र संख्या बढ़ाने और शिक्षा व्यवस्था बेहतर करने के उद्देश्य से जिले के प्राथमिक विद्यालयों में 365 स्थायी शिक्षकों की तैनाती की प्रक्रिया शुरू हुई है। बीते दिनों इसके लिए अभ्यर्थियों की काउंसलिंग हुई। काउंसलिंग में सिर्फ 46 अभ्यर्थी पहुंचे। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक मेरिट सूची में ऊपर रहने वाले अधिकांश अभ्यर्थियों ने सुगम जिले को चुना है। यही कारण है पिथौरागढ़ जिले में तैनाती के लिए हुई पहली काउंसलिंग में पदों के सापेक्ष सिर्फ 13 प्रतिशत अभ्यर्थी ही शामिल हुए।

## काशीपुर में हिंदूवादी संगठनों के नेतृत्व में सनातनियों ने खोला मोचा



**उधम सिंह नगर, एजेंसी।** भारत देश के पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार की सत्ता पलट के बाद वहां हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ देशभर के हिंदूवादी संगठनों तथा सनातनी पूरे भारतवर्ष में प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके चलते जनपद उधम सिंह नगर के काशीपुर में हिंदूवादी संगठनों के नेतृत्व में सनातनियों ने मोर्चा खोल दिया है। इसमें बीते मंगलवार को किला मोहल्ले में सभी हिंदूवादी संगठन के पदाधिकारी व सनातनी समुदाय के लोग सैकड़ों की संख्या में एकत्र हो गए। वहीं मोर्चा खोलते हुए मशाल जलाकर हिंदू समाज के लोगों ने जुलूस में भाग लिया।

दरअसल, पूरे देश में पड़ोसी देश बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्ता पलट के बाद से ही हिंसा भड़क उठी थी। इसके बाद वहां हिंदुओं समेत अल्पसंख्यकों पर अत्याचार व हमलों को लेकर पूरे देशभर में सनातन धर्म से जुड़े लोगों के द्वारा अपने आक्रोश को रैली, जुलूस तथा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन के माध्यम से प्रकट किया जा रहा है। इसी के तहत उधम सिंह नगर जनपद के काशीपुर में बीते मंगलवार मोहल्ला किला से मशाल यात्रा का आयोजन किया गया। मशाल जुलूस मोहल्ला किला से शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए महाराणा प्रताप चौक पर सभा के रूप में समाप्त हुआ। इस दौरान भाजपा नेता दीपक बाली ने कहा कि यह मशाल जुलूस के रूप में हिंदुओं के द्वारा निकाली गई एक विशाल रैली है, जो कि बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ किए गए अत्याचार के खिलाफ आवाज उठा रही है। यह सभी हिंदू सनातनियों के द्वारा मशाल यात्रा नहीं बल्कि आक्रोश यात्रा है, जिसमें सभी सनातनी सड़कों पर उतरे हैं।

वहीं हिंदू राष्ट्र शक्ति के राष्ट्रीय प्रभारी संजय भाटिया ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ पूरे विश्व भर में हिंदू समाज एक साथ एकजुट होकर खड़ा हो गया है और इसका पुरजोर विरोध कर रहा है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हिंदू अब जाग गया है, अब वह समय दूर नहीं जब हिंदुस्तान हिंदू राष्ट्र हो जाएगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि अब प्रत्येक हिंदू के घर में एक कार के साथ-साथ एक तलवार भी जरूर होनी चाहिए, ताकि जरूरत पड़ने पर दुश्मनों का सफाया किया जा सके।

## कैंपस कॉलेज बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजे कॉलेज : कुलसचिव

**नई टिहरी, एजेंसी।** पीजी कॉलेज को श्रीदेव सुमन विवि का कैंपस बनाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर छात्र नौवें दिन भी धरने पर डटे रहे। छात्रों की मांग के संबंध में प्राचार्य प्रो. पुष्पा नेगी ने कुलसचिव दिनेश चंद्रा से दूरभाष पर वार्ता की। कुलसचिव ने कहा कि विवि कोई कैंपस कॉलेज नहीं बना सकता है। कैंपस बनाने का निर्णय शासनस्तर से लिया जाता है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनरतले पीजी कॉलेज के छात्र पांच अगस्त से आंदोलनरत हैं। छात्र महाविद्यालय को विवि का कैंपस कॉलेज बनाने, जाखणीधार व चंबा से कॉलेज बस सेवा शुरू करने, व्यवसायिक पाठ्यक्रमों का संचालन करने, अंक तालिकाओं में हुई गड़बड़ी दूर करने, कॉमर्स संकाय का भवन निर्माण करने की मांग को लेकर आंदोलन चला रहे हैं। छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए प्राचार्य प्रो. नेगी ने कुलसचिव से फोन पर वार्ता की। कुलसचिव चंद्रा ने कहा कि छात्रों की अंक तालिकाओं में जो भी गड़बड़ी हुई है। उसका समाधान विवि जल्द करेगा। शासनस्तर की जो भी मांगें हैं, उसे लिखकर उच्च शिक्षा निदेशक और सचिव को भेजें।

## डॉक्टर और एमबीबीएस के छात्रों ने निकाला कैंडल मार्च



**हल्द्वानी, एजेंसी।** कोलकाता के एक मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी की घटना से आक्रोशित राजकीय मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट डॉक्टर और एमबीबीएस के छात्रों ने सोमवार रात कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया।

चार दिन पहले कोलकाता के एक मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर के साथ दरिंदगी की घटना से मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों और डॉक्टरों में गुस्सा है। मेडिकल के छात्र अर्चित कुमार का कहना है कि देश में डॉक्टर्स की सुरक्षा के लिए कोई कानून नहीं है। हम कठोर कानून बनाने, छात्रा के परिवार को इंसाफ और दोषियों को पकड़कर सख्त सजा की मांग करते हैं। कैंडल मार्च बरेली रोड से होते हुए सिंधी चौराहा फिर रामपुर रोड होते हुए मेडिकल कॉलेज पहुंचा। प्रदर्शन में विपुल, निखिल यादव, आकाश हटवाल, अतुल कुमार, आदर्श अरोरा, अन्नपूर्णा रावत, शिवानी, मुस्कान, यशस्वी बमेठा, मानसी, समेठा तिवारी शामिल रहे।

## 15 दिनों से पेयजल नहीं मिला, तो उपभोक्ताओं का चढ़ा पारा, पांच हजार लोगों को नहीं मिल रहा पानी



**अल्मोड़ा, एजेंसी।** रानीखेत में पिछले 15 दिनों से हलक तर करने को पानी नसीब न होने से चिलियानौला नगर पालिका क्षेत्र के लोगों का पारा चढ़ गया। सोमवार को भड़के उपभोक्ता जल संस्थान के कार्यालय आ धमके। यहां उन्होंने नारेबाजी कर हंगामा काटा। रानीखेत में पिछले 15 दिनों से हलक तर करने को पानी नसीब न होने से चिलियानौला नगर पालिका क्षेत्र के लोगों का पारा चढ़ गया। सोमवार को भड़के उपभोक्ता जल संस्थान के कार्यालय आ धमके। यहां उन्होंने नारेबाजी कर हंगामा काटा। शीघ्र पेयजल आपूर्ति सुचारु न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। चिलियानौला क्षेत्र में गगास-ताड़ीखेत और चिलियानौला- तिपौला ग्राम समूह योजना से पालिका क्षेत्र के 5000 से अधिक लोगों को पीने के पानी की आपूर्ति की जाती है। पिछले 15 दिनों से पालिका क्षेत्र के लोगों के घरों में नलों से एक बूंद पानी नहीं टपक रहा है। मजबूरी में लोगों को पीने के पानी के लिए दूरदराज स्थित नौले धारों का सहारा लेना पड़ रहा है। अव्यवस्था से आजिज आए उपभोक्ताओं का सोमवार को सब्र टूटा तो वह जल संस्थान के कार्यालय में आ धमके। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि विभाग बिल तो वसूल रहा है लेकिन आपूर्ति सुचारु नहीं की जा रही है। काफी हंगामे के बाद जल संस्थान के एई ने उपभोक्ताओं को आपूर्ति सुचारु करने का आश्वासन दिया। इसके बाद लोग शांत हुए।

## आतंकी हमले में उत्तराखंड का जवान हुआ शहीद, असम राइफल में वारंट ऑफिसर थे गुणानंद चौबे

**चम्पावत, एजेंसी।** मणिपुर में हुए आतंकी हमले में सुंई खैसकांडे निवासी के 22 बटालियन असम राइफल में तैनात वारंट ऑफिसर गुणानंद चौबे (56) शहीद हो गए। चौबे की शहादत की सूचना मिलने पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

मणिपुर में हुए आतंकी हमले में सुंई खैसकांडे निवासी के 22 बटालियन असम राइफल में तैनात वारंट ऑफिसर गुणानंद चौबे (56) शहीद हो गए। चौबे की शहादत की सूचना मिलने पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

सुंई खैसकांडे गांव के ग्राम प्रधान भुवन चौबे ने बताया सेना से सूचना मिली है कि असम राइफल में वारंट ऑफिसर पद पर तैनात गुणानंद चौबे पुत्र स्व. हरिदत्त चौबे सोमवार सुबह मणिपुर में आतंकवादियों से हुई मुठभेड़ में शहीद हो गए। चौबे ने बताया कि शहीद का परिवार वर्तमान में दिल्ली के द्वारिका में रहता है। शहीद अपने पीछे पत्नी, दो बेटी, एक बेटे को रोता बिलखता छोड़ गए हैं।



ग्राम प्रधान ने बताया कि शहीद क बेटा इंजीनियर है और दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है। शहीद चार भाइयों में सबसे छोटा था। चौबे की शहादत पर विधायक खुशाल सिंह अधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय, पूर्व विधायक पूरन फर्त्याल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख योगेश मेहता, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा, गोविंद वर्मा, व्यापार संघ अध्यक्ष मनीष जुकरिया, सचिन जोशी, राजू गड़कोटी आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

शहीद के भाई गोविंद चौबे में बताया कि गुणानंद होली के बाद अपने पैतृक गांव आए थे। शारदीय नवरात्रि में पूजा अर्चना के लिए घर आने की बात कर रहे थे, लेकिन नियति को तो कुछ और ही मंजूर था। उन्होंने ने बताया मंगलवार को शहीद का पार्थिव शरीर दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है। उनका अंतिम संस्कार दिल्ली में होगा या पैतृक गांव में यह जानकारी नहीं मिल सकी है।

## पत्नी से विवाद के चलते साले को पीटा, जबड़ा तोड़ा

**हल्द्वानी, एजेंसी।** पत्नी के विवाद में पति ने साले का जबड़ा तोड़ दिया। पुलिस ने जब मुकदमा दर्ज नहीं किया तो पीड़ित एसएसपी के पास पहुंची। एसएसपी के निर्देश पर बनभूलपुरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। नई बस्ती बनभूलपुरा निवासी जाहिदा बेगम ने पुलिस को बताया कि वह तलाकशुदा है और अपने 21 वर्षीय बेटे दानिश के साथ रहती है। वर्ष 2012 में उसने अपनी बेटी साफिया का निकाह इंदिरानगर एक मस्जिद के पास निवासी इमरान खां से किया था। दामाद निकाह के बाद से ही पुत्री के साथ मारपीट करता रहता था।

इसी साल तीन जून को दामाद ने बेटी को घर से निकाल दिया। तब से वह उनके संग रह रही है। आरोप है कि दामाद कई बार घर आकर बेटी को तेजाब से जलाने व बेटे को जान से मारने की कोशिश कर चुका है। 24 जून को उनका बेटा दानिश किसी काम से इंदिरानगर गया था।

तभी उसके दामाद इमरान और दामाद के छोटे भाई साहिल ने बेटे के साथ मारपीट कर जबड़ा तोड़ दिया। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बागेश्वर में सिर्फ 3807 किसानों ने कराया फसल बीमा, हर साल होता है भारी नुकसान

**बागेश्वर, एजेंसी।** बागेश्वर जिले में किसान फसल बीमा कराने में कम रूचि ले रहे हैं। जिला कृषि विभाग में कुल 47,522 किसान पंजीकृत है। लक्ष्य के सापेक्ष खरीफ की फसल के लिए मात्र 3807 किसानों ने बीमा किया है।

बागेश्वर जिले में किसान फसल बीमा कराने में कम रूचि ले रहे हैं। जिला कृषि विभाग में कुल 47,522 किसान पंजीकृत है। विभाग को वर्ष 2024-25 के लिए 8900 किसानों का बीमा कराने का लक्ष्य मिला है। इसमें खरीफ और रबी दोनों फसलें शामिल हैं। लक्ष्य के सापेक्ष खरीफ की फसल के लिए मात्र 3807 किसानों ने बीमा किया है। इसमें से 3360 किसानों का बीमा बैंक से हुआ है। शेष 447 ने स्वयं ही फसल का बीमा कराया है।

किसान फसल का नुकसान होने पर मुआवजे की मांग करते है लेकिन बीमा कराते समय चूक जाते है। कई लोग तो जानकारी के अभाव में योजना का लाभ लेने से वंचित रह जाते है। फसल लागत के जोखिम से बचाने वाली योजना को और अधिक प्रचार-प्रसार की जरूरत है।

कृषि विभाग में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ में धान, मडुवा और रबी में गेहूं की फसल का बीमा होता है। उद्यान विभाग में पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत खरीफ में आलू, मिर्च, अदरक, टमाटर, बीन्स और रबी में आम, आड़ू, सेब, लीची, संतरा, मौसमी, माल्टा, मटर का बीमा होता है।



किसान को प्रत्येक नाली के अनुसार फसल बीमा का शुल्क अदा करना होता है। खरीफ की फसल में धान के लिए 21 रुपये और मडुवे के लिए 19.52 रुपया अदा करना होता है।

## भारतीय महिलाओं को लुभा रहा है नेपाली रानी हार

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** सोना चाहे कितना ही महंगा क्यों न हो, इसके गहने महिलाओं की पहली पसंद हैं। इस समय बदलते ट्रेंड के साथ नेपाली डिजाइन भारतीय महिलाओं को लुभा रहे हैं। खास बात यह है कि नेपाली रानी हार भारतीय महिलाओं की पहली पसंद बना है। नेपाली हार की कीमत एक लाख से लेकर डेढ़ लाख रुपये तक है।

महिलाएं सुंदर दिखना चाहती हैं। इसी का हिस्सा हैं गहने। सोने के गहने महिलाओं की पहली पसंद रहे हैं। आज की महिलाएं भारी और परंपरागत गहने सिर्फ शादी या अन्य अवसरों पर पहनना पसंद करती हैं और अपने बजट के अनुसार आभूषणों की खरीदारी करती हैं। वर्तमान में नेपाली डिजाइन के गहनों के प्रति भारतीय महिलाओं का रुझान बढ़ा है। नेपाली जंतर भी महिलाओं को खूब लुभा रहा है। 12 हजार से लेकर 14-15 हजार रुपये कीमत वाले जंतर की खरीदारी महिलाएं खूब कर रही हैं। जंतर में लगभग दो आना सोना जड़ा होता है। नेपाली रानी हार अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। इसकी कीमत एक लाख से डेढ़ लाख रुपये है। बताया कि रोजाना 30 से 40 महिलाएं नेपाली डिजाइन के गहने बनाने दुकान पर पहुंच रही हैं। इसके अलावा गहनों की अन्य दुकानों में आने वाली महिलाएं भी नेपाली रानी हार की खास मांग कर रही हैं।

## नाबालिग ने जबरन शादी कराने का लगाया आरोप, एएचटीयू की टीम ने लड़की से की पूछताछ

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** काशीपुर में एक नाबालिग ने जबरन शादी कराने का आरोप लगाया है। मामले की जानकारी मिलने पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम ने बालिका को अपने कब्जे में लेकर उससे पूछताछ की।

काशीपुर में एक नाबालिग ने जबरन शादी कराने का आरोप लगाया है। मामले की जानकारी मिलने पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम ने बालिका को अपने कब्जे में लेकर उससे पूछताछ की।

नगर के एक मोहल्ला निवासी एक नाबालिग ने चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचना दी कि उसका विवाह बीती 8 अगस्त को मोहल्ला के एक युवक से मंदिर में जबरन करा दिया गया है। सूचना पर हेल्पलाइन की काउंसलर ने मामले की जानकारी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट रूद्रपुर को दी। सोमवार शाम यूनिट प्रभारी जीतो कांबोज दीपा मेहरा, शायरा बानो, राज कौर और पुलिस टीम के साथ बालिका के घर पहुंची। वहां बालिका व उसकी मां को अपने साथ लेकर कोतवाली आई।

## सौर तूफानों के सुंदर रंगीन दृश्यों से नहाए पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्र, तस्वीर बेहद अद्भुत

**नैनीताल, एजेंसी।** सूर्य की सतह पर इन दिनों जबरदस्त सौर तूफान उठ रहे हैं। यह भू-चुंबकीय तूफान पृथ्वी के ध्रुवों पर अद्भुत रंगों की आभा बिखेर रहे हैं। इन सौर तूफान का ध्रुवों से टकराना जारी है और अगले वर्ष तक इनके जारी रहने की संभावना है।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के पूर्व सौर विज्ञानी डा. वहाबउद्दीन ने बताया कि हाल के दिनों में सौर तूफानों ने पृथ्वी के दोनों ध्रुवों पर टकराकर औरोरा के खूब रंग बरसाए हैं। औरोरा रंग बिरंगे बादलों की तरह उच्च ऊर्जावान कणों से निकलने निकलने वाली रंग-बिरंगी रोशनी है। जिन्हें नार्दन व सर्दन लाइट भी कहा जाता है।

पिछले दो दिन आए तीव्र सौर तूफान के दौरान टेक्सास, मिसिसिपी, एरिजोना, कोलोराडो व कैलिफोर्निया समेत 30 से अधिक अमेरिकी राज्यों में औरोरा के अद्भुत रंग देखने को मिले। पृथ्वी के उत्तर व दक्षिण ध्रुवों पर औरोरा के रंगों की बरसात हो रही है। कुदरत के इन दृश्यों को देखने के लिए दुनियाभर के लोग उत्तरी व दक्षिणी ध्रुवों से लगे देशों में पहुच रहे हैं।



डा. वहाब ने बताया कि संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ दुनिया के कम अक्षांशों वाले क्षेत्रों में गंभीर भू-चुंबकीय तूफान का असर देखने को मिल रहा है। भारत का लेह लद्दाख भी औरोरा के रंगों से रंगने लगा है। भारी सौर तूफानों के दौरान यह क्षेत्र भी रात में रोशनी से नहाया हुआ नजर आएगा। ध्रुवीय क्षेत्रों में अद्भुत रंगीन गतिविधियां अगले वर्ष तक जारी रहने की संभावना है। हालांकि अब भू-चुंबकीय तूफान अब कमजोर होने लगे हैं। बड़ा सौर तूफान आया था, बुधवार तक इनके जारी रहने की संभावना है। वहीं, सूर्य की सतह सौर भभूकाओं (सन स्पाट) से पटी हुई है। जो आने वाले दिनों मे विस्फोटों के साथ भड़कने वाली ज्वालाओं के उठने के संकेत दे रहे हैं।

# कालकाजी विधानसभा के गुरु रविदास मार्ग का सौंदर्यीकरण करवा रही केजरीवाल सरकार, पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने किया निरीक्षण

## गुरु रविदास मार्ग के सौंदर्यीकरण के अन्तर्गत फुटपाथ और सर्विस रोड को मिलेगा मॉडर्न लुक-पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी

● गुरु रविदास मार्ग कालकाजी विधानसभा के सबसे महत्वपूर्ण और व्यस्त सड़कों में से एक, रोजाना लाखों लोग आवागमन के लिए करते है इसका इस्तेमाल-पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



केजरीवाल सरकार कालकाजी विधानसभा के गुरु रविदास मार्ग को नया स्वरूप देगी। इसके अंतर्गत गुरु रविदास मार्ग के सुदृढ़ीकरण और सौंदर्यीकरण का काम किया जा रहा है। बुधवार को पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने इसके शुरूआती चरण में चल रहे कामों जा जायजा लिया।

बता दे कि, गुरु रविदास मार्ग के सौंदर्यीकरण के अन्तर्गत फुटपाथ और सर्विस रोड को मॉडर्न लुक दिया जाएगा।सेंट्रल वर्ज पर पौधों के जरिए सड़क की खूबसूरती बढ़ाई जाएगी। साथ ही रिकॉरपेटिंग के जरिए रोड का सुदृढ़ीकरण भी करवाया जाएगा। लोगों की सुविधाओं के लिए यहाँ पार्किंग का निर्माण भी किया जाएगा।

इस मौके पर पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि, गुरु रविदास मार्ग कालकाजी विधानसभा के सबसे महत्वपूर्ण और व्यस्त सड़कों में से एक है और रोजाना लाखों लोग आवागमन के लिए इसका इस्तेमाल करते है। ऐसे में सड़क को नया स्वरूप मिलने से लाखों लोगों को फायदा हिगा। गुरु रविदास मार्ग के सुदृढ़ीकरण-सौंदर्यीकरण के बाद कालकाजी विधानसभा की कई कॉलोनियों की मुख्य सड़क से इंटर-कनेक्टिविटी बेहतर हो जाएगी और ये खूबसूरत सड़क हमारे विधानसभा की पहचान बनेगी। पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में दिल्ली की सड़कों को को बेहतर बनाने के लिए सरकार मिशन मोड में काम कर रही है। कालकाजी से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी को बहुत प्यार और सम्मान मिला है, इसी की बदौलत अब गुरु रविदास मार्ग वर्ल्ड क्लास बनने जा रहा है। पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि, गुरु रविदास मार्ग कालकाजी विधानसभा की सबसे महत्वपूर्ण सड़कों में से एक है। तकरीबन 4 किलोमीटर लंबी ये सड़क माँ आनंदमई मार्ग और महरौली-बदरपुर रोड को भी जोड़ने का काम करती है। और रोजाना बड़ी संख्या में लोग इसका इस्तेमाल करते है। ऐसे में इस सड़क का इस्तेमाल करने वाले लोगों को सड़क पर चलने का वर्ल्ड क्लास अनुभव मिल सके, उन्हें सुंदर, सुरक्षित सड़क मिल सके इस दिशा में गुरु रविदास मार्ग को नया स्वरूप देने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि, गुरु रविदास मार्ग के सौंदर्यीकरण के बाद कालकाजी का हर निवासी अपनी इस सड़क पर गर्व कर सकेगा। और ये सड़क कालकाजी की पहचान बनेगी। पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि, चाहे जितनी बाधाएँ आ जाये लेकिन जबतक अरविंद केजरीवाल जी दिल्ली के मुख्यमंत्री है, वो दिल्लीवालों के काम नहीं रुकने देंगे।

कैसे मिलेगा गुरु रविदास मार्ग को नया स्वरूप

-सड़क की मजबूती और खूबसूरती बढ़ाने के लिए रिकॉरपेटिंग की जाएगी।

-वर्ल्ड क्लास स्टैंडर्ड की रोड मार्किंग की जाएगी।

-फुटपाथ की रीडिजाइनिंग और रिपेयरिंग कर उसे मॉडर्न और यूजर फ्रेंडली बनाया जाएगा।

-सेंट्रल वर्ज में हरियाली बढ़ाने के लिए शानदार पौधे लगाए जाएँगे।

-लोगों की सुविधा के लिए पार्किंग बनाई जाएगी।

# सुरक्षा कारणों के चलते सिसोदिया 16 से पदयात्रा करेंगे

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



जेल में 17 महीने रहने के बाद बाहर आए आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया की 14 अगस्त से होने वाली पदयात्रा स्थगित हो गई है। दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अब यह यात्रा 16 अगस्त को ग्रेटर कैलाश विधानसभा से शाम को पांच बजे शुरू होगी। स्वतंत्रता दिवस पर सुरक्षा कारणों के चलते हमने इसे टालने का फैसला किया है।

पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में सौरभ भारद्वाज ने कहा कि केंद्र सरकार के षडयंत्रों के कारण मनीष सिसोदिया 17 महीने तक जेल में रहने के बाद जमानत मिली। मनीष सिसोदिया को जमानत मिलने के बाद पार्टी ने यह तय किया कि वह नेतृत्व में पार्टी 14 अगस्त से पूरी दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में पदयात्रा निकाले और दिल्ली के लोगों से मुलाकात करेंगे कउन्होंने बताया कि रणनीति के मुताबिक 14 अगस्त को पहली पदयात्रा की शुरूआत ग्रेटर कैलाश से होनी थी। उन्होंने बताया कि किन्हीं कारणों से आज यह पदयात्रा नहीं हो पा रहा है।

पत्रकारों के पदयात्रा के निरस्त होने के सवाल पर सौरभ भारद्वाज ने बताया, कि पदयात्रा के लिए पुलिस से अनुमति मांगी गई थी। पुलिस की तरफ से सुझाव आया, पुलिस ने 15 अगस्त का माहौल है और देश में सुरक्षा और सतर्कता का हवाला देते हुए पदयात्रा को कुछ दिन आगे बढ़ाने के लिए कहा। इसे दो-चार दिन बाद इसकी शुरू करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा की पुलिस कि यह सलाह हमें तर्कपूर्ण लगी। जिसके बाद पार्टी ने मनीष सिसोदिया की यात्रा को 16 अगस्त को शुरू करने का फैसला किया है।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अब आप की पदयात्रा 16 अगस्त को शाम 5:00 बजे डीडीए फ्लैट्स कालकाजी से शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम ऐसा बिल्कुल नहीं चाहते की स्वतंत्रता दिवस के मौके पर किसी भी प्रकार की कोई समस्या या कोई परेशानी खड़ी हो कजब उनसे पूछा गया कि अरविंद केजरीवाल का जन्मदिन होने के नाते 16 अगस्त का दिन चुना गया है तो उन्होंने कहा कि हमारे मन में ऐसा कोई विचार नहीं था, लेकिन अगर ऐसा है तो हमारे लिए ये अच्छा है।

## गारमेंट फैक्ट्री में लगी आग, छह दमकलकर्मी झुलसे

नई दिल्ली। मध्य दिल्ली के करोल बाग इलाके में बुधवार दोपहर गारमेंट फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरी फैक्ट्री में फैल गई। खबर मिलते ही स्थानीय पुलिस के अलावा दमकल की आठ गाड़ियां वहां पहुंचीं और बचाव कार्य शुरू हुआ। गनीमत यह रही कि आग लगते ही फैक्ट्री में मौजूद लोगों ने इमारत को छोड़कर बाहर निकल गए। आग पर काबू पाने के दौरान अचानक छोटा एलपीजी सिलिंडर फटने से छह दमकलकर्मी उसकी चपेट में आ गए। झुलसे हुए दमकल कर्मियों बलीलाल, दिपांदर, संदीप, प्रदीप, अभिजीत और राहुल रांगा को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनको प्राथमिक उपचार दिया गया। दो को छोड़कर सभी को छुट्टी दे दी गई।

# दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने प्रदर्शनी लगाई



नई दिल्ली। 14 अगस्त को प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने राजीव चौक और कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशनों पर प्रदर्शनी लगाई है।

प्रदर्शनी में विभाजन की विभीषिका और हमारे साझा इतिहास पर इसके गहरे प्रभाव को स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है। प्रदर्शनी का औपचारिक रूप से जनप्रतिनिधियों और प्रतिष्ठित वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में उद्घाटन किया गया। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की परिकल्पना विभाजन के शिकार लाखों लोगों की पीड़ा, तकलीफ और दर्द को सामने लाने के लिए की गई है। यह हमारे देश के इतिहास में मानव आबादी के सबसे बड़े विस्थापन की याद दिलाता है। एक ऐसी घटना जिसने अनगिनत लोगों की जान ले ली और देश के सामाजिक ताने-बाने को हमेशा के लिए बदल दिया।

यह प्रदर्शनी भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर) और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास है। यह एक चिंतनशील और शैक्षिक अनुभव प्रदान करता है, जिससे आगंतुकों को विभाजन के आसपास की दुखद घटनाओं की गहन समझ मिलती है। राजीव चौक के अलावा, कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन पर भी इसी तरह की प्रदर्शनी लगाई गई है, जिससे अधिक से अधिक यात्रियों को इतिहास के इस महत्वपूर्ण हिस्से से जुड़ने का अवसर मिले। ये प्रदर्शनी 21 अगस्त तक जनता के देखने के लिए उपलब्ध रहेंगी।

# सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने निकाली तिरंगा यात्रा, भारत माता के जयकारों के साथ लोगों को दिए झंडे

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने तिरंगा यात्रा निकाली। इसमें भारी संख्या में बीएसएफ के जवान शामिल हुए। इस तिरंगा पदयात्रा की शुरूआत दिल्ली के टिगरी बीएसएफ इंस्टीट्यूट ऑफ इनफॉरमेशन एंड टेक्नोलॉजी मुख्यालय बीसिट के बॉयस हॉस्टल से हुई, जो (बीआईसीआईटी) फैमिली परिसर से मेहरौली बदरपुर रोड से होते हुए प्रशासनिक भवन बीआईसीआईटी कैंपस में समाप्त हुई। लगभग 3 से 4 किलोमीटर तिरंगा यात्रा में बीएसएफ के जवानों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता के जयकारे लगाए।

बीएसएफ द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा का नेतृत्व इंस्पेक्टर जनरल (आईजी) हरीलाल ने किया। तिरंगा यात्रा की शुरूआत बीएसएफ के आईजी हरिलाल ने हरी झंडी दिखाकर की। बीएसएफ इंस्टीट्यूट आफ इनफॉरमेशन एंड टेक्नोलॉजी मुख्यालय से निकाली गई तिरंगा यात्रा में बीएसएफ के कई अधिकारी समेत लगभग 200 जवानों ने हिस्सा लिया। सीमा सुरक्षा बल के जवानों द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा में बीएसएफ के कई सीनियर अधिकारियों ने तिरंगा यात्रा के दौरान लोगों को बीच झंडा वितरत किया और लोगों से हर घर तिरंगा अभियान के तहत जुड़ने की अपील की।

सीमा सुरक्षा बल के इंस्पेक्टर जनरल (आईजी) हरिलाल ने कहा कि सबसे पहले मैं पूरे देशवासियों को और अपने बीएसएफ के जवानों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देता हूं। भारत सरकार द्वारा चलाए गए अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। ताकि घर घर तक भारत की अखंडता और एकता का संदेश पहुंचे।

# जानलेवा मांझे का नहीं करें इस्तेमाल : आरडब्ल्यूए



स्वतंत्रता दिवस पर दिल्लीवासियों से अलग-अलग रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) ने धारदार मांझे से पतंगबाजी न करने की अपील की है। आरडब्ल्यूए का मानना है कि चाइनीज और दूसरे धारदार मांझों के चलते इंसान से लेकर बेजुबान पक्षियों की जान जोखिम में पड़ती है। यहां तक कि मांझे के चलते जान तक गंवानी पड़ जाती है। यूनाइटेड रेजिडेंट ज्वाइंट एक्शन (ऊर्जा) के अध्यक्ष अतुल गोयल ने कहा कि आजादी का जश्न मनाने के चक्कर में लोग धारदार मांझों से पतंगबाजी करके दूसरों की जान जोखिम में डाल देते हैं। पिछले कुछ सालों में कई लोगों की मांझे के चलते जान भी चली गई। हालांकि, राहत भरी बात यह है कि इस साल अभी तक कोई मामला सामने नहीं आया है।

दिल्ली में ऊर्जा दो हजार से ज्यादा आरडब्ल्यूए का प्रतिनिधित्व करती है। सभी आरडब्ल्यूए से अपील की गई है कि वह अपने इलाके के लोगों को सूती धागे से पतंग उड़ाने के लिए प्रोत्साहित करें। रोहिणी सेक्टर-9 स्थित न्यू सरस्वती सोसाइटी के निवासी और रोहिणी फेडरेशन सीजीएचएस के सचिव सचिन शर्मा ने कहा कि धारदार मांझे से पतंगबाजी न करने की अपील सोसाइटी के लोगों से की गई है। सोसाइटी में 15 अगस्त पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। चांदनी चौक स्थित चैरिटी बर्ड्स अस्पताल के डॉ. रामेश्वर यादव ने बताया कि दिल्ली में पतंगबाजी के चलते चील, कौआ, कबूतर सहित कई दूसरे पक्षी घायल हो जाते हैं। मांझे की धार से किसी की गर्दन कट जाती है तो किसी पक्षी के पंख और पैर कट जाते हैं। ऐसे में हम सभी को इससे बचना चाहिए।

# जैकलीन फर्नांडीस की ईडी चार्जशीट को रद्द करने की याचिका पर अंतिम बहस 18 सितंबर को, हाईकोर्ट ने किया सूचीबद्ध

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को जैकलीन फर्नांडीज की याचिका को अंतिम बहस के लिए सूचीबद्ध किया है। याचिका में महाठग सुकेश चंद्रशेखर से कथित रूप से जुड़े 200 करोड़ रुपये के जबरन वसूली मामले से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी द्वारा दायर ईसीआईआर और आरोप पत्र को रद्द करने की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पक्षों को महत्वपूर्ण संक्षिप्त दलीलें दाखिल करने को कहा है। न्यायमूर्ति अनीश दयाल ने मामले को 18 सितंबर को अंतिम बहस के लिए सूचीबद्ध किया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के विशेष वकील आज उपलब्ध नहीं थे। इसके बाद पीठ को सूचित किया गया कि मामले में दलीलें पूरी हो चुकी हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ अग्रवाल के साथ अधिवक्ता प्रशांत पाटिल और शक्ति पांडे जैकलीन फर्नांडीज की ओर से पेश हुए। उच्च न्यायालय ने पक्षकारों से महत्वपूर्ण संक्षिप्त दलीलें दाखिल करने को कहा। उच्च न्यायालय ने 21 दिसंबर, 2023 को ईडी को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। बॉलीवुड अदाकारा जैकलीन फर्नांडीज ने ईडी द्वारा दायर 8 अगस्त, 2021 की ईसीआईआर और 17 अगस्त, 2022 की दूसरी पूरक चार्जशीट और उसके बाद की कार्यवाही को रद्द करने की मांग की है। आरोप पर बहस के लिए मामला ट्रायल कोर्ट में लंबित है। सिद्धार्थ अग्रवाल ने निर्देश पर कहा था कि वह कोई अंतरिम राहत नहीं मांग रहे हैं क्योंकि वह ट्रायल कोर्ट के समक्ष कार्यवाही को रोकना नहीं चाहते हैं। लिबर्टी ने अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने की मांग की, जो उनके अनुसार उठाए गए कानूनी मुद्दों के निर्णय के लिए महत्वपूर्ण हैं। उच्च न्यायालय ने याचिका की सुनवाई के समय उनकी प्रासंगिकता और स्वीकार्यता के अधीन अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने की अनुमति दी थी। जैकलीन फर्नांडीज अदिति सिंह से 200 करोड़ रुपये की कथित जबरन वसूली से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपियों में से एक हैं।

# उच्च न्यायालय ने सोमनाथ भारती की याचिका पर बांसुरी स्वराज से जवाब मांगा

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) नेता सोमनाथ भारती की उस याचिका पर भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज को नोटिस जारी किया, जिसमें लोकसभा चुनाव में कथित भ्रष्ट आचरण के आधार पर उनके (बांसुरी) निर्वाचन को चुनौती दी गई है। यमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा ने स्वराज को 30 दिन के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा।

इस बीच, अदालत ने आप के पूर्व मंत्री राज कुमार आनंद को इस आधार पर पक्षकारों की सूची से हटा दिया कि उनके खिलाफ कार्रवाई का कोई कारण नहीं बनता है। आनंद ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के टिकट पर 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन नतीजों के बाद वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए थे। भारती और स्वराज दोनों ने नई दिल्ली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था। भारती को 3,74,815 वोट मिले, जबकि स्वराज को 4,53,185 वोट मिले थे।

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 80 और 81 के तहत दायर याचिका में स्वराज, उनके चुनाव एजेंट और अन्य पर भ्रष्ट आचरण में लिप्त होने का आरोप लगाया गया है। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि राज कुमार आनंद ने आप के मत प्रतिशत में सेंध लगाकर स्वराज की मदद करने के लिए बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था। बाद में 10 जुलाई को वह भाजपा में शामिल हो गए। इसमें कहा गया है कि आनंद दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार में मंत्री थे और 10 अप्रैल को अचानक पार्टी से इस्तीफा देने से पहले नौ अप्रैल तक भारती के लिए चुनाव प्रचार में सक्रिय थे।

याचिका में दावा किया गया है कि चुनाव के दिन, निर्वाचन क्षेत्र में मतदान केंद्रों के दौरे के दौरान याचिकाकर्ता यह देखकर हैरान रह गए कि स्वराज के मतदान एजेंट के पास उनकी मतपत्र संख्या, फोटो, चुनाव चिह्न और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तस्वीर वाले पर्चे थे और वे उन्हें मतदाताओं को दिखा रहे थे और उनसे मतपत्र संख्या 1 पर वोट देने के लिए कह रहे थे। इसमें आरोप लगाया गया है, ऐसा कृत्य निश्चित रूप से भ्रष्ट आचरण के अंतर्गत आता है। इसकी सूचना प्रतिवादी संख्या 3 (निर्वाचन अधिकारी) को भी दी गई थी।

## हथियार के साथ आरोपित को दबोचा

नई दिल्ली। द्वारका जिले की एंटी बर्गलरी सेल ने एक कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान द्वारका सेक्टर सात की जेजे कॉलोनी निवासी रवि के रूप में हुई है। इसके पास से पुलिस को पिस्टल, दो कारतूस और चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। आरोपित चोरी की बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर पुलिस से बच रहे थे। पकड़े गए आरोपित से पूछताछ में पता चला कि वह अपने दोस्त के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से पिस्टल व अन्य हथियार लेकर आते थे। इसके बाद दिल्ली में वारदातों को अंजाम देते थे। जांच में आरोपित पर आर्म्स एक्ट व चोरी के मामले दर्ज मिले हैं। द्वारका जिले के डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि पुलिस को रवि के द्वारका सेक्टर सात स्थित डीडीए पार्क में आने की सूचना मिली थी। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके के आसपास योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया और रात करीब 10.45 बजे चोरी की बाइक के साथ दबोच लिया। उसकी तलाशी लेने पर पिस्टल के अलावा दो कारतूस बरामद हुए। जांच करने पर मोटरसाइकिल पर लगी नंबर प्लेट फर्जी पाई गई। पुलिस ने केस दर्ज कर इसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में इसने बताया कि इसके पिता की लंबी बीमारी के बाद मौत हो गई थी और मां एक विद्यालय में शिक्षिका थीं। लेकिन पढ़ाई में रुचि न होने के कारण इसने 12वीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी और फिर नशेड़ियों व अन्य अराजक तत्वों के संपर्क में आकर इसने वारदात करनी शुरू कीं तो इसके दोस्त रक्षम ने सुरक्षा के लिए इसे पिस्टल भी उपलब्ध करा दी। इसके साथ ही उसके दोस्त रक्षम ने चोरी की मोटरसाइकिल खरीदी और उस पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर भी इसे दे दी।

# पॉक्सो मामले का सामना कर रहे युवक को जमानत



नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने पॉक्सो मामले में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोप का सामना कर रहे युवक को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि प्रासंगिक समय पर पीड़िता लगभग 17 वर्ष की थी और याचिकाकर्ता आरोपी लगभग 21 वर्ष का था। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों और 18 वर्ष से कम उम्र के लड़कों के बीच सहमति से यौन संबंध बनाए जाते हैं। एक नाबालिग लड़की द्वारा दी गई सहमति कानून की नजर में वैध सहमति नहीं है इसलिए याचिकाकर्ता के भविष्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। न्यायमूर्ति ने कहा कि यदि युवक जेल में रहता है, तो उसके एक कठोर अपराधी के रूप में बाहर आने की संभावना बहुत अधिक है। वर्तमान मामले में लड़की की मां ने अपनी बेटी के संबंध में लापता शिकायत दर्ज कराई थी, जो याचिकाकर्ता के साथ रह रही थी। अभियोजक ने शुरू में कहा कि वह स्वेच्छा से अपने प्रेमी, याचिकाकर्ता के साथ गई थी और उससे शादी की और अब गर्भवती है, लेकिन बाद में अपने रुख से मुकर गई।

# सिसोदिया जी की पदयात्रा का समय बदला, 14 अगस्त की जगह अब 16 अगस्त को शुरू होगी पदयात्रा : सौरभ भारद्वाज

● पदयात्रा हेतु अनुमति को लेकर दिल्ली पुलिस से की थी बातचीत, पुलिस द्वारा दिया गया समय बदलने का सुझाव : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




पार्टी मुख्यालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि जैसा कि सभी को ज्ञात है, कि केंद्र सरकार के षडयंत्रों के कारण मनीष सिसोदिया जी 17 महीने तक जेल में रहे और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा मनीष सिसोदिया जी को जमानत मिली क उन्होंने बताया कि मनीष सिसोदिया जी को जमानत मिलने के पश्चात पार्टी ने यह तय किया, कि मनीष सिसोदिया जी आज यानी की 14 अगस्त 2024 से पूरी दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में पदयात्रा करेंगे और दिल्ली के लोगों से मुलाकात करेंगे क उन्होंने बताया कि रणनीति के मुताबिक आज मनीष सिसोदिया जी की पहली पदयात्रा ग्रेटर कैलाश विधानसभा से शुरू होनी थी कउन्होंने बताया कि किन्हीं कारणों से आज यह पदयात्रा नहीं हो पा रही है पदयात्रा के निरस्त होने के कारण के संबंध में पत्रकारों को जानकारी देते हुए सौरभ भारद्वाज ने बताया, कि पदयात्रा के लिए पुलिस विभाग से अनुमति मांगे जाने पर पुलिस विभाग की तरफ से यह सुझाव आया, क्योंकि 15 अगस्त का माहौल है और देश में सुरक्षा और सतर्कता को देखते हुए यदि यह पदयात्रा कुछ दिन आगे बढ़ा दी जाए, अर्थात आज इसकी शुरूआत ना करके दो-चार दिन बाद इसकी शुरूआत की जाए तो सुरक्षा के नजरिए से यह बेहतर होगा कउन्होंने कहा की पुलिस कि यह सलाह हमें भी तर्क पूर्ण नजर आई सौरभ भारद्वाज ने बताया कि पुलिस द्वारा दिए गए इस सुझाव को ध्यान में रखते हुए मनीष सिसोदिया जी ने अब यह तय किया है, कि पूरी दिल्ली में उनके द्वारा की जाने वाली पदयात्रा अब 14 अगस्त से शुरू न होकर 16 अगस्त यानी की स्वतंत्रता दिवस के अगले दिन से शुरू की जाएगी उन्होंने बताया कि समय और स्थान वही रहेगा अर्थात 16 अगस्त को शाम 5:00 बजे डीडीए फ्लैट्स कल्काजी से मनीष सिसोदिया जी की पदयात्रा की शुरूआत की जाएगी कउन्होंने कहा कि हम ऐसा बिल्कुल नहीं चाहते की स्वतंत्रता दिवस के मौके पर किसी भी प्रकार की कोई समस्या कोई परेशानी खड़ी हो कइसीलिए पुलिस का सुझाव मानते हुए पार्टी ने यह तय किया है, कि अब मनीष सिसोदिया जी की पदयात्रा का शुभारंभ 16 अगस्त 2024 को ग्रेटर कैलाश विधानसभा से किया जाएगा

# अदालत ने नाबालिग लड़की से प्रेम संबंध रखने वाले युवक को पॉक्सो मामले में जमानत दी

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार के आरोपी उस युवक को पॉक्सो मामले में बुधवार को जमानत दे दी, जिसके साथ उसके प्रेम संबंध थे। न्यायालय ने इस बात पर भी गौर किया कि कानून का गलत इस्तेमाल उन युवकों के मामलों में हो रहा है, जो वयस्कता से थोड़ी कम उम्र की लड़कियों से प्रेम करते हैं और इसलिए, उनके प्रेम संबंधों का विरोध करने वाले परिवारों के कहने पर दर्ज मामलों के कारण ये युवक जेलों में हैं।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़कियों और 20 वर्ष से अधिक आयु के लड़कों के बीच सहमति से बनाये गये यौन संबंधों को लेकर कानूनी रूप से अस्पष्टता है। अदालत उस मामले की सुनवाई कर रही थी जिसमें लड़की प्रासंगिक समय पर लगभग 17 वर्ष की थी और याचिकाकर्ता अभियुक्त लगभग 21 वर्ष का था। वर्तमान मामले में, लड़की की मां ने अपनी बेटी के संबंध में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। बाद में पाया गया कि लड़की याचिकाकर्ता के साथ रह रही थी। यह प्राथमिकी भारतीय दंड संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत अपहरण, गंभीर यौन उत्पीड़न और बलात्कार के अपराधों के लिए दर्ज की गई थी। लड़की ने शुरू में दावा किया था कि वह स्वेच्छा से अपने प्रेमी, याचिकाकर्ता के साथ गई थी, उससे विवाह कर लिया था और अब वह गर्भवती है। बाद में वह अपने बयान से मुकर गई। अदालत ने अपने आदेश में कहा, इस अदालत का मानना है कि वर्तमान मामला प्रेम संबंध का हैङ्क यह अदालत इस सवाल पर विचार नहीं कर रही है कि याचिकाकर्ता ने अपराध (पॉक्सो और आईपीसी के तहत) किया है या नहींङ्क यह अदालत केवल इस बात को लेकर चिंतित है कि क्या एक युवक जो पिछले तीन वर्षों से जेल में है, उसे जमानत दी जानी चाहिए या नहीं, इस तथ्य के मद्देनजर कि लड़की ने अपने बयानों में अपना रुख बदल दिया है।

PUBLIC NOTICE

It is to informed to the public at large that one M/s Jenith Flexible Pvt. Ltd. (erstwhile known as M/s Sampat Polymers Pvt. Ltd.)(PAN AAGCS1930C) having Regd. office at Khewat No. 283/207, PiauManihariNarela Road, Kundli, Sonepat, Haryana-131028 who is owner of Freehold Plot of land measuring 8 Kanal 2 Marla falling in Khewat No. 283/207 min., Khata no. 375, Khasra No. 69//1/2/2 (6-8) and 10/1 (1-14) in Village Kundli, Distt. Sonepat, Haryana, hereinafter referred to as "said property" having acquired the same by virtue of Sale Deed dated 10.05.2005 executed by Ashok Kumar and Rajiv Kumar in respect of the 8 Kanal 2 Marla duly registered on 12.05.2005 at the office of Sub Registrar Sonepat, vide Book No. 1 & Document No. 1691. Some Property papers of said Property i.e. Sale Deed regd. on 10.03.2000 executed by BihariLal in favour of Ashok Kumar and Rajiv Kumar (Doc. No. 8218), has been lost by the owner and are not traceable. If anybody found the same, Plz return at the address mentioned below. The said Property has been mortgaged by the owner with HDFC Bank Limited (our client). Further, It is hereby declared that title of the said Property, is absolutely valid, clear and marketable and there is no dispute / Litigation pending in any court of law, in respect of said Property. Whosoever, is having any objection to said mortgage OR any Person having any type of claim/ right/title/interest over the said property may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 14 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.
Mobile: 8882600727
SHUBHASHISH'
R-14/178, Raj Nagar,
Ghaziabad-201 002

PUBLIC NOTICE

It is to informed to the public at large that oneMr. Vikram Singh(Adhar-3790 4499 1728) s/o Sh. Darshan Singh r/o 6/40, First Floor, Near Punchhu Sahib Gurudwara, Geeta Colony, East Delhi, Delhi, who is the co-owner along withMr. Harvinder Singhs/o Sh. Satnam Singh(PAN-HAFPS 6111C), of the property i.e.Portion of Ground Floor, First Floor and Second Floor with roof rights, part of Property Bearing No.WZ-75/2, (Old No.86), area measuring 22.1/2 sq. yds., out of Khasra/Rectangle No.14 Old &Khasra No.15/12 New, Situated in the area of Village Keshopur, Delhi State, Delhi Colony Known as SantGarh, M.B.S. Nagar, New Delhi 110018, hereinafter referred to as "said property", having acquired the same by virtue ofRelinquishment deed dt. 16.04.2024 Executed by 1. Mr. Dharmender Singh2. Mrs. Upmesh Kaur 3. Mrs. Narinder Kaur 4. Mr. Surinder Singh & 5. Mr. Manjeet Singh in favour of Mr. Vikram Singh & Mr. Harvinder Singh (Doc. No. 2024/22/I/5187 in SROWest BasaiDarapur, Delhi). Against said Property, Axis Finance Ltd. (our client) is giving a Housing Loan to one Nisha Devi w/o Sh. Raju Mandal r/o WZ-84/1, Gali no. 33, SantGarh, Tilak Nagar, West Delhi, Delhi, who would purchase the said property from the Present owner i.e. Mr. Vikram Singh&Mr. HarvinderSingh. It is hereby declared that title of the said Property, is absolutely valid, clear and marketable and there is no dispute / Litigation pending in any court of law, in respect of said Property. Whosoever, is having any objection to said mortgage OR any Person having any type of claim/ right/title/interest over the said property may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 07days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.
VIPUL KR. RAHEJA
(D/103IA/2000) Advocate
Chamber no. 55, Civil Side,
Tis Hazari Courts, Delhi
Mob-9873150663"

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात: किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, गुरुवार, 15 अगस्त, 2024

## नंगली विहार छठ घाट के पानी में डूबकर छात्र की मौत

- फ्लड विभाग की जमीन, भरा हुआ है कई फुट पानी
- मां मांग रही इंसाफ,,दोषियों के खिलाफ हो कड़ी कारवाई

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



बारिश के मौसम में लगातार शासन प्रशासन की लापरवाही की वजह से लोगों की जान जा रही है। कहीं यूपीएससी का स्टूडेंट अपनी जान गंवा रहा है, तो कहीं पांचवी क्लास में पढ़ने वाला छात्र। ऐसा ही एक दर्दनाक मामला बाहरी दिल्ली के रनहोला थाना इलाके में सामने आया है। यहां के नगली बिहार के रहने वाले 9 साल के एक बच्चे की छठ घाट में भरे पानी में डूबने से मौत हो गई। वह पांचवी क्लास का स्टूडेंट था और एमसीडी स्कूल में पढ़ाई करता था। मां का और परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। मां इस मौत के लिए दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग कर रही है। अब तक दिल्ली में इस तरह से कई मौत हो चुकी है, कुछ ही दिन पहले करंट लगने से इसी थाना इलाके में एक और बच्चे की मौत हुई थी।

फ्लड डिपार्मेंट की जमीन पर छठ घाट, भरा नहीं गया

जिस छठ घाट में यह हादसा हुआ है, लोग कह रहे थे कि यह एमसीडी का है। लेकिन जब स्थानीय काउंसलर रविंद्र सोलंकी से बात की गई तो वे छठ घाट पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि यह फ्लड डिपार्टमेंट की जमीन है। इस हादसे का जो भी दोषी है, उसकी जिम्मेवारी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भराव होने की बात काफी समय से हो रही थी। यदि छठ घाट के इस गड्ढे को समय पर भर दिया गया होता और इसमें पानी नहीं भरा होता तो आज एक मां का बेटा जिंदा रहता। फ्लड डिपार्मेंट और स्थानीय विधायक को जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

रविवार को घर से निकला, सोमवार को डुबा मिला

मृतक बच्चे की पहचान यश के रूप में हुई है, उसकी मां चांदनी ने बताया कि रविवार को वह घर से निकला था। लेकिन जब काफी देर तक नहीं लौटा तो उन्होंने खोजबीन शुरू की। थाने भी जाकर शिकायत दर्ज कराई, उन्होंने फोटो मांगा और अगले दिन आने के लिए कहा। अगले दिन सोमवार की सुबह उठकर वह नाले की तरफ भागी। क्योंकि सपने में कुछ देखा और सुबह कुछ शक हुआ था। किसी ने बताया कि पानी में एक बच्चा डूबा हुआ है। चांदनी अपने डूबे हुए बच्चे को खुद निकाली।

हादसा है या हत्या इसका खुलासा पोस्टमार्टम से होगा

बाद में पुलिस ने छानबीन शुरू की, बच्चे की बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। यश की मां का यह भी आरोप है कि उसके बच्चे के चेहरे पर चोट के निशान थे। पैर का तलवा और हाथ का तलहत सुजा हुआ था, बाकी शरीर का हिस्सा ठीक था। दांत उसने भींच रखा था, मुंह पर दाग था और चेहरे पर कई निशान थे। उसे शक है कि यह हादसा है या हत्या इसकी जांच करके इंसाफ मिले। उनका बेटा बारिश के पानी में नहाने तक से डरता था और वह कैसे गड्ढे में भरे गंदे पानी में जाकर डूब गया यह चांदनी को विश्वास नहीं हो रहा है।

सीसीटीवी में कैद बच्चा छठ घाट की तरफ जाता हुआ

इस मामले में सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें यश अपने हम उम्र एक दूसरे बच्चे के साथ जाता हुआ दिखाई पड़ रहा है। पुलिस उस सीसीटीवी फुटेज से भी छानबीन कर रही है। जो बच्चा यश के साथ फुटेज में नजर आया है, उसका भी पता लगा रही है। इस मामले में डीसीपी आउटर जिमी चिराम से जानने की कोशिश की गई की पुलिस की जांच में अभी तक क्या सामने आया है, लेकिन उनकी तरफ से कोई जवाब समाचार लिखे जाने तक नहीं आया। स्थानीय विधायक से भी संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने फोन पिक नहीं किया।

## दिल्ली के 18 पुलिस और 3 फायर ऑफिसर को पदक

- नीना बर्जर हत्याकांड जांच में शामिल अउढ को भी मेडल

आग से कई जान बचाने वाले डिप्टी चीफ को भी पदक

संवाददाता



चर्चित नीना बर्जर हत्याकांड की जांच में शामिल और पश्चिमी जिला के 13 हत्याकांड को सुलझाने में अहम भूमिका निभाने वाले एसपी ऑपरेशन अरविंद कुमार सहित दिल्ली पुलिस के 18 पुलिस कर्मियों और पुलिस अधिकारियों को इस बार अलग-अलग कैटेगरी में मेडल से सम्मानित किया जा रहा है। जिसमें हेड कांस्टेबल, सहायक सब इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, इंस्पेक्टर, डीसीपी और ज्वाइंट कमिश्नर रैंक के पुलिस ऑफिसर भी शामिल हैं। एसीपी अरविंद कुमार को पहले भी वीरता पुरस्कार, उत्कृष्ट जांच के लिए होम मिनिस्ट्री का अवार्ड और बारी से पहले तरक्की मिल चुकी है।

वही तीन फायर ऑफिसरों को भी इस बार पदक दिया जा रहा है। जिसमें डिप्टी चीफ फायर ऑफिसर एस के दुआ को विशिष्ट सेवा पदक दिया जा रहा है। जबकि डिविजनल ऑफिसर संदीप दुग्गल और एडीओ मनीष कुमार को सराहनीय सेवा मेडल दिया जा रहा है।

## द्वारका में डॉक्टरों का कैंडल मार्च, श्रद्धांजलि के साथ मांग

- सेक्टर - 6 मार्केट से शुरू होकर सेक्टर - 10 तक पहुंचा
- दोषियों को फांसी, मृतक परिजनों को मुआवजे की मांग

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



द्वारका में बीती रात डॉक्टरों ने कोलकाता मामले को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया। साथ ही मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की। इस कैंडल मार्च का आयोजन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारका जिला के द्वारा आयोजित किया गया था। जिसमें दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन के स्टेट सेक्रेटरी सहित 125 से ज्यादा डॉक्टर शामिल हुए। जिसमें महिला डॉक्टर भी काफी संख्या में पहुंची थी।

क्टअ द्वारका जिला के प्रेसिडेंट डॉ. प्रीतम पंकज ने कहा कि जो माहौल दिया गया है डॉक्टर के लिए, वह कितना सही है या कितना गलत इस पर विचार करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि डॉक्टर के प्रति समाज को भी संवेदनशील होना चाहिए। क्योंकि डॉक्टर भी समाज का एक हिस्सा हैं। समाज के लिए डॉक्टर उतना ही बेहतरीन प्रयास करते रहते हैं, जितना मेडिकल साइंस तेजी से आगे बढ़ रहा है।

डॉक्टर पंकज कुमार ने कैंडल मार्च के दौरान कहा कि सरकार को पीड़ित परिवार को 50 करोड़ का मुआवजा देना चाहिए। दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलना चाहिए, जिससे एक सबक के रूप में सबको पता लगे। फास्ट ट्रैक में कोलकाता मामले की सुनवाई हो। द्वारका जिला की पूर्व अध्यक्ष डॉ. दीप माला के अलावा उद्टअ के स्टेट सेक्रेटरी डॉ. प्रकाश लाल चंदानी सहित काफी संख्या में डॉक्टर शामिल हुए। सभी ने पीड़ित परिवार को ज्यादा से ज्यादा कंपनसेशन देने की मांग की। कैंडल मार्च द्वारका सेक्टर 6 मार्केट से शुरू होकर सेक्टर 10 तक पहुंचा।

## दिल्ली के आरएमएल कॉलेज में विरोध प्रदर्शन जारी, प्रदर्शनकारियों ने की सीपीए लागू करने की मांग

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




पश्चिम बंगाल में महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के विरोध में दिल्ली के आरएमएल कॉलेज के मेडिकल छात्रों का बुधवार को भी प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शनकारी पश्चिम बंगाल में हुए दुष्कर्म के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी कुमारी अर्चना ने कहा कि यह बहुत दुखद है कि सरकार ने इस मामले में हमारी एक भी मांग पूरी नहीं की। हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद सीबीआई जांच के आदेश दिए गए हैं। केंद्रीय संरक्षण अधिनियम (सीपीए) को लेकर कोई आश्वासन नहीं दिया जा रहा है।

सरकार हमें बेवकूफ बना रही है। उन्हें लग रहा है कि हम हड़ताल खत्म कर देंगे और सरकार फिर से अपने पुराने ढर्रे पर आ जाएगी। जब तक हमें न्याय नहीं मिल जाता, हम विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। दूसरे प्रदर्शनकारी आकाश ने कहा कि हमारा विरोध अभी भी जारी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने हमें कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया है। केंद्रीय संरक्षण अधिनियम (सीपीए) कब लागू किया जाएगा, इसकी कोई जानकारी नहीं दी है। डॉक्टर अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए विरोध कर रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि हम चाहते हैं कि हमारी मांगें पूरी की जाए और हमारी व्यवस्था को सुरक्षित बनाया जाए ताकि हमारी लड़कियां, मेडिकल की छात्राएं या डॉक्टर किसी के दबाव में काम न करें। हम सीबीआई जांच का स्वागत करते हैं। यह हमारी पहली जीत है। मामले की जांच सीबीआई करेगी। हमने कल भी सबूत देखे कि अस्पताल का स्टाफ सबूतों से छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रहा है। कुछ कर्मचारी सबूतों को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। हम यह भी मांग करते हैं कि जब तक यह जांच चल रही है, तब तक वहां के सभी कर्मचारियों को हटा दिया जाए।

बता दें कि कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला जूनियर डॉक्टर के साथ कथित बलात्कार और हत्या की सीबीआई जांच का आदेश दिया है। इस मामले की जांच के लिए सीबीआई की टीम बुधवार को कोलकाता पहुंच गई। जानकारी के अनुसार, सीबीआई की टीम डॉक्टर से दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले की जांच करेगी। सात लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल आज कोलकाता पहुंचा है।

## हौजखास में 49 लाख रुपये की चोरी के मामले में घरेलू सहायिका हरियाणा से गिरफ्तार

- पुलिस को मुबारिक और घरेलू सहायिका के हरियाणा में होने का पता चला।
- पुलिस ने सुराग जुटाने के लिए घर के आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दक्षिणी दिल्ली के हौजखास में एक घर से 49 लाख रुपये की चोरी के मामले में 28 वर्षीय घरेलू सहायिका और उसके मित्र को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अंकित चौहान के अनुसार, चोरी सात अगस्त को हुई थी और अगले दिन हौजखास थाने में मामला दर्ज किया गया था। जांच के तहत पुलिस घरेलू सहायिका से पूछताछ करना चाहती थी लेकिन वह फरार थी और उसका फोन बंद था। पुलिस ने सुराग जुटाने के लिए घर के आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली।

चौहान ने कहा, महत्वपूर्ण सुराग हासिल करने के लिए अंतरराज्यीय मुखबिरों के पास घरेलू सहायिका की तस्वीर भेजी गई। संदिग्ध स्थानों पर छापे मारे गए, लेकिन वह फरार ही मिली। पुलिस ने जब उसकी कॉल रिकॉर्ड की पड़ताल की तो पता चला कि उसने बार-बार मुबारिक नामक व्यक्ति को फोन किया था। पुलिस को मुबारिक और घरेलू सहायिका के हरियाणा में होने का पता चला।

पुलिस उपायुक्त ने कहा, उसकी लोकेशन पानीपत थी। टीम ने पानीपत कर लिया। टीम ने उसके पास से चोरी हुई नकदी बरामद कर ली है। जांच के दौरान महिला ने बताया कि वह अपनी पति की मौत के बाद से शाहपुर जट में किराए के मकान में 34 वर्षीय मुबारिक के साथ रह रही थी। महिला ने कहा कि वह बीते एक साल से संबंधित घर में रसोइये के तौर पर काम कर रही थी।

## स्व.श्री देवेंद्र चंदेल मेमोरियल कप में जीएमसीसी ने नवेद अयाज इलेवन को चार विकेट से हराया




प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। शहर के मिनी स्टेडियम में स्व.श्री देवेंद्र चंदेल मेमोरियल कप का दूसरा मैच बुधवार को घेर मुनाफ क्रिकेट क्लब (जीएमसीसी) बनाम नवेद अयाज इलेवन के बीच खेला गया। जीएमसीसी के कप्तान असद जानू ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी नवेद अयाज इलेवन की टीम ने निर्धारित तीस ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 140 रन बना सकी। अजहर मंसूरी ने 63 व अनस अंसारी ने 17, अनवर ने 13 रन बनाए। जीएमसीसी के गेंदबाज अजहर अब्बासी ने तीन, नावेद आमिर ने दो, सलमान, आसिफ व हाफिज उमैर ने एक-एक विकेट हासिल किया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी जीएमसीसी ने 27 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 141 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। नसीम ने 71 रन, अकरम 17, हमजा ने 11 रन बनाए। फैजान लेफ्टी ने दो, शानू, दानिश, शुऐब व अनस ने एक-एक विकेट लिया। शानदार गेंदबाजी करने पर जीएमसीसी के गेंदबाज अजहर अब्बासी को मैन ऑफ द मैच दिया गया। अंपायरिंग की भूमिका नौशाद अली व सेंटी गुप्ता ने निभाई। इस दौरान परवेज पाशा, नजम अली, मौ. नूर, रजन अजगर, शाहजाद फारूक, दीपनकुर, मुकर्रब, शादमान जैदी, आरिफ मसूद, तारिक चीना, अमीन राइनी, नदीम माल्या, मुज्जम्मिल सिद्दीकी, शाहरुख पठान, करन यादव, नदीम मालिक, मोइन उल हक, फराज सिद्दीकी सहित काफी तादाद में लोग मौजूद रहे।

## दिल्ली के 357गावों को आजादी कब मिलेगी ?

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली मूल ग्रामीण पंचायत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी शिक्षाविद् डॉ.दयानंद वत्स भारतीय ने देश के हुक्मरानों से कहा है कि दिल्ली के राजस्व रिकार्ड में स्थापित 357 गांवों में बसे लाखों लोगों को देश की आजादी के 77सालों बाद भी आजादी नहीं मिली है, दिल्ली के गांवों को अब आजादी चाहिए। सभी गांवों को लाल डोरे में कैद किया हुआ है। घर का मुखिया अपनी ही पैतृक संपत्ति को अपने बच्चों के नाम म्यूटेशन नहीं कर सकता। सरकार ने इस सालों से रोक लगा रखी है। उपराज्यपाल ने गांव वालों की सहमति के बिना सभी गांवों की ग्राम सभा की भूमि डीडीए को सोपा दी। दिल्ली के किसानो की जमीन उनकी मर्जी के बिना ओने पौने दाम पर खरीद कर डीडीए डीडीए मुनाफा कमा रहा है। बरवाला गांव की एक एकड़ जमीन डीडीए ने मात्र 25 लाख रुपए प्रति एकड़ जबरन ली आज उसी जमीन पर रोहिणी सेक्टर के 34 ,35, 36 बसाए जाने है वहां 60 मीटर के प्लांट की कीमत डेढ़ करोड़ है। दिल्ली के किसी भी गांव के लोगों के पास उनकी संपत्ति का मालिकाना हक तक सरकार ने आजादी के 77 सालो बाद भी नहीं दिया है। जबकि हरियाणा में स्वामित्व योजना लागू है ओर प्रदेश के गांवों को लाल डोरा फ्री कर दिया गया है। स्वामित्व प्रमाण पत्र ना होने से गांवों की आबादी को बिजली और पानी के कनैक्शन नहीं दिए जा रहे हैं। लैंड पूलिंग की पालिसी को किसान खारिज कर चुका है बावजूद उसके किसान पर लैंड पूलिंग में शामिल होने का दबाव बनाया जा रहा। सरकार अपनी मनमर्जी से दिल्ली के गांवों में कूड़ा डंपिंग ग्राउंड बनाकर यहां बसी आबादी का जीवन नर्क बना रही है। पिछले एक साल से 900 करोड़ खर्च कर दिल्ली के गांवों का कायाकल्प करने की बातें भी धरातल पर नहीं दिखती। ग्राम सभा की जमीन गांवों के उपयोग के लिए थी लेकिन जब से उसे डीडीए को सोंपा गया है तब से गांवों के लोग सदमे में हैं। उनकी जायज समस्याओं का समाधान करना तो दूर कोई उनकी बात सुनना तक नहीं चाहता।

ऐसे में हम कैसे कहें कि हम आजाद हैं? हम पहले अंग्रेज वायसराय के गुलाम थे ओर आजादी के बाद दिल्ली के लाट साहब माननीय उपराज्यपाल के। यह हाल तब है जब दिल्ली देश की राजधानी है। केंद्र की सरकार यहीं से चलती है। सारा सिस्टम ही कैद किया हुआ है। 77 सालो बाद भी दिल्ली के 357 गावो के लाखों ग्रामीण आज भी गुलाम हैं। अब यह सूरत बदलनी ही चाहिए।

## कर्ज और अवसाद के चलते महिला ने फंदा लगाकर दी जान



प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में सोमवार को महिला ने फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। आत्महत्या से पहले उसने एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, जिसमें उसने आत्महत्या का कारण कर्ज में डूबना बताया। पुलिस जांच में पता चला है कि महिला पिछले कुछ समय से अवसाद का शिकार थी। उसने वीडियो में बताया कि उनका पूरा परिवार कर्जदारों की वजह से काफी परेशान है। महिला ने वीडियो में कहा कि मेरी मौत के बाद मायकेवाले ससुराल के लोगों को परेशान न करे या किसी तरह के आरोप न लगाएं, क्योंकि उनका इस पूरी घटना में कोई दोष नहीं है। मामले की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव फंदे से उतारा और पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। मंगलवार को पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि सोमवार शाम करीब पांच बजे महिला द्वारा आत्महत्या की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस तत्काल चांद बाग स्थित महिला के घर पर पहुंची तो वहां महिला फंदे से लटकी मिली। जांच के दौरान महिला की पहचान 32 वर्षीय नाजिया के रूप में हुई। पता चला कि इनकी शादी करीब 17 साल पहले हुई थी और पति के अलावा इनके तीन बच्चे भी हैं। पति वर्तमान में बरोजगार है। पहले वह कबाड़ का काम करता था। इसके बाद घर में मौजूद सभी परिजनों का बयान दर्ज किया गया। पूछताछ में पता चला कि महिला पिछले काफी समय से अवसाद का शिकार थी।

## डीटीसी ने कंडक्टरों के कार्य क्षेत्र बदले, कर्मचारियों में रोष



प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। डीटीसी ने 160 कंडक्टरों के कार्यक्षेत्र बदल दिए हैं। उन्हें एक डिपो से अन्य डिपो में भेजा गया है और स्थानांतरण के आदेशों का तत्काल पालन करने के लिए कहा गया। डीटीसी कर्मचारी यूनियन ने इन स्थानांतरएण में पक्षपात का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि अधिकारियों ने कुछ चहेते कर्मचारियों को महज एक किलोमीटर के दायरे में स्थानांतरित किया है, जबकि अन्य को दूर भेजा गया। उन्होंने स्थानांतरण में समानता रखने की मांग की है। ऐसा न किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। डीटीसी कर्मचारी एकता यूनियन के पदाधिकारियों ने ट्रांसफर लिस्ट संगठन के एक्स हैंडल पर पोस्ट कर दिल्ली के मुख्यमंत्री, उपराज्यपाल, परिवहन मंत्री को भी टैग किया। यूनियन के महासचिव मनोज शर्मा का आरोप है कि कंडक्टरों ने पूर्व में अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाई थी और धरना दिया था। इससे खफा अधिकारियों ने उनका ट्रांसफर अन्य डिपो में किया है। आरोप है कि लिस्ट में 10 कर्मचारी ऐसे हैं, जिन्हें सिर्फ एक किलोमीटर के दायरे में स्थानांतरित किया है। उनका कहना है कि यह कर्मचारी एक राजनीतिक दल से जुड़े हुए हैं और इसकी वजह से उन पर मेहरबानी की गई है। यूनियन के पदाधिकारी ललित चौधरी का कहना है कि इन कर्मचारियों में से अधिकांश ऐसे हैं जो ड्यूटी करने के लिए 30 से 40 किलोमीटर का सफर कर रहे हैं। उनका कहना है कि अधिकारियों को कर्मचारियों का स्थानांतरण करना है तो सभी को समान मानकर करना चाहिए।

## केजरीवाल को राहत नहीं, सुप्रीम कोर्ट का सीबीआई को नोटिस

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाला मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से की गई गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती देने वाली और इसी मुकदमे में जमानत की मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की दो अलग-अलग याचिकाओं पर बुधवार को नोटिस जारी किया। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से 05 अगस्त को अपनी याचिका ठुकरा दिए जाने के बाद शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने उनकी याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सीबीआई को (दोनों याचिकाओं पर) अपना पक्ष रखने का निर्देश देते हुए कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई 23 अगस्त को करेगी।

पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने केजरीवाल का पक्ष रखते हुए दलील दी कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज मुकदमे में शीर्ष अदालत ने तीन मौकों पर अंतरिम जमानत दी है। उन्होंने दावा किया कि सीबीआई द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी एक प्रकार से पहले से तय थी, क्योंकि यह अनुमान था कि ईडी मामले में उन्हें जमानत मिलेगी और वह जेल से रिहा किए जाएंगे। उन्होंने इस बात पर भी आश्चर्य व्यक्त किया कि जब यूएपीए जैसे कठोर प्रावधान वाले मामले में जमानत दी जा सकती है, तो भ्रष्टाचार के मुकदमे में अंतरिम जमानत क्यों नहीं दी जा सकती।

पीठ पर श्री सिंघवी की इन दलीलों का कोई असर नहीं पड़ा। न्यायमूर्ति कांत ने पीठ की ओर से कहा, वह अंतरिम जमानत मंजूर नहीं करने जा रही है। पीठ के इस रुख के बाद श्री सिंघवी ने मुख्यमंत्री केजरीवाल के स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का जिक्र करते हुए अगली सुनवाई के लिए नजदीक की तारीख मुकर्रर करने का आग्रह किया। इसके बाद पीठ ने कहा कि वह इस मामले में 23 अगस्त को अगली सुनवाई करेगी।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इस मामले में 12 अगस्त को शीघ्र सुनवाई करने का संकेत दिया था ।वरिष्ठ अधिवक्ता श्री सिंघवी और चंद्र उदय सिंह से मामले से संबंधित एक अनुरोध ईमेल के जरिए भेजने को कहा था। दोनों अधिवक्ताओं ने विशेष उल्लेख के दौरान केजरीवाल का पक्ष रखते हुए उनकी याचिका को तत्काल सूचीबद्ध का अनुरोध किया था।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने केजरीवाल के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज मुकदमा रद्द करने और जमानत के लिए दायर उनकी याचिकाएं पांच अगस्त को खारिज कर दी थी, जिसे बाद उन्होंने इस आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी ।न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की एकल पीठ ने अपना आदेश सुनाते हुए कहा था कि सीबीआई के पास मुख्यमंत्री केजरीवाल को गिरफ्तार करने का पर्याप्त कानूनी आधार था। न्यायमूर्ति कृष्णा ने कहा था, यह नहीं कहा जा सकता कि गिरफ्तारी बिना किसी न्यायोचित कारण के की गई।

उच्च न्यायालय ने तब गुण-दोष के आधार पर इस मामले में कोई निर्णय लेने से इनकार कर दिया, लेकिन निचली अदालत का दरवाजा खटखटाने की छूट दी थी। एकल पीठ ने जमानत याचिका पर कहा था कि याचिकाकर्ता को निचली अदालत जाने की छूट है। एकल पीठ के समक्ष सीबीआई ने दलील देते हुए कहा था कि आरोपी केजरीवाल भ्रष्टाचार के इस मामले सूत्रधार हैं और उनके खिलाफ इस मामले में स्पष्ट सबूत हैं।


ईडी ने 21 मार्च और सीबीआई में 26 जून 2024 को आरोपी मुख्यमंत्री केजरीवाल को गिरफ्तार किया था ।सीबीआई ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुकदमे में मार्च से न्यायिक हिरासत में बंद आरोपी मुख्यमंत्री केजरीवाल को अदालत की अनुमति के बाद 25 जून को पूछताछ और फिर 26 जून को गिरफ्तार किया था।

विशेष अदालत ने उसी दिन सीबीआई की गुहार पर उन्हें इस केंद्रीय जांच एजेंसी की तीन दिनों की हिरासत में भेज दिया था। हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद विशेष अदालत ने शनिवार 29 जून को उन्हें 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था, जिसे अदालत ने आगे बढ़ा दिया ।सीबीआई की ओर से प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाती तो केजरीवाल अब तक जेल से रिहा कर दिए गए होते। शीर्ष अदालत ने धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दर्ज मुकदमे में केजरीवाल को 12 जुलाई को अंतरिम जमानत दे दी थी। इससे पहले लोकसभा चुनाव के दौरान भी उन्हें अंतिम जमानत दी गई थी।

## नंगली विहार छठ घाट के पानी में डूबकर छात्र की मौत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता





बारिश के मौसम में लगातार शासन-प्रशासन की लापरवाही की वजह से लोगों की जान जा रही है। कहीं यूपीएससी के प्रतियोगी छात्र अपनी जान गंवा रहा है, तो कहीं पांचवी क्लास में पढ़ने वाला छात्र। ऐसा ही एक दर्दनाक मामला बाहरी दिल्ली के रनहोला थाना इलाके में सामने आया है। यहां के नगली बिहार के रहने वाले 9 साल के एक बच्चे की छठ घाट में भरे पानी में डूबने से मौत हो गई।

वह पांचवी क्लास का छात्र था और एमसीडी स्कूल में पढ़ाई करता था। मां का और परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। मां इस मौत के लिए दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग कर रही है। अब तक दिल्ली में इस तरह से कई मौतें हो चुकी हैं। कुछ ही दिन पहले करंट लगने से इसी थाना इलाके में एक और बच्चे की मौत हुई थी।

जिस छठ घाट में यह हादसा हुआ है, लोग कह रहे थे कि यह एमसीडी का है। लेकिन जब स्थानीय काउंसलर रविंद्र सोलंकी से बात की गई तो वे छठ घाट पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि यह फ्लड विभाग की जमीन है। इस हादसे का जो भी दोषी है, उसको जिम्मेवारी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भराव होने की बात काफी समय से हो रही थी। यदि छठ घाट के इस गड्ढे को समय पर भर दिया गया होता और इसमें पानी नहीं भरा होता तो आज एक मां का बेटा जिंदा रहता। फ्लड डिपार्मेंट और स्थानीय विधायक को जिम्मेदारी लेनी चाहिए। मृतक बच्चे की पहचान यश के रूप में हुई है, उसकी मां चांदनी ने बताया कि रविवार को वह घर से निकला था। लेकिन जब काफी देर तक नहीं लौटा तो उन्होंने खोजबीन शुरू की। थाने भी जाकर शिकायत दर्ज कराई, उन्होंने फोटो मांगा और अगले दिन आने के लिए कहा। अगले दिन सोमवार की सुबह उठकर वह नाले की तरफ भागी। क्योंकि सपने में कुछ देखा और सुबह कुछ शक हुआ था। किसी ने बताया कि पानी में एक बच्चा डूबा हुआ है। चांदनी अपने डूबे हुए बच्चे को खुद निकाला।

बाद में पुलिस ने छानबीन शुरू की। बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। यश की मां का यह भी आरोप है कि उसके बच्चे के चेहरे पर चोट के निशान थे। पैर का तलवा और हाथ का तलहत सूजा हुआ था, बाकी शरीर का हिस्सा ठीक था। दांत उसने भींच रखा था, मुंह पर दाग था और चेहरे पर कई निशान थे। उसे शक है कि यह हादसा है या हत्या इसकी जांच की जाए ताकि उसे इंसाफ मिले। उनका बेटा बारिश के पानी में नहाने तक से डरता था और वह कैसे गड्ढे में भरे गंदे पानी में जाकर डूब गया यह चांदनी को विश्वास नहीं हो रहा है।

इस मामले में सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें यश अपने हम उम्र एक दूसरे बच्चे के साथ जाता हुआ दिखाई पड़ रहा है। पुलिस उस सीसीटीवी फुटेज से भी छानबीन कर रही है। जो बच्चा यश के साथ फुटेज में नजर आया है, उसका भी पता लगा रही है। इस मामले में डीसीपी आउटर जिमी चिराम से जानने की कोशिश की गई की पुलिस की जांच में अभी तक क्या सामने आया है, लेकिन उनकी तरफ से कोई जवाब समाचार लिखे जाने तक नहीं आया। स्थानीय विधायक से भी संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## संक्षिप्त खबरें

### धरधरिया डेमः काला पंचायत के किसानों ने कियर मांग

जमुई जब पूरा देश प्रगति के साथ ही साथ आजादी के अमृत महोत्सव का जश्न मना रहा है। वहीं काला पंचायत, जमुई के किसान आज भी पानी के लिए तरस रहे हैं। धारधरिया डेम और उसकी नहरों से उम्मीदें तो थीं, लेकिन लघु जल संसाधन विभाग जमुई बिहार की लापरवाही ने उन्हें निराश कर दिया है। अब, किसानों को अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों पर भरोसा नहीं रहा। वे भगवान और बारिश की बूंदों पर निर्भर हो गए हैं। भारी बारिश ने बची-खुची धान की खेती को तो सहारा दिया है। लेकिन ये सवाल उठता हैः क्या यही है किसानों की आजादी? अब काला पंचायत सहित प्रखंड वासियों ने स्थानीय सांसद अरुण भारती और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान का ध्यान आकृष्ट कर धरधरिया डेम का जिर्णोद्धार करने की मांग करती है।अब देखना यह है कि क्या किसानों की दूरदशा पर मरहम लगाने हेतु केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान क्या कदम उठाते हैं

### राम कथा का श्रवण मंगलकारी होता है - साध्वी प्रिया प्रियदर्शनी



इसुआपुर ।सुंदरकांड पूजा पाठ परिवार जीएसपी ज्वेलर्स इसुआपुर के सौजन्य से मंगलवार को इसुआपुर गांव में सुंदरकांड के वार्षिक उत्सव के अवसर पर जलालपुर से पधारी शिक्षिका सुश्री साध्वी प्रिया प्रियदर्शनी ने कहा कि श्री राम कथा का श्रवण मंगलकारी होता है वहीं अमंगल को हरने वाला है। कार्यक्रम की शुरूआत रामजतन सिंह कुशवाहा के गाए भजन ह्य गाइए गणपति जगवंदन ह्य से हुई। उन्होंने दुख विपत्ति का कारण चौपाई के माध्यम से बताया कि ह्य कह हनुमान विपत तब सोई। जहां तप सुमिरन ना कोई। वहीं सत्संग की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि संसार के सभी सुखों को एक पल्ला पर रख दिया जाए तब भी सत्संग का पलरा उससे भारी पड़ेगा।

# गिद्धौर में खुला जमुई जिले का पहला 'दीदी अधिकार केंद्र'



● दीदी अधिकार केंद्र की स्थापना का मुख्य उद्देश्य जीविका समूह से जुड़ी दीदियों या अन्य महिलाओं को किसी भी प्रकार की घरेलू हिंसा या लैंगिंग भेदभाव की रोकथाम एवं अधिकार से सम्बधित कार्यों में मदद की जाएगी

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई जिले का पहला ह्यदीदी अधिकार केंद्रह्य की स्थापना गिद्धौर प्रखंड कार्यालय परिसर में की गई बुधवार 14 अगस्त को ह्यदीदी अधिकार केंद्रह्य का शुभारम्भ उप विकास आयुक्त, सुमित कुमार एवं डीपीएम जीविका संजय कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गयो इस केंद्र की स्थापना से महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग करना एवं सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाना अब और आसान हो जाएगा। जिसके लिए इस केंद्र की स्थापना की गई है प्रखंड कार्यालय परिसर में इस केंद्र की स्थापना से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पाने हेतु महिलाओं को अनावश्यक भागदौड़ का सामना नहीं करना पड़ेगा। महिलाओं को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु ह्यदीदी अधिकार केंद्रह्य समन्वय का काम करेगा। ह्यदीदी अधिकार केंद्रह्य की स्थापना का मुख्य उद्देश्य जीविका समूह से जुड़ी दीदियों या अन्य महिलाओं को किसी भी प्रकार की घरेलू हिंसा या लैंगिंग भेदभाव की रोकथाम एवं अधिकार से सम्बंधित कार्यों का निष्पादन किया जायेगो कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक सामाजिक विकास रविन्द्र कुमार एवं बीपीएम गिद्धौर रणधीर कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गयो

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित के साथ की गई दीप प्रज्ज्वलन के बाद सभी आगत अतिथियों का स्वागत बुके देकर किया गयो तत्पश्चात जीविका दीदियों के द्वारा स्वागत गान गाया गयो उप विकास आयुक्त सुमित कुमार ने अपने संबोधन में सभी जीविका दीदियों एवं कर्मियों को इस केंद्र की स्थापना के लिए धन्यवाद दिए और जीविका दीदियों को नारीशक्ति का प्रतीक बतायो उन्होंने कहा की ह्यदीदी अधिकार केंद्रह्य की शुरुआत हो जाने से, यहां जीविका समूह से जुड़ी दीदियों या अन्य महिलाओं को किसी भी प्रकार की घरेलू हिंसा या लैंगिंग भेदभाव की रोकथाम हेतु उन्हें सभी प्रकार की मदद पहुंचाई जाएगी। लेकिन इस केंद्र का लाभ उठाने से पहले आपको अपने में आत्मविश्वास पैदा करना होगा अगर कोई आपके आत्मसम्मान को चोट पहुंचाए, तो उसके खिलाफ आवाज उठायें आज जो महिलाये घर की दहलीज को पार कर चुकी हैं, वह आज सभी तरह के कार्य करने में सक्षम हैं चूकि जीविका बिहार सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है और वह महिलाओं के उत्थान के लिए ही कार्य करती है और इसी को ध्यान में रखते हुए ह्यदीदी अधिकार केंद्रह्य खोला गया है पीड़ित महिलाओं को इस केंद्र के माध्यम से आपनी बात रखने में आसानी होगी डीपीएम जीविका संजय कुमार ने अपने जिले में जीविका के द्वारा की जा रही गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा की ह्यदीदी अधिकार केंद्रह्य का खुलना आने वाले समय में एक नया अध्याय बनकर उभरेगो कार्यक्रम में अंचलाधिकारी,आरती भूषण, बीडीओ, सुनील कुमार के द्वारा भी सरकारी योजनाओं की मदद पहुँचाने का आश्वासन दिया गयो प्रखंड परियोजना प्रबंधक रणधीर कुमार सिंह के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम की समाप्ति की गई गिद्धौर प्रखंड परिसर स्थित एक भवन में संचालित ह्यदीदी अधिकार केंद्रह्य पर महिलाओं के लिए बैठने की व्यवस्था की गई है इस अधिकार केंद्र में एक को-ऑर्डिनेटर के रूप में राजनन्दनी जीविका दीदी का चयन किया गया है, जो सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे कार्यालय में मौजूद रहेंगी इसके साथ ही तीन सक्षमा दीदी का भी चयन किया गया है, जो ग्राम-पंचायतों में अपने घरों में हो रही हिंसा की शिकार महिलाओं को इस केंद्र में लाने का प्रयास करेंगी इस अवसर पर प्रबंधक सामाजिक विकास रविन्द्र कुमार, प्रबंधक संचार सुनीता कुमारी, प्रबंधक-रोजगार सह प्रखंड मैनेजर सुजीत कुमार, बीपीएम गिद्धौर रणधीर कुमार सिंह, क्षेत्रीय समन्वयक सौरभ कुमार सुमन, सामुदायिक समन्वयक सुजीत कुमार, बिभा कुमारी, रविरंजन कुमार, राजू चौधरी, जितेन्द्र कुमार, धीरेन्द्र कुमार, नारीशक्ति संकुल संघ अध्यक्ष रीना रानी, संकल्प संकुल संघ अध्यक्ष सरिता देवी दीदी अधिकार केंद्र को-ऑर्डिनेटर राजनंदनी, सक्षमा दीदी राखी, कौशल्या, रिंकी, संकुल संघ की अध्यक्ष दीदी सहित अन्य जीविका दीदी उपस्थित थी यह अधिकार केंद्र नारीशक्ति जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति द्वारा संचालित है

# लीड ग्रुप सर्वेक्षण ने एनसीएफ दिशानिर्देशों को दी मान्यता

## लीड ग्रुप ने द पल्स ऑफ स्कूल लीडर्स सर्वे किया जारी

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। भारत के अग्रणी स्कूल एडटेक लीड ग्रुप ने एक नया अध्ययन द पल्स ऑफ स्कूल लीडर्स सर्वे जारी किया है, जो भारत में स्कूली शिक्षा की वर्तमान स्थिति का विश्लेषण करता है। इसके महत्वपूर्ण निष्कर्षों में से एक यह है कि जो स्कूल अपने छात्रों को मल्टीमॉडल शिक्षा प्रदान करते हैं, वे खुद को उन स्कूलों से बेहतर मानते हैं जो केवल पाठ्यपुस्तकों जैसे पारंपरिक रूपों का उपयोग करते हैं। राष्ट्रीय सर्वेक्षण 500 से अधिक निजी स्कूलों की रेटिंग पर आधारित था, जिसमें लगभग 1.7 लाख छात्र शामिल थे। स्कूलों को चार महत्वपूर्ण छात्र सीखने के परिणामों- वैचारिक समझ, आत्मविश्वास, अंग्रेजी बोलना और शिक्षा की समग्र गुणवत्ता पर खुद को रेट करने के लिए कहा गया था। जबकि अधिकांश स्कूलों ने खुद को वैचारिक समझ और समग्र गुणवत्ता पर उच्च दर्जा दिया, छात्रों के आत्मविश्वास के स्तर और अंग्रेजी बोलने के कौशल में अंतर थे। इसके अलावा बिहार में स्कूल नेताओं के सामने सबसे बड़ी चुनौतियां अपर्याप्त शिक्षण तकनीक और अपर्याप्त शिक्षण बुनियादी ढांचा हैं। सर्वेक्षण में स्कूलों की आकांक्षाओं और चुनौतियों की भी जांच की गई। स्कूलों के सामने आने वाली शीर्ष दो चुनौतियां पर्याप्त वित्तीय संसाधनों की कमी और छात्रों के कम सीखने के कौशल हैं, जो दर्शाता है कि लोकप्रिय धारणा के विपरीत अधिकांश निजी स्कूल प्रकृति में किफायती हैं, जो निम्न और मध्यम आय वाले परिवारों की जरूरतों को पूरा करते हैं।

लीड ग्रुप के सीईओ और सह-संस्थापक सुमीत मेहता ने कहा, स्कूल हमारे भविष्य की धुरी हैं। उनकी आकांक्षाओं, उनकी चुनौतियों और वह क्या काम कर रहा है और क्या बदलने की जरूरत है, यह जानना महत्वपूर्ण है।

# श्रम अधिकार दिवस के मौके पर एक दिवसीय ग्रामीण श्रमिक प्रशिक्षण शिविर का किया जाएगा आयोजन

प्रात: किरण, संवाददाता

मुंगेर (बिहार)। श्रम अधिकार दिवस के अवसर पर एक दिवसीय ग्रामीण श्रमिक शिविर का आयोजन आगामी 21 अगस्त 2024 को श्रम संसाधन विभाग द्वारा किया जाएगा। इसकी तैयारी के लिए जिले के सभी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी से पंचायत वार इस श्रम अधिकार दिवस का एकदिवसीय ग्रामीण श्रमिक अधिकार में भाग लेने वाले श्रमिकों का विवरण उपलब्ध कराने के संबंध में श्रम अधीक्षक मुंगेर ने पत्र लिखा है। श्रम अधीक्षक कार्यालय सूत्र ने बताया कि मुंगेर जिला अंतर्गत आगामी 21 अगस्त 2024 को एकदिवसीय ग्रामीण श्रमिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाना है । जिसमें प्रत्येक पंचायत से एक-एक ग्रामीण श्रमिकों को प्रशिक्षण दिया जाना सुनिश्चित है। प्रशिक्षण शिविर में 30 प्रतिशत अनुसूचित जाति के मजदूरों की संख्या होना अनिवार्य है एवं इसमें महिला श्रमिकों की पर्याप्त उपस्थिति भी अपेक्षित है इसलिए निर्देशित है कि अपने पदस्थापन प्रभार वाले प्रखंडों के पंचायत की विवरणी एवं भाग लेने वाले श्रमिकों की सूची को तीन दिनों के अंदर श्रम अधिक्षक कार्यालय में उपलब्ध करने को कहा गया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु बैठक



प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमुई के तत्वावधान में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत जो दिनांक 14 सितंबर को आयोजित की जाएगी की तैयारी को लेकर जिला पंचायती राज पदाधिकारी एवं जमुई जिले के समस्त प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी के साथ प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन के द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से चर्चा की गई। जमुई जिले के विभिन्न पंचायत के ग्राम कचहरी अंतर्गत लंबित विवादों के निष्पादन के लिए रणनीति तैयार की गई। समस्त प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि ग्राम कचहरी में लंबित वादों को सुलह करने के लिए संबंधित पक्षकार को नोटिस निर्गत कर आपसी सहमति से मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करें। प्रत्येक ग्राम स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु कार्य करें। नोटिस का तमिला पक्षकारों को संबंधित पुलिस स्टेशन के चौकीदार के माध्यम से रिसीव करवाए। ग्राम पंचायत स्तर पर सभी सरपंच से समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण सुनिश्चित करें। समस्त अधिकारियों ने सचिव महोदय को आश्वासन दिया की वे इस राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए अपना शत प्रतिशत योगदान देंगे।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत लोगों को घर घर तिरंगा फहराने को करें जागरूक : बीडीओ

## प्रखंड कर्मी सहित जनप्रतिनिधि ने निकली तिरंगा यात्रा



प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई/ई०अलीगंजः- अलीगंज प्रखंड मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व संध्या पर बुधवार को हर घर तिरंगा अभियान प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक भारती के नेतृत्व मे चलाया गया। इस अभियान में अंचलाधिकारी रंजन कुमार दिवाकर , पीओ असलम हुसैन, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि सहित प्रखंड कर्मी एवम जन प्रतिनिधि के साथ हर घर तिरंगा फहराने को लेकर जागरूक किया गया ।वहीं इस दौरान प्रखंड मुख्यालय से तिरंगा यात्रा निकाला गया जो प्रखंड मुख्यालय से अलीगंज बाजार होते हुए मगरोहर पथ जाकर वापस मुख्व्यलय में संपन्न हुआ। बीडीओ अभिषेक भारती ने सभी उपस्थित जनप्रतिनिधि एवम प्रखंड कर्मी को हर घर तिरंगा अभियान के तहत हर घर एक तिरंगा फहराने को जागरूक करते हुए कहा की स्वतंत्रता दिवस को मानने को लेकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है,जिसे राष्ट्रीय ध्वज के प्रति लोगो मे गौरव की भावना का संचार हो सके और हर व्यक्ति अपने घर में शान से 15 अगस्त को तिरंगा फहराए ।जिससे देश का मान बढ़े और हर घर तिरंगा अभियान सफल हो सके। वहीं सीओ रंजन कुमार दिवाकर ने बताया कि देश की आन बान और शान तिरंगा को जब हाथो में लेते है तो सभी देशवासियों के लिए गौरव का क्षण होता है, पीओ असलम हुसैन ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत हम लोगो को हर घर में तिरंगा लगाना हैं इसी को लेकर जागरूक करना है वह अपने देश के स्वाधीनता दिवस को एक त्योहार के रूप में मनाए और अमर वीर बलिदानियों को याद करें वहीं इसी जागरूकता को लेकर पूरे पदाधिकारी सहित प्रखंड कर्मी के बीच हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि मुकेश यादव , मुखिया दिलीप रावत , मुखिया प्रतिनिधि वाई पी सुमन , सरपंच राजेश मालाकार , राजस्व कर्मचारी धनराज सिंह , चंदू पासवान , प्रवीन कुमार , संजय महतो , रजाउल हक , रघुनंदन प्रसाद यादव , अबोध कुमार , गौतम कुमार ,जितिष मेहता,सनोज कुमार,सोनू कुमार,राकेश कुमार, मोहित कुमार,बिपिन कुमार, मो परवेज मुशर्रफ , संतोष कुमार सहित प्रखंड कर्मी एवम अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे

# बाढ़ के पानी से ग्रामीण खुले आसमान के नीचे जीवन गुजार रहे हैं

प्रात: किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर)। बरियारपुर प्रखंड के नीरपुर पंचायत के लालजी टोला गांव के घर मे बाढ के पानी घुस जाने सेंकड़ों घर तवाह हो गया है। इस सम्बन्ध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि वे लोग रेलवे के पटरी पर जान जौखिम में डालकर जीवन यापन कर रहें हैं ।यहां खुले आकाश के नीचे परिवार के साथ जिंदगी को गुजरना पड़ रहा है। बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों का कहना है कि किसी भी वक्त मौत दरवाजे पर आ पहुंचे यह किसी को पता नहीं है। खैर गौरतलब है कि उपर से भगवान इंद्र अपनी आंखें बन्द किये है नही तो वारिस के पानी से भीग कर रहनी पड़ती।

# सहरसा और सुपौल के मध्य चलायी जा रही मेमू पैसेंजर के समय सारणी में बदलाव

हाजीपुर। तकनीकी कारणों से 15 अगस्त से सहरसा और सुपौल के मध्य चलायी जा रही 05279/05280 सहरसा-सुपौल-सहरसा मेमू पैसेंजर के समय-सारणी में संशोधन(बदलाव) किया जा रहा है । 15 अगस्त से गाड़ी सं 05279 सहरसा-सुपौल मेमू पैसेंजर सहरसा से 04.45 बजे खुलकर 04.58 बजे पंचगछिया, 05.08 बजे गढ़बरूआरी रूकते हुए 05.30 बजे सुपौल पहुंचेगी ।

# बिहार के लिए बेहतर जनसुराज से- प्रशांत किशोर



प्रात: किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। बुधवार को जनसुराग अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर अपने एकदिवसीय यात्रा पर तारापुर के गाजीपुर पहुंचे । विधानसभा क्षेत्र तारापुर में घुसते ही उनके हजारों से अधिक कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत बुके माला देकर किया । गौरतलब है कि तारापुर खड़गपुर असरगंज टेटिया बंबर एवं संग्रामपुर प्रखंड क्षेत्र से आए पुरुष एवं महिला कार्यकताओं ने ईदगाह मैदान गाजीपुर की सभा में शांतिपूर्वक बैठकर इनके बातों को पूरी तरह से सुनकर अति उत्साहित हो उठे ।कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए इन्होंने राजद जदयू एवं भाजपा के खिलाफ जमकर हमला बोलते हुए कहा कि साल भर बाद बिहार विधानसभा के चुनाव में जनसुराज का सीधा मुकाबला एनडीए से होगा ।राज्य में जदयू विधानसभा का 20 सीट भी नहीं जीत पाएगी । कार्यक्रम में उपस्थित आप सबों ने कभी भाजपा के डर से राजद को तो कभी राजद के डर से जदयू एवं भाजपा को वोट किया है ,पर आप कभी भी अपने बच्चों की बदहाली को खुशहाली में बदलने को लेकर वोट नहीं किया है ।जिसके कारण आज आपका बच्चा अशिक्षित बेरोजगार मजदूर और किसान फटेहाल जैसा जीवन जी रहा है । आगे कहा कि मैं आपसे वोट मांगने नहीं आया हूं बल्कि आपकी बेहतरी के लिए मैंने पिछले दो वर्षों से बिहार के लगभग 2000 से अधिक ग्रामीण क्षेत्र का पैदल पदयात्रा कर कुछ संदेश एवं मंत्र आपके बीच बताने आया हूं की आने वाले समय में आप मोदी नीतीश एवं लालू के चेहरा पर वोट देंगे, या फिर अपने बच्चों को देखकर बिहार में जनता का राज स्थापित हो इसके लिए वोट देंगे यह सुनिश्चित करने एवं कराने आपके बीच आया हूं ।जहां एक स्वर से पंडाल में बैठे उनके समर्थकों ने विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में बिहार में जात पात से ऊपर उठकर जनता का राज स्थापित हो इसके लिए वोट करेंगे । आगे कहा कि अगले साल बिहार में आपके वोट से जनता का राज स्थापित होगा तो विश्वास दिलाता हूं कि आपके बच्चों को रोजी रोजगार शिक्षा बेहतर चिकित्सा व्यवस्था के लिए बिहार से बाहर नहीं जाना होगा । आप संकल्प लीजिए और लालू नीतीश एवं भाजपा से बिहार को मुक्ति दिलाइए । कार्यक्रम में जनसुराज के हजारों कार्यकर्ता सभा में मौजूद थे ।

# डीएम ने विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान में आवासित बालक को दत्तक ग्रहण में दिया

प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर। आज जिला पदाधिकारी , वैशाली के द्वारा विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान हाजीपुर में आवासित लगभग 6 वर्ष के एक बालक को दत्तक ग्रहण पूर्व पालक देख रेख (प्री एडॉप्सन फोस्टर केयर) में सौंपा गया। जिला बाल संरक्षण इकाई, वैशाली के द्वारा संचालित विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान में लगभग 1 वर्ष पूर्व उक्त बालक को बाल कल्याण समिति वैशाली के आदेश से आवासित किया गया था। पातेपुर थाना को उक्त बालक भटकते अवस्था में मिला था। तत्पश्चात उसे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के एडॉप्शन की साइट पर पंजीकृत करवा दिया गया। उसके माता-पिता की खोज करने के लिए समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशन करवाया गया था। उसके माता-पिता की खोज करने के लिए बालक का आधार कार्ड भी बनवाया गया लेकिन उसके घर का पता नहीं चल पाया। निर्धारित अवधि तक कोई दावेदार उपस्थित नहीं होने के बाद उसे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका 2022 के प्रावधानों के आलोक में समस्त प्रक्रिया पूर्ण कर दत्तक ग्रहण हेतु प्रदान किया गया है। पेशे से व्यापारी कुशीनगर उत्तर प्रदेश के दम्पत्ति को पंजीकरण के लगभग 8 वर्ष बाद उनकी बारी आने पर वेबसाइट के माध्यम से ईमेल पर सूचना दी गई।

उनके द्वारा बालक को दत्तक ग्रहण में लेने हेतु सहमति दी गई, जिसके पश्चात आज दत्तक ग्रहण कमिटी की बैठक में दम्पति के द्वारा समर्पित प्रमाण पत्रों एवं दत्तक ग्रहण हेतु उनके अभिरुचि की जांच की गई और उन्हें दत्तक ग्रहण के लिए उपयुक्त पाया गया। इसके बाद अब जिला दंडाधिकारी के न्यायालय में कोर्ट ऑर्डर के लिए आवेदन किया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा दत्तक ग्रहण आदेश जारी करने के पश्चात ही दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण होगी ।जिला पदाधिकारी ने बालक को उपहार भी प्रदान किए। इस अवसर पर सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई वैशाली, बाल संरक्षण पदाधिकारी, दत्तक ग्रहण संस्थान की समन्वयक तथा अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# दो बच्चों की मां की अपराधियों ने घर घुस कर की निर्मम हत्या

## पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर कर रही है पूछताछ

प्रात: किरण, संवाददाता



महुआ ।महुआ थाना क्षेत्र के महुआ नगर परिषद क्षेत्र के महुआ मुकुंदपुर में बदमाशों ने किराये के मकान में रह रही दो बच्चों की मां की धारदार हथियार से रेतकर हत्या कर दी ।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया वही इलाके में सनसनी फैल गई ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंससिक टीम द्वारा जांच पड़ताल करने के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर में भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार सराय थाना क्षेत्र के बोअरिया निवासी विपिन कुमार सिंह दवा व्यवसायी बीते कई वर्षो से अपनी पत्नी ब्यूटी कुमार उम्र करीब 27 वर्ष व दो बच्चों के साथ पुरानी बाजार महुआ में हरेंद्र कुमार के मकान में किराया लेकर रहते थे ।जहां मंगलवार की रात्रि 9 से 10 बजे के करीब बदमाशों ने घर में घुंसकर धारदार हथियार से गला समेत शरीर के कई अन्य जगहों पर काटकर हत्या कर दी ।इस दौरान बदमाश शव बाथरूम में रखने के बाद आसानी से भाग निकले ।जब महिला के पति बाजार से दुकान बंद कर डेरा पर पहुंचा तो पत्न ी की शव देखकर दंग रह गया ।महिला की संदिग्ध स्थिति में हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। वही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वही सूचना मिलने पर दल बल के साथ पहुंचे थानाध्यक्ष सुभाष प्रसाद ने कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिय सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया। फिलहाल पुलिस विभिन्न बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए मामले जांच पड़ताल कर रही है। वही पुलिस ने विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि इस मामले में मृतका के देवर और उनके पुराने नौकर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# सदर थानान्तर्गत घटित हत्याकांड का सफल उदभेदन, प्रेमिका के भाई ने ही की थी हत्या

प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर। दो दिन पूर्व सदर थानान्तर्गत दिग्धी कला पूर्वी में हुई युवक हत्याकांड में घटना का उद्वेदन करते हुए अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है ।वैशाली के आरक्षी अधीक्षक हरिकिशोर राय ने प्रेस वार्ता करते हुए जानकारी दिया कि दो दिन पूर्व सदर थानान्तर्गत दिग्धी कला पूर्वी में शिवानंद कुमार पे०-युगलकिशोर राय की हत्या अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा कर दी गई थी। उक्त हत्या में शामिल अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु उनके द्वारा एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमे अनु०पु०पदा० सदर, हाजीपुर, जिला आसूचना इकाई वैशाली एवं सदर थाना पुलिस को शामिल किया गया। उक्त गठित टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि शिवानंद हत्याकांड में शामिल अपराधकर्मी मलमल्ला चेंवर में नहर पुल के पास किसी अपराध की घटना को अंजाम देने के उद्येश्य से एकत्रित हुए है। उक्त गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए जब उक्त स्थल पर पहुँचा गया तो पुलिस को देखकर सभी अपराधकर्मी भागने लगे, जिसे साथ के सशस्त्र बल के सहयोग से भागते हुए अपराधकर्मी नीरज कुमार और विकेश कुमार को पकड़ लिया गया। अन्य अपराधकर्मी भागने में सफल रहे ।पकड़ाये अपराधकर्मियों से तलाशी के क्रम में नीरज कुमार उर्फ अज्जु के पास से 01 लोडेड कट्टा, विकेश कुमार उर्फ विक्सी के पास से 01 लोडेड देशी कट्टा बरामद किया गया एवं इनके पास से घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया। पकड़ाये दोनों अपराधकर्मियों ने पूछ-ताछ के क्रम में सदर थानान्तर्गत शिवानंद कुमार की हत्या (सदर थाना कांड सं0-567/24) में अपनी संलिप्ता स्वीकार की ।एसपी ने बतलाया किगिरफ्तार अपराधी विकास कुमार के बहन से मृतक का प्रेम प्रसंग चलता था ।शादी के बाद भी युवक अपनी प्रेमिका सेबात करता था इसी बात से नाराज विकास कुमार ने अपने साथियों के साथ मिलकर शिवानंद की हत्या कर दी। घटना में घटना में शामिल अन्य अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है।

# एनसीसी कैडेट्स बच्चे ने तिरंगा रैली निकाली

प्रात: किरण संवाददाता

लालगंज। जी ए उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालगंज में 32 बिहार बटालियन एनसीसी मुजफ्फरपुर के कमान अधिकारी कर्नल के के मिश्रा के निर्देश पर एनसीसी कैडेट्स ने एक झंडा रैली निकाली गई ।जिसमें विधालय के प्रधानाध्यापक पारस नाथ यादव ने हरि झंडी दिखाकर एनसीसी कैडेट्स को रवाना किया। सभी कैडेट्स विधालय प्रांगण से होते हुए लालगंज बाजार के सभी गालियों से गुजरते हुए विधालय में वापस लौट आये ।

एनसीसी पदाधिकारी टी ओ संजय कुमार ने बताया कि हर घर झण्डा, घर घर झण्डा अभियान आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर वर्ष 2022 से मनया जा रहा है ।नागरिको में एकता और गौरव को बढ़ाने के लिए भारतीय ध्वज को व्यापक प्रदर्शन और सम्मान को प्रोत्साहित किया जा रहा है ' हर भारतीय नागरिको को तिरंगा फहराने का हक है ।इस अभियान को सफल बनाने में शिक्षक गणेश सिंह, सौरभ कुमार, प्रवीण कुमार, शिक्षिका रचना कुमारी, सीमा कुमारी, मंजू कुमारी और संगीता कुमारी ने सहयोग किया ।

# मढ़ौरा में एक दुकानदार से अपराधियों ने दो लाख रुपए लूट लिए

प्रात: किरण संवाददाता

मढ़ौरा ग्रामीण मढ़ौरा में लूट की घटनाएं बढ़ती जा रही है। अपराधी बेखौफ हो कर सारण जिले के मढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अपराधियों ने एक दुकानदार से दो लाख रुपए लूट लिए। पीड़ित दुकानदार ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मुबारकपुर पुरानी बाजार पर स्थित अपनी जनरल स्टोर दुकान को जब वो और उनके भाई रात्रि में बंद कर घर जा रहे थे तभी नकाबपोश चार आदमी आएं और उनके भाई पर कट्टा तान दिए। गोली मारने की धमकी दी और दुकान से रुपये लूट कर फरार हो गए। यह घटना रात 9:30 बजे करीब की है। वहीं पीड़ित ने यह भी बताया कि पुलिस की रात्रि गश्ती यहां रोज नहीं होती है ।वहीं इस मामले में सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ.कुमार आशीष ने बुधवार को यहां बताया कि मुबारकपुर गांव निवासी जहांगीर अंसारी मंगलवार की देर रात को मुबारकपुर बाजार स्थित दुकान बंद कर घर जा रहा था। इस दौरान दो मोटरसाइकिल पर सवार चार अपराधियों ने उसे हथियार का भय दिखाकर दो लाख रुपए, दुकान की चाभी और 01 मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गए।

सम्पादकीय

# 1775 में ही पड़ गई थी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की नींव

भारतीय स्वतंत्रता का इतिहास जब-जब लिखा जाएगा, तब-तब 10 मई 1875 का दिन बड़ी श्रद्धा एवं सम्मान के साथ अंकित किया जाएगा। इस दिन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की प्रथम चिंगारी मेरठ की ब्रिटिश सेना की बैरकों में फूटी थी। वैसे भारत के इस स्वतंत्रता संग्राम की नींव तो 1775 में ही पड़ गई थी, जब झूठे आरोप मढ़कर बंगाल के महाराज नंदकुमार को फांसी पर चढ़ा दिया गया था। उनकी धन सम्पत्ति छीन ली गई थी और उन्हें सत्ताच्युत कर दिया गया था। सच तो यह है कि भारत में अंग्रेज साम्राज्य की जो सुदृढ़ इमारत भारत के पहले गर्वनर जनरल वारेन हेस्टिंग्ज के समय से खड़ी होनी शुरू हुई थी, उसकी नींव में जो पहली नरबलि चढ़ाई गई, वह महाराज नंद कुमार की थी।

हेस्टिंग्ज ने ईस्ट इण्डिया कम्पनी के डायरेक्टरों यानि अपने मालिकों की धनलिप्सा पूरी करने के लिए न्यायालय के विवेक को ताक पर रखकर जहां भी धन था, उसकी प्राप्ति के लिए धन के स्वामियों पर लोमहर्षक अत्याचार किए। वह स्वयं भी रिश्वत और घूसखोरी के आरोपों का पात्र बना। इंग्लैंड की संसद में कई सांसदों ने उसकी घोर और कटु शब्दों में निंदा की। लेकिन वारेन हेस्टिंग्ज ने बेईमानी से प्राप्त धन के बल पर इंग्लैंड के कतिपय पत्रकारों और सत्ताधीशों को खरीद लिया, और किसी तरह घनघोर अपमान से अपनी रक्षा की। कहा जाता है कि समाचार पत्रों में अपने पक्ष में लेखन और प्रकाशन पर ही उन दिनों उन्होंने बीस हजार पौंड खर्च कर दिए थे। मिथ्या आरोप लगाकर अकारण ही हेस्टिग्ज ने रूहेला सरदारों पर आक्रमण करवा दिया। रूहेलाओं को उनकी सम्पत्ति, सत्ता और धरती से वंचित कर दिया। फलस्वरूप सन्द 1773 का रेग्यूलेटिंग एक्ट पास हुआ। हेस्टिंग्ज की प्रभुता पर अंकुश लगाने के लिए चार सदस्यों की परिषद नियुक्त कर दी गई, लेकिन यह अंकुश बहुत प्रभावी नहीं सिद्ध हुआ। अवध की बेगमों और काशी नरेश राजा चेत सिंह पर आमानुषिक अत्याचार किए गए। उनकी धन सम्पत्ति ही नहीं लूटी गई, बल्कि उन्हें सत्ताच्युत भी किया गया। उन्हें घोर अपमान के कड़वे घूंट पीने पर बाध्य होना पड़ा। महाराज नंद कुमार को फांसी हेस्टिंग्ज के अनेक काले कारनामों की लंबी श्रृंखला की पहली कड़ी थी। महाराज नंद कुमार का अपराध यह था कि उन्होंने गवर्नर जनरल के बढ़ते अत्याचारों को सह न सकने के कारण हेस्टिंग्ज की पोल गवर्नर जनरल की परिषद के सामने खोल दी। यही नहीं, अपने आरोप प्रमाणित भी कर दिए। उन्होंने बतलाया कि हेस्टिंग्ज ने किस प्रकार लगभग साढ़े तीन लाख से अधिक रुपया घूस के रूप में खाया है। इससे हेस्टिंग्ज साहब आपे से बाहर हो गए और उन्होंने येन-केन प्रकारेण महाराज नंद कुमार को अपने रास्ते से हटाने की ठान ली। इसमें उनके कतिपय अंग्रेज साथियों और कुछ भारतीयों की भी सांठगांठ तथा मिलीभगत थी। हालांकि कुछ अंग्रेज विशेष रूप से सर फिलिप फ्रांसिस, वारेन हेस्टिंग्ज के कट्टर विरोधी थे, लेकिन उन्होंने भी जब महाराज नंद कुमार पर विपत्ति आयी तो सहायता देने से साफ मुंह मोड़ लिया। महाराज नंद कुमार के आरंभिक जीवन के विषय में जो कुछ लिखा गया है, उसे जान लेने से फांसी की घटना के महत्व को समझने में सरलता होगी। महाराज नंद कुमार ने बारह वर्ष की उम्र से लेकर बीस वर्ष की उम्र तक आठ वर्ष निरन्तर मुर्शिदाबाद में पं. बापूदेव शास्त्री के घर में रहकर शास्त्राध्ययन किया और फारसी पढ़ी। पं. बापूदेव कोरे सूत्र घुटाने वाले संस्कृत शास्त्री न थे। वह राजनीति, समाजनीति तथा धर्मनीति के भी पूरे पंडित थे।

## जब बंटा देश- किसने दिया था शरणार्थियों को सहारा

आर.के. सिन्हा-

मनोज कुमार को सारा देश उनकी देशभक्ति से रची-बसी फिल्मों की मार्फत बखूबी जानता है। उन्होंने एक बार बताया था कि उनका परिवार जब देश के बंटवारे के बाद सरहद के उस पार से लूटा-पिटा 1947 में दिल्ली में आया तो उनके परिवार के कई सदस्य दंगाइयों के हमलों के कारण चोटग्रस्त थे। उनका छोटा भाई बीमार था। तब उन सबका इलाज सेंट स्टीफंस अस्पताल में हुआ था। उस दौर में दिल्ली जंक्शन, जिसे पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन भी कहा जाता है, में आ रहे शरणार्थियों को दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी (डीबीएस) के वालंटियर इलाज के लिए अपने सेंट स्टीफंस अस्पताल लेकर जा रहे थे या फिर सिविल लाइंस के ब्रदरहुड हाउस परिसर में शरण दे रहे थे। देश के बंटवारे के कारण पाकिस्तान से लाखों हिन्दू और सिख शरणार्थी दिल्ली आए थे। ये ज्यादातर दिल्ली जंक्शन पर ही आते थे। तब इनके पास नए शहर में खुले आसमान के अलावा कुछ नहीं होता था। उस भीषण दौर में दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी, राष्ट्र स्वंयसेवक संघ और कुछ सिख संगठनों के कार्यकर्ता ही शरणार्थियों को मदद दे रहे थे।

दरअसल भारत के लिए हरेक स्वाधीनता दिवस दो तरह की अनुभूतियां लेकर आता है। पहला, देश को ब्रिटिश सरकार के चंगुल से मुक्ति मिल गई। इसलिए उन तमाम स्वाधीनता सेनानियों के प्रति मन में अपार श्रद्धा का भाव पैदा होने लगता है, जिनके बलिदानों की वजह से गोरे यहां से गए। दूसरा, देश को 15 अगस्त 1947 को आजादी के साथ बंटवारे का दंश भी झेलना पड़ा। भारत दो भागों में बंट गया। उस दौर में राजधानी दिल्ली में लाखों हिन्दू और सिख शरणार्थी आ गए थे। तब दिल्ली जंक्शन पर आने वालों में मिल्खा सिंह भी थे। वे आगे चलकर महान धवाक बने। देश के बंटवारे के समय इंसानियत मरी पड़ी थी। मिल्खा सिंह के माता-पिता का कत्ल कर दिया गया था। पर तब भी कुछ फर्   श्ते तो मौजूद थे ही। वे उन्हें रेल के लेडीज कूपे में छिपाकर ले आए थे। वे अपनी बहन से बिछड़ गए थे। जरा सोचिए कि अनजान और विभाजन के कारण अस्त-व्यस्त शहर में मिल्खा सिंह अपनी दंगों के दौरान गुम हो गई बहन को कैसे खोज रहे होंगे। पर उन्होंने अपनी बहन को अंततः तलाश कर लिया था।

देश की राजधानी होने के बावजूद दिल्ली विभाजन की घड़ी में उस समय, आज के मुकाबले एक छोटा सा शहर ही तो था। तब सेंट स्टीफंस अस्पताल की हेड डॉ. रूथ रोसवियर के नेतृत्व में यहां घायल और बीमार शरणार्थियों का इलाज हो रहा था। डॉ.रूथ ब्रिटिश नागरिक थीं। इस अस्पताल को दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने 1885 में खोला था। इसी ने सेंट स्टीफंस कॉलेज स्थापित किया था। अब इसने सोनीपत में सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल भी खोला है।

दूसरी ओर देखें तो करोल बाग में डॉ. एन.सी.जोशी उस संकट के दौर में दिल्ली वालों की सेवा में जुटे रहते थे। करोल बाग में 1947 के दौरान जब दंगे भड़के तो उसके शिकार डॉ.जोशी भी हो गए थे। उधर, इरविन अस्पताल (अब लोक नायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल) के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ बनवारी लाल और उनके कबूल चंद वाल्मिकी जैसे मेहनती साथियों के द्वारा रोगियों का दर्द दूर किया जा रहा था। दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी के वर्कर बहुत से रोगियों कोलेडी हार्डिंग मेडिकल अस्पताल भी इलाज के लिए लेकर जा रहे थे। तब तक नई दिल्ली एरिया का यह एकमात्र कायदे का अस्पताल था। उस दौर में इधर की प्रिंसिपल-डायरेक्टर डॉ. के.जे. मैक्डरमेट (1946-1948) और डॉ. ओ.पी.बाली (1948-1950) की देखरेख में रोगियों की भीड़ का खुशी-खुशी इलाज हो रहा था। 1947 तक इधर की छात्राएं अपना सालाना इम्तिहान देनेके लिए लाहौर जाती थीं। उनका इम्तिहान किंग एडवर्ड मेडिकल कालेज में होता था। तब ये कॉलेज पंजाब यूनिवर्सिटी का हिस्सा था। इस बीच, दिल्ली वालों की सेवा करने में डॉ. विशम्भर दास भी थे। उन्होंने सन 1922 में नई दिल्ली एरिया में बिशम्भर फ्री होम्पैथिक डिस्पेंसरी की स्थापना की और जीवनपर्यंत दीन-हीनों का इलाज करते रहे। उनके नाम पर डॉ. विशम्बर दास मार्ग है, जिसे 1965 से पहले एलेनबे रोड कहा जाता था। आपको अब भी बहुत सारे शरणार्थी परिवार मिल जाएंगे जो बताएंगे कि अगर दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े फादर इयान वेदरवेल और उनके साथियों का साथ ना मिलता तो वे कहीं के नहीं रहते। वे विभाजन के कारण सड़क पर आ गए थे। फादरवेदरवेल दिन-रात शरणार्थियों के पुनर्वास में लगे थे। 1925 में स्थापित ब्रदरहुड हाउस में हर रोज शरणार्थियों को रहने के लिए छत और गरम और ताजा भोजन मिल रहा था। वेदरवेल का भारत से सबसे पहले रिश्ता तब स्थापित हुआ था जब दूसरा विश्व महायुद्ध चल रहा था। वे ब्रिटेन की फौज में थे। पंजाब रेजीमेंट में थे। भारत के कुछ शहरों में रहे भी थे। विश्व महायुद्ध की समाप्ति के बाद उनका जीवन बदला। उनका सैनिक की नौकरी से मन उखड़ने लगा। वे युद्ध के विरूद्ध बोलने- लिखने लगे। उन्होंने जंग के कारण होने वाली तबाही को अपनी आंखों से देखा था। उससे वे विचलित रहने लगे थे। उन्हें युद्ध की निरर्थकता समझ आ गई थी।

# स्वतंत्रता दिवस पर विशेष: विदेशी भूमि पर भी लड़ी गई भारत की आजादी की लड़ाई

**भारत के गर्वनर जनरल वारेन हैस्टिंग्ज पर दोषारोपण के समय एडमण्ड ब्रूक ने हाउस ऑफ लाड्‌र्स में जब भाषण दिया था तब उन्होंने न्याय की पुकार करते हुए भारतीयों के प्रति किए जा रहे अन्यायों की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित किया था। राजा राममोहन राय ऐसे पहले भारतीय थे, जिन्होंने उननीसवीं शताब्दी के तीसरे दशक में पहली बार शासन के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। यह लड़ाई उन्होंने अपने साथियों श्री द्वारकानाथ टैगोर, प्रसन्न कुमार टैगोर के साथ 1823 के प्रेस कानूनों के खिलाफ लड़ी थी। हुआ यों कि 1823 में जब लार्ड हैस्टिंग्ज के स्थान पर जान एडम गर्वनर जनरल होकर भारत आया तब उसने एक अध्यादेश जारी कर प्रेस के लिए लायसेंस प्रणाली लागू कर दी। तब तक भारतीय भाषा के पत्र निकलने लगे थे।**

**राजा राम मोहन राय ने इस अध्यादेश का जमकर विरोध किया और अध्यादेश के विरोध स्वरूप उन्होंने अपने फारसी के साप्ताहिक पत्र मिरात-उल-अखबार का प्रकाशन बन्द कर दिया। इस विरोध को राजा राममोहन राय के साथियों और अनुयायियों ने जो यंग बंगाल के नाम से जाने जाते थे, आगे बढ़ाया। कुछ उदारवादी अंग्रेजों ने भी उनका समर्थन किया। गवर्नर जनरल को पहले एक अभ्यावेदन प्रस्तुत कर अध्यादेश को निरस्त करने की मांग की गई। 1826 में जब भारत में पहली बार जूरी व्यवस्था कोर्टों में लागू की गई, तब ईसाइयों और गैर ईसाइयों में द्वेष उत्पन्न करने के उद्देश्य से ईसाइयों को तो सभी मामलों में जूरी का सदस्य बनने की व्यवस्था की गई, परन्तु ईसाइयों के प्रकरणों के मामलों में हिन्दू या मुसलमान जूरी का सदस्य नहीं बन सकता था। राजा राम मोहन राय ने इस व्यवस्था का जमकर विरोध किया। आम जनता भी इस व्यवस्था से नाराज थी अतः सभी ने इसके विरुद्ध आवाज उठाना प्रारंभ कर दिया। सरकार को भारत में और इंग्लैण्ड में अभ्यावेदन भेजकर इस व्यवस्था में सुधार करने या इसे वापिस लेने की जोरदार मांग की गई। इंग्लैण्ड में भारत की ओर से जॉन क्राफर्ड ने यह मामला संसद में उठाया। भारत और इंग्लैण्ड दोनों जगह हो रहे लगातार आन्दोलनों के कारण आखिर 1832 में इस भेदभाव पूर्ण व्यवस्था का अंत हुआ।**



संतोष कुमार शुक्ल

हमारी राजनीतिक स्वतंत्रता और अधिकारों की लड़ाई का इतिहास काफी विस्तृत, अनूठा और पूराना है। इसके स्वरूपों में समय-समय पर परिवर्तन होते रहे हैं। 1757 में ईस्ट इंडिया कम्पनी का व्यापार जमने के बाद के कुछ वर्षों में तोकोई हलचल नहीं हो सकी, परन्तु फिर कम्पनी और अधिकारियों के खिलाफ रोष उत्पन्न होना प्रारंभ हो गया। असल में अंग्रेजों के खिलाफ अधिकारों की लड़ाई सर्वप्रथम भारत में और ब्रिटेन में भी, अंग्रेजों ने ही छेड़ी थी। इस आन्दोलन की शुरूआत इंग्लैण्ड में भी हुई, जहां सरकार को कम्पनी के कामकाज और कम्पनी के अधिकारियों की ज्यादतियों के खिलाफ प्रतिवेदन देना प्रारंभ किया गया था। भारत के गर्वनर जनरल वारेन हैस्टिंग्ज पर दोषारोपण के समय एडमण्ड ब्रूक ने हाउस ऑफ लाड्‌र्स में जब भाषण दिया था तब उन्होंने न्याय की पुकार करते हुए भारतीयों के प्रति किए जा रहे अन्यायों की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित किया था। राजा राममोहन राय ऐसे पहले भारतीय थे, जिन्होंने उननीसवीं शताब्दी के तीसरे दशक में पहली बार शासन के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। यह लड़ाई उन्होंने अपने साथियों श्री द्वारकानाथ टैगोर, प्रसन्न कुमार टैगोर के साथ 1823 के प्रेस कानूनों के खिलाफ लड़ी थी। हुआ यों कि 1823 में जब लार्ड हैस्टिंग्ज के स्थान पर जान एडम गर्वनर जनरल होकर भारत आया तब उसने एक अध्यादेश जारी कर प्रेस के लिए लायसेंस प्रणाली लागू कर दी। तब तक भारतीय भाषा के पत्र निकलने लगे थे।

राजा राम मोहन राय ने इस अध्यादेश का जमकर विरोध किया और अध्यादेश के विरोध स्वरूप उन्होंने अपने फारसी के साप्ताहिक पत्र मिरात-उल-अखबार का प्रकाशन बन्द कर दिया। इस विरोध को राजा राममोहन राय के साथियों और अनुयायियों ने जो यंग बंगाल के नाम से जाने जाते थे, आगे बढ़ाया। कुछ उदारवादी अंग्रेजों ने भी उनका समर्थन किया। गवर्नर जनरल को पहले एक अभ्यावेदन प्रस्तुत कर अध्यादेश को निरस्त करने की मांग की गई। 1826 में जब भारत में पहली बार जूरी व्यवस्था कोर्टों में लागू की गई, तब ईसाइयों और गैर ईसाइयों में द्वेष उत्पन्न करने के उद्देश्य से ईसाइयों को तो सभी मामलों में जूरी का सदस्य बनने की व्यवस्था की गई, परन्तु ईसाइयों के प्रकरणों के मामलों में हिन्दू या मुसलमान जूरी का सदस्य नहीं बन सकता था। राजा राम मोहन राय ने इस व्यवस्था का जमकर विरोध किया। आम जनता भी इस व्यवस्था से नाराज थी अतः सभी ने इसके विरुद्ध आवाज उठाना प्रारंभ कर दिया। सरकार को भारत में और इंग्लैण्ड में अभ्यावेदन भेजकर इस व्यवस्था में सुधार करने या इसे वापिस लेने की जोरदार मांग की गई। इंग्लैण्ड में भारत की ओर से जॉन क्राफर्ड ने यह मामला संसद में उठाया। भारत और इंग्लैण्ड दोनों जगह हो रहे लगातार आन्दोलनों के कारण आखिर 1832 में इस भेदभाव पूर्ण व्यवस्था का अंत हुआ।

सन 1833 में जब ईस्ट इंडिया कम्पनी के अधिकार पत्र का इंग्लैण्ड में नवीनीकरण होने वाला था, उसके पहले राजा राममोहन राय का इंग्लैण्ड जाना अनेक अर्थो में फलदायी सिद्ध हुआ। वहां जाकर उन्होंने भारत और यहां की जनता के बारे में फैलाये जा रहे भ्रमों को दूर किया और चचाओं, भाषणों और गोष्ठियों में लोगों को यह बताया कि भारतवासी दुनिया की किसी भी कौम, धर्म, संस्कृति, बौद्धिकता और प्रगतिशीलता में कम नहीं है। उन्होंने इंग्लैण्डवासियों को भारत के प्रशासन की खामियों से भी अवगत कराया। दुर्भाग्य से वहीं राजा राममोहन राय का देहावसान हो गया।

देश की सेवा के लिए उन्होंने अपनी बलि दे दी। उनके निधन के बाद कलकत्ता में 5 अप्रैल, 1934 को आयोजित सभा में यंग बंगाल के श्री रसिक कृष्ण मलिक ने बताया कि राजा राममोहन राय के प्रयत्नों के कारण ही ईस्ट इंडिया कम्पनी के चार्टर का नवीनीकरण होते समय उसमें कुछ ऐसी व्यवस्थाएं शामिल हो सकीं जो भारतीय जनता के हित की थीं। वैसे तो वे चार्टर के ही खिलाफ थे, परन्तु जो भी सीमित व्यवस्थाएं हो सकीं, उसके लिए देश सदैव राजा राम मोहन राय का ऋणी रहेगा।

तीसरे दशक में यह महसूस किया गया कि इंग्लैण्ड में एक ऐसी संस्था का होना जरूरी है जो वहां भारतवासियों की आवाज बुलंद करे। श्री रामगोपाल घोष ने राजा राममोहन राय के अंग्रेज मित्र विलियम एडम से इस संबंध में चर्चा की। श्री घोष चाहते थे कि भारत की घटनाओं की जानकारी इंग्लैण्ड भेजी जाए, जहां उनका प्रचार-प्रसार हो। एडम इंग्लैण्ड में ही भारत से जाकर बसने वाले थे। एडम इसके लिए तैयार हो गए। अतः इंग्लैण्ड में अपने मित्रों के साथ मिलकर एडम ने जुलाई 1839 में लंदन में ब्रिटिश इंडिया सोसायटी की स्थापना कर दी और इसके बैनर तले भारत का प्रचार-प्रसार होने लगा।

इस सोसायटी का लंदन में गठन होने का भारत में स्वागत किया गया, क्योंकि जो काम भारत में रहकर संभव नहीं हुआ करता था, वह प्रचार-प्रसार का कार्य मुस्तैदी से अब इंग्लैण्ड में संभव हो गया था। 1839 में ही कलकत्ता में लैंड होल्डर्स सोसायटी बनी थी। इसने यह दायित्व सम्हाला कि लंदन की सोसायटी को वह न केवल जानकारियां भेजा करेगी, वरन आर्थिक मदद भी पहुंचाएगी। लंदन की सोसायटी में भारत-हितैषी अंग्रेज सदस्य भी थे, जिसमें अनेक राजनीतिज्ञ जैसे जार्ज थामसन प्रमुख थे। लंदन की सोसायटी का 5 जुलाई 1849 में जब प्रथम स्थापना वार्षिकोत्सव मनाया गया तब उसमें अनेक प्रस्ताव पारित कर भारत की जनता का मनोबल और पक्ष पुख्ता किया गया। प्रथम प्रस्ताव में ही कहा गया कि- ब्रिटिश साम्राज्य की सरकार और जनता सभ्य समाज के प्रति भारत में वहां के स्थानीय विकास और खुशहाली के लिए अच्छे प्रशासन के लिए जिम्मेदार है। इस अवसर पर और भी अनेक प्रस्ताव पारित कर भारत में ईस्ट इंडिया कम्पनी के राज से यहां उत्पन्न हो रही बगावत की भावना के प्रति सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया। सन 1841 में ब्रिटिश इंडिया सोसायटी ने अपना एक मासिक मुखपत्र ब्रिटिश इंडियन एडवोकेट नाम से प्रकाशित करना प्रारम्भ किया। इसके संपादक विलियम एडम थे।

उन्होंने अपने प्रथम संपादकीय में लिखा कि इस मासिक पत्र का उद्देश्य इंग्लैण्ड और भारत की जनता के बीच बातचीत का माध्यम बनना है और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए यह पत्र ईमानदारी से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सहारा लेगा। सन 1842 में श्री द्वारकानाथ टैगोर जब इंग्लैण्ड में थे, तब इस सोसायटी के कार्यो को काफी बल मिला। श्री टैगोर ने इंग्लैण्ड में सोसायटी के सदस्यों को भारत में कम्पनी के प्रशासन की खामियों से भी अवगत कराया। लौटते समय श्री टैगोर जार्ज थामसन को भी अपने साथ भारत ले आए ताकि उन्हें यहां की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया जा सके। श्री थामसन भारत के सच्चे हितैषी थे अतः यंग-बंगाल के सदस्योंने इस मौके का लाभ उठाते हुए, 20 अप्रैल 1843 को कलकत्ता में बंगाल ब्रिटिश इंडिया सोसायटी की स्थापना की।

यह सोसायटी पूरे बंगाल और देश के कोने-कोने से जानकारियां एकत्रित कर उसमें से उपयोगी जानकारी लंदन की सोसायटी को भेजा करती थी ताकि वहां राजनीतिक आन्दोलन चलता रहे। इसके बाद कलकत्ता में एक लैण्ड होल्डर्स सोसायटी भी बनी थी जिसके सदस्य अधिकतर जमींदार लोग थे। इस सोसायटी ने कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं किया। सन 1853 में जब ईस्ट इंडिया कम्पनी के अधिकार पत्र के अंतिम नवीनीकरण का अवसर आया तब इसके पक्ष-विपक्ष में चचाओं का बाजार गर्म था, क्योंकि भारत की जनता कम्पनी के राजकाज से न केवल असंतुष्ट थी, वरन देश के अनेक स्थानों पर आन्दोलन पनप रहे थे। तब तक कलकत्ता की दोनों सोसायटियां भी प्रायः मरणासन्न स्थिति में आ चुकी थीं। इसी समय इन दोनों संस्थाओं के सदस्यों ने मिलकर एक नई संस्था ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन का गठन 29 अक्टूबर 1851 को किया।

# प्रकृति को भी नुकसान पहुंचा रही अधिक बारिश

**भारत में जून, जुलाई और अगस्त बारिश के महीने होते हैं और पिछले कुछ दिनों से पूरे उत्तर भारत में भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। कहीं कहीं तो बारिश ने भारी तबाही मचाई है। सच तो यह है कि बारिश देश में इन दिनों आफत बनकर बरस रही है। हाल ही में मौसम विभाग द्वारा 13 अगस्त को ही केरल, राजस्थान, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल और उत्तराखंड में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। वहीं दिल्ली में 16 अगस्त तक मध्यम से तेज बारिश की चेतावनी जारी की गई है। लगातार बारिश के कारण देश में निचले इलाकों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है, वहीं बारिश के कारण सड़कों को भी बहुत नुकसान पहुंचा है। देश के विभिन्न हिस्सों में अनेक सड़क मार्गों पर इन दिनों ट्रैफिक जाम की समस्या पैदा हो गई है। हिमाचल प्रदेश से लेकर केरल तक बारिश कहर बरपा रही है। पंजाब, उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली, पूर्वी राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, झारखंड, पूर्वोत्तर भारत, केरल, तमिलनाडु, और दक्षिण कर्नाटक में इन दिनों बारिश का दौर जारी है। रह-रहकर कहीं हल्की तो कहीं मध्यम और तेज बारिश हो रही है। नदियां और नालें इन दिनों उफान पर बह रहे हैं। सच तो यह है कि बारिश हमारे देश के नगर नियोजन की पोल खोलती नजर आती है। आज देश में अनेक सड़कों पर तीन से चार फीट तक पानी जमा नजर आ रहा है। महानगरों से लेकर छोटे शहरों, गांव गलियों, चौराहों तक का बुरा हाल है।**

-सुनील कुमार महला-

भारत में जून, जुलाई और अगस्त बारिश के महीने होते हैं और पिछले कुछ दिनों से पूरे उत्तर भारत में भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। कहीं कहीं तो बारिश ने भारी तबाही मचाई है। सच तो यह है कि बारिश देश में इन दिनों आफत बनकर बरस रही है। हाल ही में मौसम विभाग द्वारा 13 अगस्त को ही केरल, राजस्थान, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल और उत्तराखंड में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। वहीं दिल्ली में 16 अगस्त तक मध्यम से तेज बारिश की चेतावनी जारी की गई है। लगातार बारिश के कारण देश में निचले इलाकों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है, वहीं बारिश के कारण सड़कों को भी बहुत नुकसान पहुंचा है। देश के विभिन्न हिस्सों में अनेक सड़क मार्गों पर इन दिनों ट्रैफिक जाम की समस्या पैदा हो गई है। हिमाचल प्रदेश से लेकर केरल तक बारिश कहर बरपा रही है। पंजाब, उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली, पूर्वी राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, झारखंड, पूर्वोत्तर भारत, केरल, तमिलनाडु, और दक्षिण कर्नाटक में इन दिनों बारिश का दौर जारी है। रह-रहकर कहीं हल्की तो कहीं मध्यम और तेज बारिश हो रही है। नदियां और नालें इन दिनों उफान पर बह रहे हैं। सच तो यह है कि बारिश हमारे देश के नगर नियोजन की पोल खोलती नजर आती है। आज देश में अनेक सड़कों पर तीन से चार फीट तक पानी जमा नजर आ रहा है। महानगरों से लेकर छोटे शहरों, गांव गलियों, चौराहों तक का बुरा हाल है।

हिमाचल में यह हाल है कि अचानक भारी बारिश के कारण पांच राष्ट्रीय सड़क मार्ग बंद हो गए और हिमाचल में 288 विभिन्न सड़कें बंद हो गई। उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्य में बारिश के दौरान अनेक सड़कें अवरूद्ध हो जाती हैं, जिससे आमजन को बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। केरल के वायनाड में जान-माल को हाल ही में काफी नुकसान पहुंचा। केरल ही नहीं अब तो लगभग लगभग संपूर्ण उत्तर भारत बारिश की चपेट में है। मीडिया के हवाले से पता चला है कि उत्तर प्रदेश के 15 जिलों में बाढ़ आ गई है। वाराणसी में 65 घाट डूब गए हैं। जगह-जगह एनडीआरएफ को तैनात किया गया है। मध्य प्रदेश में एक तालाब फूट गया, 20 गांवों में अलर्ट जारी किया गया है। दरअसल, मध्य प्रदेश के मुरैना में तालाब फूटने से 4 गांवों में पानी घुस आया है। इधर, उत्तर प्रदेश में गंगा और यमुना उफान पर हैं। 15 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। खबरें आ रही हैं कि लखीमपुर में शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण 250 गांवों में पानी भर गया है और करीब 2.50 लाख लोग प्रभावित हैं। हिमाचल प्रदेश के चंबा में सोमवार (12 अगस्त) को पहाड़ी से पत्थर गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। इतना ही नहीं, यह भी खबरें आई हैं कि हिमाचल प्रदेश में लैंडस्लाइड-बाढ़ के कारण शिमला-किन्नौर सहित 2 नेशनल हाईवे और 195 सड़कें बंद हैं। ऊना में 11 अगस्त को 3 लड़कियां बाढ़ में बह गईं। यह बहुत ही दुखद है कि 27 जून से 12 अगस्त के बीच हिमाचल में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 110 लोग मारे गए हैं और राज्य को लगभग 1, 004 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। मध्य प्रदेश के मुरैना में टोंगा तालाब जो कि 140 साल पुराना है, फूट गया है। इससे करीब 25 गांवों में सिंचाई होती है। राजस्थान के टोंक, जयपुर व कोटा में बारिश से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। पंजाब में भी अनेक स्थानों पर बारिश आफत बनकर टूटी है। इन सबके बीच यह कहना गलत नहीं होगा कि आज संचार क्रांति का युग है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का युग है। इसका इस्तेमाल मानव जीवन व संपत्ति सुरक्षा में किया जा सकता है, लेकिन इनका सही इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है। बारिश से फसलों को भी बहुत नुक्सान पहुंचा है। हम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाते हैं और इसमें इस बात पर अनेक चचाएं और विचार विमर्श करते हैं कि आपदा प्रबंधन में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का कैसे इस्तेमाल किया जा सकता है?, लेकिन यह कड़वा सच है कि धरातल पर हम ज्यादा कुछ नहीं कर पाते हैं। हमारी अनेक योजनाएं तो कागजों तक ही सीमित रह जाती हैं।

भारत एक मानसूनी प्रदेश है, मानसून आने से पहले ही आपदा प्रबंधन नीतियों की समीक्षा, तैयारियां की कर ली जानी चाहिए ताकि समय आने पर हम ठोस कदम उठा सकें। प्यास लगने पर कुआं खोदना उचित नहीं ठहराया जा सकता है। जब तक हम जागते हैं तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। भारत में घटित होने वाली सभी प्राकृतिक आपदाओं में सबसे अधिक घटनाएँ बाढ़ की हैं। वास्तव में, इसका कारण भारतीय मानसून की अनिश्चितता है। वास्तव में, बाढ़ व बारिश के कारण समाज का सबसे गरीब तबका अधिक प्रभावित होता है। इतना ही नहीं बारिश व बाढ़ से जान-माल की क्षति के साथ-साथ प्रकृति को भी हानि पहुँचती है। बाढ़ न सिर्फ फसलों को बर्बाद करती है बल्कि आधारभूत ढाँचा, जैसे- सड़कें, रेल मार्गों, पुल और मानव बस्तियों को भी नुकसान पहुँचाती है। बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में कई तरह की बीमारियाँ, जैसे- हैजा, आंत्रशोथ, हेपेटाईटिस एवं अन्य दूषित जल-जनित बीमारियाँ फैल जाती हैं। बहरहाल, यदि हम यहां आंकड़ों की बात करें तो राष्ट्रीय बाढ़ आयोग ने देश में 4 करोड़ हैक्टेयर भूमि को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित किया है। असम, पश्चिम बंगाल और बिहार राज्य सबसे अधिक बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में से हैं। इसके अतिरिक्त उत्तर भारत की ज्यादातर नदियाँ, विशेषकर पंजाब और उत्तर प्रदेश में बाढ़ लाती रहती हैं। राजस्थान, गुजरात, हरियाणा और पंजाब आकस्मिक बाढ़ के कारण पिछले कुछ दशकों में जलमग्न होते रहे हैं। इसका कारण मानसूनी वर्षा की तीव्रता तथा मानव कार्यकलापों द्वारा प्राकृतिक अपवाह तंत्र का अवरुद्ध होना है। बादल फटना, वनों की लगातार कटाई, नगर नियोजन सही नहीं होना, नदियों में गाद का संचय बाढ़ के कुछ प्रमुख कारण हैं। तटबंधों, नहरों और रेलवे से संबंधित निर्माण व अन्य निर्माण कार्यों के कारण नदियों के जल-प्रवाह क्षमता में कमी आती है। अतः सतत विकास के नजरिये से बाढ़ के आकलन की जरूरत है। वास्तव में बाढ़ व सूखे दोनों का प्रबंधन किया जाना आज जरुरी है। बाढ़ से बचने के लिए पुनर्वनीकरण, जल निकास तंत्र में सुधार, वाटर-शेड प्रबंधन, मृदा संरक्षण जैसे उपाय किए जा सकते हैं। इतना ही नहीं, सूचना तंत्र को और अधिक विकसित किए जाने की जरूरत है। आम लोगों को जागरूक भी किया जाना चाहिए। बाढ़ का सामना करने के लिये तैयार रहने हेतु बाढ़ पूवार्नुमान अति महत्त्वपूर्ण है तथा इसका देश भर में सघन विस्तार किया जाना चाहिए। इतना ही नहीं, बांध/तटबंध क्षति संबंधी अध्ययन व शोध कार्य किये जाने चाहिये तथा आपातकालीन कार्रवाई योजनाओं/आपदा प्रबंधन योजनाओं को समय समय पर तैयार किया जाना चाहिये और इन्हें आवधिक आधार पर अद्यतन भी किया जाना चाहिये।

# 78वें स्वतंत्रता दिवस पर विशेष: वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशां होगा



ब्रह्मानन्द ठाकुर

हां, वायलर को मैंने मारा, किसी और ने नहीं। यही तो कहा था भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के योद्धा जुब्बा सहनी ने और मुजफ्फरपुर के मीनापुर थाने के दारोगा एमएल वायलर हत्याकांड की सुनवाई कर रहे जज ने उन्हें फांसी की सजा सुना दी थी। 11 मार्च 1944 को भागलपुर जिला जेल में इस वीर सपूत को फांसी दे दी गई थी।

मुजफ्फरपुर जिले के मीनापुर प्रखंड का एक छोटा सा गांव है चैनपुर। 25-30 घर मल्लाह और मुस्लिम परिवारों वाला एक गांव। आधुनिक न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं से वंचित इस गांव के अधिकांश परिवार भूमिहीन खेतिहर मजदूर हैं। जीविकोपार्जन के लिए मौसमी पलायन की बाध्यता। इसी गांव में 1906 मे लालजी सहनी के घर पैदा हुए थे जुब्बा सहनी। वे तीन भाइयों में मझले थे। बड़े भाई का नाम शिवनन्दन सहनी और छोटे का नाम था सुब्बा सहनी। जुब्बा सहनी खुद अविवाहित जबकि बड़े भाई शिवनन्दन सहनी की दो और सुब्बा सहनी की एक बेटी थी। 1942 के अंग्रेजों भारत छोडो आंदोलन की लहर से मीनापुर भी अछूता नहीं था। 11 अगस्त 1942 को पटना सचिवालय पर तिरंगा फहराने के दौरान सात युवा शहीद हो चुके थे। मीनापुर थाने पर भी यहां के क्रांतिकारियों ने तिरंगा फहराने का संकल्प लिया था। 12 अगस्त को इसका प्रयास भी हुआ लेकिन प्रयास असफल रहा। अंग्रेजी हुकूमत को इस बात की जब जानकारी मिली तो उसने आंदोलनकारियों को सबक सिखाने का फैसला किया। 15 अगस्त 1942 को सीतामढ़ी से



बड़ी संख्या में अंग्रेजी फौज मीनापुर के लिए भेजी गई। क्रांतिकारियों को जब इसकी सूचना मिली तो उन लोगों ने सीतामढी-मुजफ्फरपुर सड़क को रामपुर हरि गांव के पास सड़क काट कर आवागमन अवरुद्ध कर दिया और हजारों की संख्या में सड़क पर रास्ता रोक कर खड़े हो गये। ब्रिटिश फौज पहुंची और बिना किसी चेतावनी के गोलियां चलाई जाने लगी।इस गोली कांड में 5 लोग मौके पर शहीद हो गये। अंग्रेजी फौज की हिंसक कार्रवाई की खबर चारों तरफ फैल गई। तय हुआ कि 16 अगस्त को मीनापुर थाने पर तिरंगा फहरराया जाएगा। उस थाने में तब एम एल वायलर नामक एक अंग्रेज दारोगा तैनात था। उसने इस स्थिति से निबटने के लिए कुछ स्थानीय जमींदारों और छंटे हुए बदमाशों को थाने पर बुला लिया। 16 अगस्त 1942 के लगभग 2 बजे दिन में बड़ी संख्या में क्रांतिकारी थाने पर पहुंचने लगे। वे हर हाल में थाने पर तिरंगा फहराने को कृतसंकल्पित थे। क्रांतिकारियों की बढ़ती भीड़ देख दारोगा वायलर ने अपनी पिस्तौल से दनादन गोलियां चलानी शुरू कर दीं। उसके गुर्गे भी क्रांतिकारियों को आगे बढ़ने से रोक रहे थे। थाने के सिपाही भी अपनी बंदूकों से गोलियां चला रहे थे। इस गोलीबारी में एक क्रांतिकारी जगन्नाथ सिंह समेत अन्य कई लोग घायल हो गये। भीड़ फिर भी आगे बढ़ती रही। एक गोली बांगुर सहनी को लगी और वे जमीन पर गिर गये। कुछ देर के बाद उन्होंने वहीं दम तोड़ दिया। इसके बाद उग्र भीड़ ने दारोगा वायलर और सिपाही गुगली सिंह की बंदूक छीन ली। भीड़ के उग्र तेवर को देख दारोगा बुरी तरह डर गया। वह भाग कर सनई के खेत में छुप गया। जुब्बा सहनी ने अकेले बांगुर सहनी की लाश को घर पहुंचाया और वहां से लौट कर अपने अन्य क्रांतिकारी साथियों के साथ दारोगा वायलर की खोज शुरू कर दी। गुप्त जानकारी के आधार पर उसी सनई के खेत से वायलर को पीटते हुए लाठी के सहारे टांग कर थाने लाया और थाने के उपस्कर एवं अभिलेखों को जमाकर उस पर वायलर को बांध कर रख दिया। फिर मिट्टी तेल छिड़क कर उसे जिंदा जला दिया। इसके बाद वहां यूनियन जैक उतार कर तिरंगा फहराया गया। इस दौरान क्रांतिकारियों ने नेउरा-खेमाईपट्टी गांव के बीच सडक को काट दिया। बाढ़ का पानी तत्काल सड़क तोड़ कर बहने लगा। इससे मीनापुर और मुजफ्फरपुर के बीच सड़क सम्पर्क टूट गया। ऐसा करने से मुजफ्फरपुर से तत्काल अतिरिक्त फौज घटना स्थल पर नहीं पहुंच सकी। इसके बाद जुब्बा सहनी मुजफ्फरपुर शहर से गिरफ्तार कर लिए गये। इस कांड में सैकड़ों क्रांतिकारियों पर मुकदमा चलाया गया। जुब्बा सहनी को भागलपुर जेल में रखा गया। मुकद्दमें की सुनवाई वहीं होने लगी। देश और खास कर मीनापुर की जनता क्रांतिकारियों की प्राण रक्षा को लेकर काफी चिंतित थी। जुब्बा सहनी यदि इस घटना में उनकी संलिप्ता जाहिर कर देते तो सबों की फांसी निश्चित थी। मगर नहीं, जुब्बा सहनी ने ऐसा कुछ नहीं किया। मुकद्दमें की सुनवाई के दौरान जज द्वारा वायलर की हत्या मामलें में अन्य क्रांतिकारियों की संलिप्तता के बारे में पूछे जाने पर बड़ी निर्भीकता से उन्होंने कहा थाह्न हां, वायलर को मैंने मारा, किसी और ने नहीं। ह्व यह जानते हुए भी कि इस स्वीकारोक्ति की सजा फांसी से कम नहीं होगी, जुब्बा सहनी ने अपने साथियों के प्राण बचा लिए और खुद 11 मार्च 1944 को भागलपुर जेल में फांसी के फंदे को गले लगाया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरूवार, 15 अगस्त, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### दो शराब धंधेबाज गिरफ्तार

जलालपुर ।स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत मोटरसाइकिल सहित ट्रॉली बैग में लेकर जा रहे दो शराब के धन्धेबज को थानाध्यक्ष राहुल कुमार के नेतृत्व में गिरफ्तार किया गया। थानादयक्ष के साथ एस आई अनूप कुमार मौर्य डब्लू पासवान सुनील कुमार राधा मोहन सिंह बहादुर यादव ने संदेह के आधार पर धरण पेट्रोल पंप के समीप मोटरसाइकिल से भाग रहे दो शराब धनदेबाज जिसका मोटरसाइकिल नंबर है-इफ0404छ5840 ट्रॉली बैग में 40 चालीस लीटर शराब के साथ मुफस्सिल थाना क्षेत्र के साराधला निवासी राजा कुमार पिता हरिओम शाह एवं सुनील चौधरी पिता सुरेंद्र चौधरी को जलालपुर थाना कांड संख्या 194/ 24 में जेल भेज दिया गया

### सारण पुलिस द्वारा चलाए गये विशेष अभियान में कुल 40 अभियुक्तो को किया गया गिरफ्तार

छपरा। पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में असमाजिक तत्वों एवं अपराधकर्मियों की गिरफतारी एवं शराब के सेवन/बिक्री/भंडारण/निर्माण/परिवहन आदि पर पूर्णरूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को दृष्टिगत रखते हुए विशेष अभियान चलाया गया।इस अभियान में कुल 40 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें हत्या के प्रयास के कांड में-01, मद्यनिषेध अधि0 में-31, वारंट में-03, अन्य कांड में-05 अभियुक्त शामिल है। जिलें में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से 1,54,500 रू0 जुमार्ना राशि वसूली गई। साथ ही जिलान्तर्गत मोटरसाइकिल-02, ट्रक-02, ट्रैक्टर-01, टेम्पु-01 जप्त/बरामद किया गया।

### सांसद के नेतृत्व में चलाया गया तिरंगा अभियान

छपरा कार्यालय। महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम के तहत तिरंगा यात्रा यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आज जलालपुर के शिवालय से सहजीतपुर तक तिरंगा यात्रा किया गया हर घर पर तिरंगा अभियान को प्रत्येक घर तक पहुंचना है हम सभी अपने अमर शहीदों की बलिदानों की स्मृति में प्रत्येक घर पर तिरंगा लहराने का काम करेंगे बड़ी संख्या में तिरंगा से प्रेम रखने वाले देश के प्रति समर्पित रहने वाले लोगों इस तिरंगा यात्रा में शामिल हुए सामाजिक कार्यकर्ता उमेश तिवारी सकलदीप सिंह सुरेंद्र पांडे राम मोहन रस्तोगी दीपू चौबे रामेश्वर राय मंगल भूषण सिंह विश्वजीत ओझा विजय सिंह इस कार्यक्रम का झंडा दिखाकर दामोदरदास जी महाराज के द्वारा किया गया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया सफाई अभियान

दाउदपुर। मांझी प्रखंड क्षेत्र के बरेजा में हाई स्कूल के समीप स्थापित महान देशभक्त स्वतंत्रता सेनानी पंडित गिरीश तिवारी के स्मारक परिसर में बुधवार को युवा नेता हरिमोहन सिंह गुड्डू के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हाथ में झाड़ू लेकर सफाई अभियान चलाया एवं उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। वहीं पंडित गिरीश तिवारी अमर रहे व भारत माता की जय की नारे लगाए। इससे पहले हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरे बरेजा पंचायत समेत आसपास के गांवों में तिरंगा यात्रा निकाली एवं सैकड़ो ग्रामीणों एवं दुकानदारों के तिरंगा झंडे का वितरण किया। हरिमोहन सिंह गुड्डू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान को जन-जन तक पहुंचाना है और 15 अगस्त के दिन हर घर व संस्थान के ऊपर तिरंगे झंडे को शान से लहराना है। मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनोज पांडेय, मंडल अध्यक्ष त्रिलोकीनाथ सिंह, दिलीप प्रसाद, विवेक गुप्ता, अनिल राम, पप्पू राम, सुनिल साह, जयप्रकाश पांडेय, रिंकू पांडेय, अभयानंद पांडेय समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सोनपुर मेला के आयोजन को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक

## 13 नवंबर से 14 दिसंबर तक होगा इस मेले का आयोजन

- इस साल सोनपुर मेले में क्या नया है? एडवेंचर स्पोर्ट्स, बाइक राइडिंग, प्रसिद्ध हस्तियों के साथ टॉक शो और हर हफ्ते स्टार कलाकारों का प्रदर्शन




प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेला के आयोजन को लेकर आज सोनपुर अनुमंडल के अधिकारियों की मौजूदगी में डीएम अमन समीर और एसपी डॉ. कुमार आशीष ने बैठक की। बताया गया कि इस वर्ष सोनपुर मेला 13 नवंबर से शुरू होकर 14 दिसंबर तक चलेगा। जिला प्रशासन, सारण पर्यटन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर सोनपुर मेला के उद्घाटन एवं समापन समारोह में मुख्य अतिथि को आमंत्रित करने हेतु अनुरोध करेगा। मेले में जिला स्तर से कराये जाने वाले कार्यों को लेकर ससमय निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य कराया जायेगा। सोनपुर मेले में बुनियादी ढांचे और सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी कैमरा और ड्रोन आदि के लिये निविदा के माध्यम से कार्रवाई की जायेगी। इसके साथ ही मेला परिसर में साफसफाई, भोजन व्यवस्था और टेंट/पंडाल के लिए भी अलग-अलग टेंडर जारी किए जाएंगे। मेले में आने वाले मेहमानों और पशुओं के लिए पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। चौबीसों घंटे एम्बुलेंस सुविधा के साथ-साथ पशु चिकित्सा सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी। सोनपुर मेला स्थल पर आपदा प्रबंधन टीम और भगदड़ नियंत्रण दल भी मौजूद रहेंगे। कार्तिक पूर्णिमा स्नान के दौरान शौचालय और चेंजिंग रूम की व्यवस्था रहेगी। इस साल फुटबॉल और क्रिकेट के साथ-साथ नए एडवेंचर स्पोर्ट्स भी मेले का हिस्सा होंगे। इसके अलावा प्रसिद्ध हस्तियों का टॉक शो भी आयोजित किया जायेगा। पुस्तक मेला के आयोजन हेतु भी प्रयास किया जायेगा। मेले का प्रचार-प्रसार पूरे जोर-शोर से किया जाएगा। स्थानीय इलाकों में माइकिंग की जाएगी, मेला क्षेत्र के प्रवेश के सभी मार्गों पर होर्डिंग लगाये जाएंगे। मेले में आयोजित दैनिक कार्यक्रमों को लोगों तक पहुचाने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग किया जाएगा। मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।पुलिस जगह-जगह हेल्प डेस्क बनाएगी। छेड़छाड़ के मामलों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पुलिस अधिकारी सिविल ड्रेस में शरारती तत्वों पर नजर रखेंगे। लोगों की सुविधा के लिए खोया-पाया काउंटर भी स्थापित किए जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के अवसर पर भीड़ नियंत्रण हेतु दबाव बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जहां समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। उचित आपातकालीन प्रवेश और निकास बिंदुओं की स्पष्ट रूप से पहचान की जाएगी और उचित तरीके से साइनेज लगाए जाएंगे। बैठक में उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सोनपुर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सोनपुर, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता सोनपुर, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, स्थानीय प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, नगर कार्यपालक पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह के नेतृत्व में चलाया गया तिरंगा अभियान



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय।देश के आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अहावन पर आजादी के अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत परसा विधानसभा मे प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह के नेतृत्व मे हजारो लोगो के साथ पूरे विधानसभा मे मटिहान दरियापुर डेरनी परसा बनकेरवा परसौना दरिहरा होते हुए मंगरपाल मे समापन हुआ इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मंटू बाबा मंडल अध्यक्ष रामानंद सिंह मंडल अध्यक्ष अजय नाथ पूरी मंडल अध्यक्ष भूलन जी पूर्व मुखिया हरि सहनी संतोष शर्मा रामबाबू राय निरपेन्दर सिंह चंदन सिंह विकास सिंह अर्जुन सिंह धावक पवन सिंह पंचायत समिति केदार गुप्ता राहुल सुमन मनोज गुप्ता मनोज ठाकुर मोनू सिंह सुमंत कुमार गया सिंह लखिन्दर मांझी सुधाकर सिंह संजीत बुलबुल सिंह कुणाल बाबा विवेक गुप्ता संजय सिंह प्रमोद सिंह जीतेन्द्र गिरी श्रीकांत धूमल सिंह मनीष गुप्ता शैलेश गिरी सहित सैकड़ो लोग कार्यक्रम मे उपस्थित थे सभी लोग देश भक्ति गीत पर झूम उठे और सभी लोगो मे उत्साह का माहौल था ज्ञात हो की सांसद राजीव प्रताप रूडी और जिलाध्यक्ष रणजीत सिंह ने भी हर जगह तिरंगा यात्रा निकालने का स्थानीय कार्यकर्त्ता और लोगो से आग्रह किया था तिरंगा यात्रा निकालने से नई पीढ़ी के युवा मे भी देश भक्ति की भावना जगे गी धीरे धीरे लोगो मे उत्साह कम हो रहा है लेकिन इस प्रकार के आयोजन से लोगो मे फिर से उत्साह जगे गा और देश मे खुशहाली का माहौल रहेगा इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह ने भी लोगो से अपने घर पर तिरंगा लगाने का अपील किया और देश के प्रधानमंत्री मोदी जी के सोच को घर घर पहुंचा कर कार्यक्रम को सफल बनाये।

# मानवता की सेवा में अग्रणी: डॉ. हरेंद्र सिंह को संपूर्ण देहदान की घोषणा पर विशेष सम्मान




प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। दधीचि देहदान समिति द्वारा चैंबर ऑफ कॉमर्स, पटना के प्रांगण में दशम अंतरराष्ट्रीय अंगदान दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आलेकर और विशिष्ट अतिथि बिहार के मंत्री मंगल पांडे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दधीचि देहदान समिति, बिहार के अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने की। यह समारोह न केवल अंगदान और देहदान के महत्व को समझाने का मंच बना, बल्कि एक ऐसी घटना का साक्षी भी बना जिसने हर व्यक्ति के हृदय को छू लिया। छपरा इकाई के संरक्षक और सीपीएस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. हरेंद्र सिंह ने मंच से संपूर्ण शरीर दान करने की घोषणा की। यह निर्णय उस समय और भी मार्मिक हो गया जब उन्होंने कहा, ह्लजीवन की सबसे बड़ी सेवा वही है, जो हम दूसरों के लिए अपने शरीर से भी कर सकें। डॉ. हरेंद्र सिंह की इस अभूतपूर्व घोषणा पर, कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री गंगा प्रसाद ने उन्हें विशेष सम्मान से नवाजा। इस सम्मान के दौरान, सभागार में उपस्थित सभी लोगों की आंखों में एक अलग ही चमक और गर्व की भावना देखी गई। डॉ. सिंह ने अपने संकल्प से यह संदेश दिया कि जीवन का असली उद्देश्य दूसरों की भलाई में निहित है। डॉ. हरेंद्र सिंह के इस निर्णय ने न केवल उपस्थित लोगों को, बल्कि पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया। उनकी इस घोषणा ने मानवता के प्रति उनके अथाह प्रेम और सेवा भावना को साक्षात रूप में प्रकट किया है। इस समाज में, जहां लोग अक्सर अपने लिए जीते हैं, वहीं डॉ. सिंह ने यह साबित कर दिया कि जीवन का सच्चा अर्थ दूसरों के लिए जीने में है। इस समारोह में छपरा इकाई के कई प्रमुख सदस्य भी उपस्थित थे, जिनमें अध्यक्ष संजीव चौधरी, उपाध्यक्ष श्री राजेश मिश्रा, मीडिया प्रभारी श्री शशि शेखर सिंह, और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। सभी सदस्यों ने डॉ. हरेंद्र सिंह के इस महान कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की और उनके इस अनुकरणीय कदम को समाज के लिए एक प्रेरणा के रूप में देखा। यह समारोह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि एक आंदोलन की शुरूआत थी, जो समाज को देहदान और अंगदान की महत्ता से अवगत कराने के लिए प्रेरित करेगा। डॉ. हरेंद्र सिंह की इस महानतम घोषणा के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए, कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने उनके साहसिक और मानवीय कदम की सराहना की।

# भारत स्काउट और गाइड सारण के स्वयंसेवकों ने निकाली तिरंगा यात्रा



प्रात: किरण, संवाददाता

छपराः- छपरा राजेंद्र स्टेडियम से स्काउट एवं गाइड सारण के स्वयंसेवको ने तिरंगा रैली निकालकर आपसी सौहार्द के साथ राष्ट्र पर्व को मनाने की अपील शहरवासियों से किए।यह रैली राजेंद्र स्टेडियम छपरा से निकलकर थाना चौक,म्युनिसिपल चौक होते हुए राजेन्द्र स्टेडियम में रैली को समाप्त किया गया।राजेन्द्र स्टेडियम छपरा में जिला संगठन आयुक्त(स्काउट) आलोक रंजन एवम अमन राज ने रैली को संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।वहीं भारत माता कि जयकारे के साथ पूरा शहर गुंजायमान रहा। वहीं इस संदर्भ में जिला संगठन आयुक्त(स्काउट)आलोक रंजन ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगामी स्वतंत्रता दिवस को शांतिपूर्ण एवम सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से स्काउट एवं गाइड सारण के कैडेटों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित कराते हुए इस रैली को संपन्न कराया। उन्होंने बताया की स्काउट और गाइड ने तिरंगा हमारी शान है, तिरंगा हमारी आन है, तिरंगा हमारी जान है, स्काउट गाइड ने ठाना है हर घर तिरंगा फहराना है, वंदे मातरम आदि के घोष के साथ रैली निकाली' वही जिला संगठन आयुक्त(स्काउट) अमन राज ने बताया की स्काउट और गाइड के द्वारा विभिन्न नारों से लोगों में देश प्रेम के साथ ही साथ आपसी सौहार्द उत्पन्न करने का कार्य किए ताकि क्षेत्र में अमन चैन व शांति बनी रह सके। वहीं इस दौरान मुख्य रूप से राजकीय कन्या उच्च विधालय के गाइड कैप्टेन प्रियंका कुमारी,प्रशिक्षक प्रणव,अंकित,विकास,अभिषेक, चंदन, सोनू एवम विशेश्वर सेमिनरी उच्च विद्यालय,राजकीय कन्या उच्च विद्यालय,जिला मुख्यालय दल के 120 स्काउट और गाइड मौजूद रहे।

# गाँधी स्मृति एवं दर्शन समिति के तत्वाधान में हर घर तिरंगा पदयात्रा आयोजित



प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)।भारत छोड़ो आंदोलन की 82वी वर्ष गांठ पर प्रखंड के राजकीय बुनियादी विद्यालय सिरिसिया के गांधीयन शिक्षको द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान एवं गाँधी स्मृति एवं दर्शन समिति राज घाट नई दिल्ली संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के दिशा -निर्देश में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा पदयात्रा निकाला गया।यह पदयात्रा सिरिसिया भगड़वा गाँव होते हुए चौधुर टोला बृति टोला, नवका टोला, पुरबारी टोला, प्रमुख जी के टोला, बाबू टोला एवं चवरा टोला आदि गाँवो का भ्रमण करते हुए हर घर तिरंगा अभियान के विभिन्न नारों को लगाया गया जैसे -भारत माता के शहीद, अमर रहें, अमर रहें !तिरंगा हमारी शान हैं, भारत की पहचान हैं !आदि नारों से ग्रामीणों के बीच देश भक्ति का जज्बा जगाने एवं अपने देश के आन, बान, शान के प्रतीक तिरंगा झंडा को अपने -अपने घरों पर लहराने आदि पर विशेष जोर दिया गया।हर घर तिरंगा अभियान के तीन दिवसीय तिरंगा पदयात्रा 09से 12 अगस्त का समापन राजकीय बुनियादी विद्यालय सिरिसिया अड्डा, के प्रांगण में किया गया, जहाँ उपस्थित बच्चों एवं गांधीयन शिक्षकों द्वारा अपने -अपने घरों पर तिरंगा फहराने का शपथ लिया गया।कार्यक्रम में लगभग 600 बच्चे शामिल हुए !तिरंगा पदयात्रा कों सफल बनाने में गांधीयन शिक्षक -संजय कुमार राय, स्थानीय विद्यालय समन्वयक -सत्यन्त कुमार, शिक्षक राजेश कुमार महतो, नितेश पाण्डेय, अंतिमा राय, सुनील कुमार, पारस ठाकुर, मनुलाल कुमार आदि का विशेष योगदान रहा !

# हर घर तिरंगा जागरूकता के लिए एसएसबी के जवानों ने बाइक रैली निकाली



प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। मंगलवार को 21वीं बटालियन बगहा एवं सभी सीमा चौकियों के द्वारा उच्च मुख्यालय के आदेशानुसार कार्यवाहक कमांडेंट अश्वनी कुमार के निर्देशन में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत तिरंगा बाईक रैली निकाली गई। बतादें की हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रीय गौरव और एकता की नई भावना को बढ़ावा देना चाहता है। प्रत्येक नागरिकों को अपने घरों पर तिरंगा लहराने हेतु प्रेरित करना है। 2022 में आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में यह अभियान शुरू किया था। हर घर तिरंगाह्वपहल का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के भीतर देशभक्ति की गहरी भावना जगाना और हमारे राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के बारे में अधिक समझ विकसित करना है। इस कार्यक्रम के दौरान वाहिनी मुख्यालय, समवाय,सीमा चौकियों के जवानों द्वारा मोटर साइकिल रैली/पैदल रैली निकालकर लोगो को 13 अगस्त से 15 अगस्त के बीच अपने घर पर तिरंगा झंडा लगाकर आजादी का अमृत महोत्सव मनाने हेतु जागरूक किया गया।इस कार्यक्रम के दौरान वाहिनी के अधिकारीगण एवं अन्य बलकर्मी उपस्थित रहे।

# धरातल पर शत-प्रतिशत दिखना चाहिए विकास कार्य : जिलाधिकारी

प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। जिलाधिकारी श्री दिनेश कुमार राय के नेतृत्व में आज जिलास्तरीय अधिकारियों का दल मैनाटांड़ प्रखंड में सरकार की तमाम विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की स्थिति का जायजा लिया। जिलास्तरीय पदाधिकारियों का दल अपने-अपने विभागों से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया। तदुपरांत प्रखंड सभागार में जिलाधिकारी द्वारा आज के निरीक्षण के दौरान की वस्तुस्थिति की समीक्षा की गई। जिलास्तरीय पदाधिकारियों ने निरीक्षण एवं समीक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी जिलाधिकारी को दी। जिलाधिकारी ने पदाधिकारियों से स्पष्ट कहा कि घर से काम करने की प्रवृति ठीक नहीं है। कुछ चुने हुए लोगों के द्वारा कहने पर काम करना शक के घेरे में खड़ा करता है। समय से आये और समय से काम करें। पब्लिक परसेप्शन बहुत मायने रखता है। उन्होंने कहा कि आरटीपीएस का काम जरूरी नहीं है की तय समय के अंतिम दिन ही हो। अगर पहले हो जाता है तो ये और भी अच्छा है। इससे लोगो में अच्छा मैसेज जाता है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि लोगों के कल्याण एवं उत्थान के लिए चलायी जा रही योजनाएं धरातल पर शत-प्रतिशत दिखना चाहिए। लोगों की भलाई के लिए चलायी जा रही योजनाओं का लाभ उन्हें शत-प्रतिशत मिले, इसे हर हाल में सुनिश्चित किया जाय। योजनाओं के ससमय क्रियान्वयन के लिए अधिकारी तत्परता के साथ कार्य करें।

उन्होंने कहा कि आज के इस निरीक्षण का उद्देश्य विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना, लंबित योजनाओं की वस्तुस्थिति से अवगत होते हुए उसे जल्द से जल्द पूरा करना है। उन्होंने निर्देश दिया कि जो कर्मी एक से ज्यादा स्थल पर कार्य कर रहे हैं, वैसे कर्मी रोस्टर वाइज कार्यों को संपादित करें। किन जगहों पर किस वार को उपस्थित रहेंगे इसे स्पष्ट प्रदर्शित करेंगे ताकि आमजनों को सहूलियत हो सके। उन्होंने कहा की विगत दिनों ठकराहा प्रखंड का निरीक्षण एवं समीक्षा किया गया था। इस तरह का निरीक्षण सभी प्रखंडों में औचक किया जाएगा, जहाँ जिलास्तरीय पदाधिकारी प्रखंडों में पहुँच अपने-अपने विभागों के योजनाओं के क्रियान्वयन ससमय पूर्ण कराएंगे।इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रखंड एवं अंचल कार्यालय, मैनाटांड़ का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में एक-एक संचिकाओं, अभिलेखों की गहनता के साथ जाँच की गई। इसके साथ ही कर्मियों से किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली और बेहतर तरीके से कार्यों को निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कार्यों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया।

कार्यालय के सभी संचिका एवं अभिलेख अपडेट रखने का निर्देश देते हुए कहा कि विभिन्न कार्यों से कार्यालय आने वाले व्यक्तियों को बेवजह परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाय। अगर किसी अधिकारी एवं कर्मी द्वारा किसी भी व्यक्ति को बेवजह परेशान करने की शिकायत मिलेगी तो तुरंत जांच करायी जायेगी और सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त प्रतिभा रानी एडीएम राजीव कुमार सिंह अपर सहित सभी जिलास्तरीय एवं अनुमंडल व प्रखंड स्तर के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सामान्य विधि व्यवस्था को लेकर की बैठक

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिला में सामान्य विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर आज जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने बैठक किया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधि व्यवस्था सामान्य बानाये रखने को लेकर सभी पदाधिकारियों को सजग एवं सतर्क रहने को कहा गया। श्रावणी मेला की शेष अवधि एवं श्रावण मास की अंतिम सोमवारी के अवसर पर विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया। इसके लिये सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी को स्पष्ट रुप से निदेश दिया गया। 25 अगस्त को होने वाले चल्लुम को लेकर स्थानीय स्तर पर शांति समिति की बैठक आहुत कर तमाम चीजों पर नजर रखने को कहा गया। असामाजिक तत्वों के विरूद्ध बी एन एस एस की धारा 126 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई तथा उपयुक्त मामलों में में सीसीए के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। भूमि विवाद से संबंधित वैसे मामले को विधि व्यवस्था की दृष्टिकोण से संवेदनशील हों, अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को स्वयं सुनवाई करने का निदेश दिया गया। इस सुनवाई में भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता को भी अनिवार्य रूप से मौजूद रहने को कहा गया। बैठक में अपर समाहर्त्ता, विभिन्न जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी तथा थाना प्रभारी जुड़े थे।

# स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड पाकर खुशी से झूम उठे विद्यार्थी

प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने प्रखंड सभाकक्ष मैनाटांड़ में दो विद्यार्थियों को स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड तथा 14 विद्यार्थियों को केवाईपी प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र प्रदान किया। जिलाधिकारी के हाथों स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड पाकर विद्यार्थी रौशनी कुमारी एवं प्रभाकर कुमार खुशी से झूठ उठे। उन्होंने जिला पदाधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही केवाईपी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों निधि कुमारी अंकिता कुमारी आदि ने भी जिला पदाधिकारी को धन्यवाद दिया। जिलाधिकारी ने स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड तथा केवाई प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आगे की पढ़ाई तथा कैरियर पर विशेष फोकस करें। अच्छा मुकाम हासिल करें। बेहतर तरीके से आगे की पढ़ाई करें और अपने माता-पिता, समाज, जिला और राज्य का नाम रौशन करें। रौशनी कुमारी एनआइटी पटना से बीटेक आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग कोर्स कर रही हैं। वहीं प्रभाकर कुमार एसएनएस कॉलेज ऑफ फामेर्सी मोतिहारी से बी फार्मा कोर्स कर रहे हैं। इनके समुचित पढ़ाई के लिए मुख्यमंत्री के 7 निश्चय योजनान्तर्गत संचालित स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत क्रमशः चार लाख तथा तीन लाख अट्ठारह हजार पांच सौ रूपया का शिक्षा ऋण स्वीकृत की गयी है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त प्रतिभा रानी, अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह प्रबंधक डीआरसीसी प्रेम प्रकाश दिवाकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी केंद्राधीक्षकों एवं प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा बिहार पुलिस संगठन में सिपाही के पद पर चयन हेतु परीक्षा का आयोजन जिला मुख्यालय के 10 परीक्षा केन्द्रों पर किया जा रहा है। परीक्षा का आयोजन 07, 11, 18,21,25 एवं 28 अगस्त को किया जा रहा है। दो दिनों की परीक्षा के सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न होने के उपरांत जिलाधिकारी श्री अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक श्री कुमार आशीष ने पुनः आज सभी केंद्राधीक्षकों एवं प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग की। प्रत्येक परीक्षा दिवस को परीक्षा एक पाली में मध्याह्न 12:00 बजे से 02:00 बजे अपराहन तक आयोजित हो रही है। सभी अभ्यर्थी 09:30 बजे पूर्वाहन तक केन्द्र पर रिपोर्टिंग करेंगे।परीक्षा प्रारंभ होने से एक घंटा पूर्व तक परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी जा रही है। अर्थात 11 बजे पूर्वाह्न के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही है। परीक्षा को कदाचारमुक्त, शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ वातावरण में संचालन हेतु पदाधिकारी पुलिस पदाधिकारी, स्टैटिक, जोनल, उड़नदस्ता दण्डाधिकारी सहित पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, दण्डाधिकारी एवं पुलिस बल को केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा दिये गये अनुदेशों को अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। परीक्षा प्रारंभ होने से लेकर समाप्ति तक अनुमंडल पदाधिकारी सदर, छपरा द्वारा परीक्षा केन्द्र के 500 गज की परिधि में भारत नागरिक सुरक्षा संहिता की सुसंगत के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू की गई है। परीक्षा कक्ष में प्रत्येक बेंच पर दो परीक्षार्थियों की बैठने की व्यवस्था की गई है। ताकि परीक्षार्थियों की बीच तीन फीट की दूरी बनी रहे। प्रत्येक 24 परीक्षार्थियों पर दो वीक्षक प्रतिनियुक्त हैं। परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा संबंधी प्रत्येक गतिविधियों की वीडियोग्राफी की जा रही है। साथ ही बॉयोमेट्रिक उपस्थिति के साथ फोटोग्राफी भी की जा रही है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सी.सी.टी.वी कैमरा के साथ जैमर भी लगाया गया है। जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक श्री कुमार आशीष ने आज पुनः सभी केंद्राधीक्षक एवं प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग की। बताया गया कि 7 एवं 11 अगस्त को आयोजित परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया है। इसी तरह बाकी चार दिन निर्धारित परीक्षा को भी पूरे स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त वातावरण में आयोजित करने का निदेश दिया गया। सभी केन्द्राधीक्षक, प्रतिनियुक्त स्टैटिक दण्डाधिकारी-सह-प्रेक्षक तथा पुलिस दण्डाधिकारी के उपस्थिति में परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर अभ्यर्थियों की सधन जाँच कर अभ्यर्थियों के ई-प्रवेश पत्र पर छपे फोटो का मिलान करते हुए परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने देंगे।

व्यापार

संसेक्स 79105.88 पर बंद


निफ्टी 24143.75 पर बंद

सोना 69,770

चांदी 83,600

## संक्षिप्त समाचार

### एमएससीआई ग्लोबल सूचकांक में भारत का भारांश रिकॉर्ड ऊंचाई पर, 25000 करोड़ का आएगा निवेश



**बंगलूरू एजेंसी।** उभरते बाजारों के शेयरों पर नजर रखने वाले एमएससीआई ग्लोबल स्टैंडर्ड सूचकांक में भारत का भार रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। इससे हमारे शेयर बाजारों में 3 अरब डॉलर (25,000 करोड़) का निवेश आ सकता है। भारत ने प्रमुख एमएससीआई सूचकांक पर चीन के अंतर को और कम कर दिया है। नुवामा ने मंगलवार को कहा, सूचकांक पर चीन का भार 24.8 फीसदी से घटकर 24.2 फीसदी हो जाएगा। भारत का भार 19.2 फीसदी से बढ़कर 19.8 फीसदी हो जाएगा। यह परिवर्तन 30 अगस्त को बाजार बंद होने के बाद होगा। नवंबर के अंत तक भारत का भार 20 फीसदी से अधिक हो सकता है। बेंचमार्क एनएसई निफ्टी 50 में सबसे भारी स्टॉक एचडीएफसी बैंक के भार में वृद्धि होगी। इससे 1.8 अरब डॉलर का निवेश होगा। बाजार की तेजी से भारत का एमएससीआई सूचकांक पर वर्ष के अंत तक संभावित रूप से 22 फीसदी भार हो सकता है। एयरटेल, कोल इंडिया, एंफेसिस के सूचकांक में भारांश में बढ़ोतरी होगी। मारुति सुजुकी, एलटीआईमाइंडट्री, अंबुजा सीमेंट्स, अदाणी एंटरप्राइजेज, यस बैंक और एसआरएफ के भारांश में कमी आएगी।

### बायजू के खिलाफ दिवाला कार्यवाही रद्द करने के आदेश पर रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षण प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी बायजू के खिलाफ दिवाला कार्यवाही को रद्द करने के राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) के आदेश पर रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने बीसीसीआई के साथ बायजू के 158.9 करोड़ रुपये के बकाया के निपटान को मंजूरी देने वाले एनसीएलएटी के आदेश पर भी रोक लगा दी है। कोर्ट ने बीसीसीआई को समझौते के तहत बायजू से मिले 158.9 करोड़ रुपये अलग खाते में रखने का निर्देश दिया। पीठ में चीफ जस्टिस के अलावे जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी शामिल थे। इसके अलावा कोर्ट ने एनसीएलएटी के फैसले के खिलाफ अमेरिकी ऋणदाता ग्लास ट्रस्ट कंपनी की याचिका पर बायजू को नोटिस जारी किया।

### भारतीय मूल के सीईओ लक्ष्मण नरसिम्हन की स्टारबक्स से साल भर बाद ही विदाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कमजोर मांग और असंतुष्ट निवेशकों से जूझ रही स्टारबक्स ने मंगलवार को बताया कि कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लक्ष्मण नरसिम्हन एक साल से अधिक समय तक नौकरी में रहने के बाद पद छोड़ रहे हैं। अमेरिका के सिएटल स्थित कॉफी दिग्गज स्टारबक्स ने बताया है कि चिपोटल के अध्यक्ष और सीईओ ब्रायन निकोल 9 सितंबर को स्टारबक्स के अध्यक्ष और सीईओ का पद संभालेंगे। इस एलान के बाद मंगलवार को बाजार खुलने से पहले स्टारबक्स के शेयरों में 13 प्रतिशत से अधिक का उछाल दिखा। नरसिम्हन, जो लंबे समय तक पेप्सिको के सीईओ रहे और ब्रिटेन स्थित उपभोक्ता स्वास्थ्य कंपनी रेकिट के सीईओ के रूप में भी काम किया है, ने मार्च 2023 में स्टारबक्स सीईओ बने थे।

# देश की थोक मुद्रास्फीति जुलाई में घटी

## जून में 3.36 फीसदी के मुकाबले 2.04 प्रतिशत पर आई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** खुदरा महंगाई दर के बाद अब थोक महंगाई के मोर्चे पर भी राहत भरी खबर है। देश की थोक महंगाई दर जुलाई में घटकर 2.04 प्रतिशत रह गई। सरकार की ओर से बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति जून में 3.36 प्रतिशत थी।

उद्योग संवर्धन व आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, डब्ल्यूपीआई पर आधारित मुद्रास्फीति की वार्षिक दर जुलाई 2024 में 2.04 फीसदी रही, जबकि जून 2024 में यह 3.36 प्रतिशत थी। थोक मूल्य सूचकांक के प्राथमिक उत्पादों की मुद्रास्फीति की वार्षिक दर जुलाई 2024 में 3.08 प्रतिशत रही, जबकि जून 2024 में यह 8.80 प्रतिशत थी। ईंधन व बिजली की मुद्रास्फीति की वार्षिक दर बढ़कर 1.72 प्रतिशत हो गई, जो जून 2024 में 1.03 प्रतिशत थी। डीपीआईआईटी के मुताबिक, थोक मूल्य सूचकांक के निर्मित उत्पाद की मुद्रास्फीति की वार्षिक दर जून 2024 में 1.43 प्रतिशत से बढ़ी थी। यह जुलाई 2024 में 1.58 प्रतिशत हो गई। थोक मूल्य सूचकांक में जुलाई में गिरावट इस महीने के खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों अनुसार ही रही। इस सप्ताह की शुरुआत में जारी आंकड़ों के अनुसार जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति पांच साल के निचले स्तर 3.54 प्रतिशत पर आ गई थी। भारतीय रिजर्व बैंक ने महंगाई पर काबू में रखने के उद्देश्य से अगस्त महीने की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में नीतिगत ब्याज दरों को लगातार नौवीं बार 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया था।

### बांग्लादेश में हिंसा के बाद अब महंगाई से बुरा हाल, मुद्रास्फीति दर 12 साल के उचतम स्तर पर पहुंची

पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शन और राजनीतिक उथल-पुथल के बाद अब महंगाई से बुरा हाल है। बांग्लादेश के सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार, जुलाई में मुद्रास्फीति की दर 11.66 प्रतिशत रही जो पिछले 12 वर्षों का उचतम स्तर है। यह स्थिति विवादास्पद नौकरी कोटा प्रणाली के विरोध में बड़े पैमाने पर हुए छात्रों के आंदोलन के कारण बनी है। ढाका ट्रिब्यून अखबार के अनुसार जून महीने में बांग्लादेश में महंगाई दर 9.72 प्रतिशत थी। सोमवार को बांग्लादेश के सांख्यिकी ब्यूरो द्वारा जारी आंकड़ों से पता चला है कि जुलाई में खाद्य मुद्रास्फीति 14.10 प्रतिशत और गैर-खाद्य मुद्रास्फीति 9.68 प्रतिशत के रिकॉर्ड उच स्तर पहुंच गई। जून में ये दरें क्रमशः 10.42 प्रतिशत और 9.15 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सामान्य मुद्रास्फीति दर का पिछला उच स्तर मई में 9.94 प्रतिशत था। बांग्लादेश में जुलाई महीने में भेदभावयुक्त आरक्षण प्रणाली के विरोध में छात्र सड़कों पर उतर आए थे। असंतुष्टों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई ने विरोध को और भड़का दिया क्योंकि आंदोलनकारियों ने जल्द ही शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के इस्तीफे की मांग शुरू कर दी। देखते ही देखते इस आंदोलन ने हिंसक रूप ले लिया और सैकड़ों लोगों की मौत हो गई। जुलाई के मध्य में शुरू हुए कोटा विरोधी हिंसक प्रदर्शनों के बाद से अब तक मरने वालों की संख्या 560 हो गई है। 5 अगस्त को 76 वर्षीय शेख हसीना ने इस्तीफा दे दिया और भारत पहुंच गई। इसके बाद पड़ोसी देश में अंतरिम सरकार का गठन किया गया। इसके प्रमुख 84 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस नियुक्त किए गए। जुलाई में कई दिनों तक कर्फ्यू और इंटरनेट बंद रहा, जिससे आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई और लोगों और व्यवसायों के सुचारू संचालन में बाधा आई। रेल और बंदरगाह सेवाएं भी प्रभावित हुईं। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार मास्टरकार्ड इकोनॉमिक इंस्टीट्यूट ने हाल ही में एक पूर्वानुमान में कहा कि देश को वित्त वर्ष 2025 में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि और मुद्रास्फीति दोनों में गिरावट की उम्मीद है। एमईआई के अनुसार, देश की जीडीपी वृद्धि दर घटकर 5.7 प्रतिशत रह जाएगी, जबकि मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2024 में 9.8 प्रतिशत तक बढ़ने के बाद वित्त वर्ष 25 में घटकर 8 प्रतिशत पर पहुंचने का अनुमान है।

### पहली बार मुनाफे में आई रितेश अग्रवाल की ओयो, अब फ्रांस की बड़ी कंपनी को खरीदने की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी।ट्रैवल टेक कंपनी ओयो पहली बार मुनाफे में आई है।कंपनी का कहना है कि फाइनेंशियल ईयर 2024 में उसे 229 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ है।लगातार आठ तिमाहियों तक पॉजिटिव एजडस्टेड एबिटा के दम पर कंपनी ने यह उपलब्धि हासिल की है।पिछले फाइनेंशियल ईयर में उसका एजडस्टेड एबिटा 215 परसेंट चढ़कर 877 करोड़ रुपये पहुंच गया जो 2023 में 277 करोड़ रुपये रहा था।



2024 में कंपनी प्रति शेयर कमाई 0.36 रुपये रही जबकि 2023 में उसे प्रति शेयर 1.93 रुपये का नुकसान हुआ था।कंपनी का कहना है कि उसने दुनियाभर में अपना विस्तार किया है।यूरोप, अमेरिका, साउथईस्ट एशिया और मिडिल ईस्ट में उसने ग्रोथ हासिल की है।कंपनी की सालाना रिपोर्ट के मुताबिक यूरोप वैकेशन रेंटल के लिए बड़ा बाजार है और वहां ओयो के होम बिजनस ओवीएच के लिए अपार संभावनाएं हैं।कंपनी ने के×जे कंसल्टिंग को खरीदने की भी घोषणा की है जो पेरिस की प्रीमियम रेंटल होम कंपनी चेकमाईगेस्ट को ऑपरेट करती है।कंपनी के प्रवक्ता कहना है कि चेकमाईगेस्ट की पेरिस में अछी मौजूदगी है।पेरिस दुनिया के उन शहरों में है, जहां सबसे यादा टूरिस्ट आते हैं।इस डील के मुताबिक ओयो को चेकमाईगेस्ट की दो सहयोगी कंपनियां स्टूडियो प्रेस्टीज और हेल्पमाईगेस्ट भी मिलेंगी।

### आपकी सेहत से खिलवाड़, नमक और चीनी के साथ आप खा रहे हैं प्लॉस्टिक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय बाजार में बिकने वाले सभी ब्रांड के नमक और चीनी में प्लास्टिक के सूक्ष्म कण (माइक्रोप्लास्टिक) पाए गए हैं। फिर चाहे वे बड़े ब्रांड के हों या छोटे ब्रांड के, पैकेड हों या खुले में बिकते हों। यह दावा मंगलवार को प्रकाशित एक अध्ययन में किया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए टेबल नमक, सेंधा नमक, समुद्री नमक और स्थानीय कचा नमक सहित 10 प्रकार के नमक पर अध्ययन किया। साथ ही ऑनलाइन और स्थानीय बाजारों से खरीदी गई पांच प्रकार की चीनी की भी जांच की।




**चीनी के सभी नमूनों में माइक्रोप्लास्टिक:** अध्ययन के दौरान नमक और चीनी के सभी नमूनों में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी का पता चला, जो फाइबर, छर्रे, फिल्म और टुकड़ों सहित विभिन्न रूपों में मौजूद थे। इन माइक्रोप्लास्टिक का आकार 0.1 मिलीमीटर (मिमी) से लेकर पांच मिमी तक था। रिपोर्ट के मुताबिक आयोडीन युक्त नमक में बहुरंगी पतले रेशों और फिल्मों के रूप में माइक्रोप्लास्टिक्स की उचतम मात्रा पाई गई।

**जैविक सेंधा नमक में सबसे कम:** आयोडीन नमक में माइक्रोप्लास्टिक सबसे अधिक रिपोर्ट के मुताबिक, नमक के नमूनों में माइक्रोप्लास्टिक की सांद्रता प्रति किलोग्राम नमक में 6.71 से 89.15 टुकड़े तक थी। आयोडीन युक्त नमक में माइक्रोप्लास्टिक की सांद्रता सबसे अधिक (89.15 टुकड़े प्रति किलोग्राम) थी, जबकि जैविक सेंधा नमक में सबसे कम (6.70 टुकड़े प्रति किलोग्राम) थी। चीनी के नमूनों में माइक्रोप्लास्टिक की सांद्रता 11.85 से 68.25 टुकड़े प्रति किलोग्राम तक पाई गई, जिसमें सबसे अधिक सांद्रता गैर-कार्बनिक चीनी में पाई गई।

टॉक्सिक्स लिंक के संस्थापक-निदेशक रवि अग्रवाल ने कहा, हमारे अध्ययन का उद्देश्य माइक्रोप्लास्टिक्स पर मौजूदा वैज्ञानिक डाटाबेस में योगदान देना था ताकि वैश्विक प्लास्टिक संधि इस मुद्दे का ठोस और केंद्रित तरीके से समाधान कर सके। टॉक्सिक्स लिंक के एसोसिएट निदेशक सतीश सिन्हा ने कहा, हमारे अध्ययन में नमक और चीनी के सभी नमूनों में माइक्रोप्लास्टिक की अछी खासी मात्रा का पाया जाना चिंताजनक है। मानव स्वास्थ्य पर माइक्रोप्लास्टिक के दीर्घकालिक स्वास्थ्य प्रभावों के बारे में तत्काल और व्यापक अनुसंधान की जरूरत है।

### बैंकों ने शुरू की नई जमा योजनाएं : ब्याज दरों में बढ़ोतरी और विशेष ऑफर से लुभा रहे ग्राहकों को

नई दिल्ली, एजेंसी। वाणियिक बैंक जमा आकर्षित करने के लिए नए उपाय कर रहे हैं। यह कदम रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास के निर्देशों के बाद उठाया गया है, जिन्होंने बैंकों को अपनी शाखाओं के नेटवर्क का लाभ उठाने और नए उत्पाद पेश करने के लिए प्रेरित किया था। बैंकों ने ग्राहकों को लुभाने के लिए बीमा कवर और ऊंची ब्याज दरों की पेशकश शुरू कर दी है।

**केनरा बैंक:** अक्टूबर में बैंक दो नए उत्पाद लाने की योजना बना रहा है, जिनका लक्ष्य पेशेवर पाठ्यक्रमों की पढ़ाई करने वाले युवा होंगे। बैंक अपने बचत खाताधारकों को टर्म लाइफ इंश्योरेंस कवर की पेशकश कर रहा है। वेतन बैंक के माध्यम से आने वाले ग्राहकों के परिवार के सदस्यों के लिए




शून्य बैलेंस पर बचत खाता की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। वरिष्ठ नागरिकों को दवा एग्रीगेटर 1 एमजी के साथ समझौते के तहत छूट प्रदान की जाएगी।

**बंधन बैंक:** बैंक ने 8 प्रतिशत ब्याज दर पर 1 वर्ष 9 महीने की नई सावधि जमा योजना की घोषणा की है।

**एचडीएफसी बैंक:** 35 महीनों की सावधि जमा पर 7.35 प्रतिशत और 55 महीनों की सावधि जमा पर 7.40 प्रतिशत ब्याज दर की पेशकश कर रहा है।

### शिन चैन बिलकुल नए एपिसोड्स के साथ वापस आया

**मुंबई, एजेंसी।** आपका शरारती दोस्त, शिन चैन आपको हँसाते-हँसाते लोटपोट करने के लिए वापस आ गया है। इस बार यह मासूम और ज्यादा शरारतें और असीमित ऊर्जा लेकर आया है, जो आपको मनोरंजन का नया एहसास कराएंगी। इसलिए शिन चैन के मजेदार कारनामों में उसके साथ शामिल होने की तैयारी कर लीजिए, होमवर्क (और उसके दैनिक कामकाज) से बचने के नए बहानों, अपनी इच्छा पूरी करने के लिए चालाक तरकीबों, और नॉनस्टॉप एनर्जी के साथ, जो आपको हँसने के लिए मजबूर कर देंगे। देखिए, शिन चैन की शरारते किस प्रकार पूरे घर को सर पर उठा लेती हैं। शिन चैन के सभी नए एपिसोड, अगस्त से केवल सोनी ये! पर शुरू हो रहे हैं, जिनमें पूरे परिवार के लिए हैं नई कहानियाँ, ज्यादा हँसी और असीमित मनोरंजन, जो आप देखते रहना चाहेंगे। शिन चैन की सिग्नेचर शरारतें और गड़बड़ियाँ देखने के लिए लगाईये सोनी ये!

### श्रेष्ठ फिनवेस्ट लिमिटेड बोर्ड फंड जुटाने पर विचार करेगा

**मुंबई, एजेंसी।** वित्तीय समाधानों में अग्रणी, श्रेष्ठ फिनवेस्ट लिमिटेड (बीएसई- 539217) ने घोषणा की है कि उसका बोर्ड 19 अगस्त, 2024 को प्रेफरेंशिएल अलॉटमेंट के माध्यम से इक्विटी शेयर्स/कन्वर्टिबल इंस्ट्रूमेंट्स/अन्य प्रतिभूतियों राइट इश्यू, क्यूआईपी, एडीआर जीडीआर, एफसीसीबी, सदस्य और अन्य आवश्यक अनुमोदन के अधीन धन जुटाने पर विचार करने के लिए मीटिंग करेगा। यह धन जुटाने के लिए अपेक्षित पेशेवरों, विशेषज्ञों, मर्चेंट बैंकरों, कानूनी सलाहकारों और अन्य मध्यस्थों को नियुक्त करने पर भी विचार करेगा। हाल ही में, कंपनी ने घोषणा की कि श्रेष्ठ फिनवेस्ट लिमिटेड और फेलिक्स इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के बीच मौजूदा बिज़नेस अरेंजमेंट को जारी रखते हुए, रिन्यूएबल एनर्जी और सस्टेनेबिलिटी इनीशिएटिव्स को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एक फैसिलिटी एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर करके एक बार फिर हाथ मिलाया है, जिसके अंतर्गत श्रेष्ठ सस्टेनेबल डेवलपमेंट के उद्देश्य से रिन्यूएबल एनर्जी और क्लीन वॉटर से जुड़े प्रोजेक्ट्स में ऋण देने की दिशा में आगे बढ़ेगे। इस नए एग्रीमेंट की मदद से, फेलिक्स रिन्यूएबल एनर्जी, क्लीन वॉटर और वॉटर रीसाइक्लिंग से जुड़े प्रोजेक्ट के लिए फेलिक्स द्वारा आरती इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के साथ खरीदे गए ऑर्डर हेतु प्लांट इंस्टॉलेशन के कैपिटल वर्क के लिए कुल मिलाकर लगभग 50 मिलियन रुपये की दो चरणों में फंडिंग की जाएगी। रिन्यूएबल एनर्जी और वॉटर सेग्मेंट में विविधता को मज़बूत फाइनेंशियल सपोर्ट देने, स्थिरता को बढ़ावा देने और ग्रीन एनवायरनमेंट और सस्टेनेबल प्रोजेक्ट्स की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने के उद्देश्य से यह व्यवस्था फेलिक्स के फाइनेंशियल सपोर्ट को मज़बूत करेगी।

### मिनी डायमंड्स (इंडिया) लि. ने दक्षिण मुंबई में पहली रिटेल डिजाइनर लेब-ग्रोन डायमंड ज्वैलरी स्टोर खोला

**मुंबई, एजेंसी।** मिनी डायमंड्स इंडिया लिमिटेड (बीएसई- 523373), जो कि शानदार लेब-ग्रोन डायमंड ज्वैलरी के निर्माण, मार्केटिंग और बिक्री में लगी हुई एक उभरती हुई कंपनी है, ने दक्षिण मुंबई के प्रतिष्ठित एट्रिया मॉल में अपने पहले रिटेल डिजाइनर लेब-ग्रोन डायमंड ज्वैलरी स्टोर के भव्य उद्घाटन की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रही है। 1981 में अपनी स्थापना के बाद से कंपनी के इतिहास में यह एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जिसे इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायिका कंपनी, नमरा ज्वेल्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से हासिल किया गया है। नया स्टोर मिनी डायमंड्स इंडिया लिमिटेड की अपनी शानदार डिजाइनर लेब-ग्रोन डायमंड ज्वैलरी के साथ रिटेल बाजार को पूरा करने की दृष्टि को मूर्त रूप देगा है। बी2सी सेगमेंट में यह विस्तार कंपनी के लिए विकास के नए क्षितिज खोलगा और रिटेल क्षेत्र में कंपनी की आगे की सफलता के लिए इसे तैयार करगा है।प्राकृतिक हीरों की तरह लेब ग्रोन डायमंड्स भी पर्यावरण के अनुकूल, किफायती और प्राकृतिक हीरों की तुलना में बेहतर विकल्प हैं, जिससे भारतीय उपभोक्ता वर्ग के लिए बेहतर बाजार हिस्सेदारी अधिग्रहण और पहुंच संभव हो पाती है। अपनेअनूठी गुणों के कारण, लेब ग्रोन डायमंड्स स्टडेड ज्वैलरी बाजार का भविष्य होने जा रही हैं। कंपनी का लक्ष्य दुनिया भर में इस तरह के सैकड़ों डिजाइनर स्टोर और कियोस्क खोलना है ताकि उपभोक्ता वर्ग अपनी हीरे पहनने की आकांक्षाओं को पूरा कर सके।

## देश में सुपर प्रीमियम स्मार्टफोन का बढ़ रहा आकर्षण, 83 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ शीर्ष पर एपल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खरीद क्षमता में बढ़ोतरी और 5जी जैसी नई प्रौद्योगिकी की जरूरत की वजह से देश में 800 डॉलर (67,162.80 रुपये) से अधिक कीमत वाले सुपर प्रीमियम स्मार्टफोन का आकर्षण बढ़ रहा है। इंटरनेशनल डाटा कॉरपोरेशन (आईडीसी) की रिपोर्ट के मुताबिक, सुपर प्रीमियम स्मार्टफोन की बिक्री 2024 की दूसरी तिमाही में बढ़कर 22 फीसदी पहुंच गई है। बाजार हिस्सेदारी भी 6 फीसदी से बढ़कर 7 फीसदी पहुंच गई। इस अवधि में स्मार्टफोन की कुल बिक्री में आईफोन-15, 15प्लस, 14 और



14प्लस की हिस्सेदारी बढ़कर 77 फीसदी हो गई। सैमसंग गैलेक्सी एस24 और एस24 अल्ट्रा 11 फीसदी के साथ सुपर प्रीमियम श्रेणी में दूसरे स्थान पर है। इस श्रेणी में एपल 83 फीसदी बाजार हिस्सेदारी के साथ शीर्ष पर है। सैमसंग 16 फीसदी के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

**प्रीमियम श्रेणी में 37 फीसदी गिरावट:** 400-600 डॉलर कीमत वाले मिड-प्रीमियम श्रेणी के मोबाइल की बिक्री 25 फीसदी घटी।600-800 डॉलर वाले प्रीमियम श्रेणी में 37 फीसदी गिरावट।

#### पहली छमाही में बिके 6.9 करोड़ स्मार्टफोन

आईडीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, देश में 2024 की पहली छमाही में कुल 6.9 करोड़ स्मार्टफोन बिके। यह आंकड़ा 2023 की समान छमाही की तुलना में 7.2 फीसदी अधिक है। वहीं, इस साल की दूसरी तिमाही में बिक्री 3.2 फीसदी बढ़कर 3.9 करोड़ पहुंच गई।

### हाई-टेक पाइप्स लि. ने वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के लिए शानदार वित्तीय परिणाम पेश किए

#### शुद्ध लाभ में सालानाआधार पर125 प्रतिशत की उछाल

**मुंबई, एजेंसी।** भारत की अग्रणी स्टील पाइप कंपनियों में से एक, हाई-टेक पाइप्स लिमिटेड (एनएसई- हाईटेक, बीएसई- 543411) ने 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की रिपोर्ट की। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के लिए, परिचालन से राजस्व 35 प्रतिशत बढ़कर 866.98 करोड़ हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में यह 642.16 करोड़ था। बिक्री वृद्धि और मूल्य वर्धित हिस्सेदारी के योगदान के कारण शुद्ध लाभ 125 प्रतिशत बढ़कर 18.05 करोड़ हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2024 की पहली में यह 8.02 करोड़ था। वित्त वर्ष 2025की पहली तिमाही में कुल बिक्री मात्रा 1,22,155 टन रही, जो वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 84489 टन की तुलना में 45 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्शाती है। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही मेंएबिटा 101 प्रतिशत बढ़कर 42.69 करोड़ हो गया, जबकिवित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में यह 21.19 करोड़ था। एबिटा /टन वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में 3494 था, जबकि वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में यह 2508 था, जो सालाना आधार पर 31 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

श्री वरदान फर्टिलिटी एंड ऑर्थो सेंटर क्लब रोड, आरा (बी.डी.ओ. ब्लॉक के सामने)
ARA CALLING NEWS
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
First Time in Bhojpur & Rohtas TEST TUBE BABY CENTRE
टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर
श्री Vardan FERTILITY & ORTHO CENTRE
Dr Kanhaiya Singh
Dr Vandana Singh

ARA CALLING NEWS
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आनंद गोपाल पंडित
अध्यक्ष भाजपा सेंया मंडल बड़हरा भोजपुर
रेखा पंडित, मुखिया, पूर्वी गुंडी, बड़हरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दयानंद वत्स
प्रधान संपादक
नेशनल एजुकेशनल मीडिया नेटवर्क

रमपुरा महनवां पंचायत सहित समस्त देशवासियों को 78 वें
स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
रामविनय कुमार
पंचायत रोजगार सेवक
मझौलिया पश्चिमी चंपारण ( बिहार)

हर घर तिरंगा देश की शान तिरंगा
समस्त नगर वासियों को 78 वें
स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
नमन अरोड़ा
युवा समाजसेवी व्यापारी
रमेश कुमार अरोड़ा
वरिष्ठ समाज सेवी व्यापारी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जिला पार्षद आरा सदर पूर्वी-25 सह प्रदेश उपाध्यक्ष युवा राजद
धनंजय कुमार पांडेय

उत्तरी घोघा पंचायत सहित समस्त प्रखंडवासियों देशवासियों को 78 वें
स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
झुन्ना कुमार
वार्ड सदस्य प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत राज- उत्तरी घोघा पश्चिमी चंपारण ( बिहार)

सभी पुरैना पंचायत सहित पखंडवासियों को 78 वें
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अबरे आलम
मुखिया पुरैना पंचायत सह उपाध्यक्ष प्रखंड मुखिया संघ
प्रखंड- सिकटा पश्चिमी चंपारण ( बिहार)

समस्त औरंगाबाद वासियों को 78 वें
स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
ई. सौरभ श्रीवास्तव
सहायक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य अवर प्रमंडल,कुटुंबा
( कार्य प्रमंडल औरंगाबाद)

समस्त औरंगाबाद वासियों को 78 वें
स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
ई. अरुण कुमार दुबे
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद

बहुअरवा पंचायत सहित समस्त देशवासियों को 78 वें
स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
सरोज कुमार
पंचायत रोजगार सेवक
मझौलिया पश्चिमी चंपारण ( बिहार)

बलथर और पुरैना पंचायत सहित सभी प्रखंडवासियों एवं देशवासियों को 78 वें
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वीरेन्द्र प्रसाद
पंचायत रोजगार सेवक
सिकटा पश्चिमी चंपारण ( बिहार)

तमाम छात्र, युवा मिहनकश को 78 वें
स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
मो. इश्तेयाक
महासचिव

श्री महादेव अहिल्या देवी स्मृति ट्रस्ट की तरफ से समस्त देशवासियों को 78 वें
15th August Happy Independence Day
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मुकेश कुमार
संस्थापक अध्यक्ष सह मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी
मो. 7366834843

नौतन खुर्द पंचायत सहित समस्त देशवासियों को 78 वें
स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
पुतु कुमार
पंचायत रोजगार सेवक
मझौलिया पश्चिमी चंपारण ( बिहार)

सिकटा प्रखंड पंचायत सहित समस्त देशवासियों को 78 वें
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ भागीरथ प्रसाद
कार्यक्रम पदाधिकारी
मनरेगा सिकटा पश्चिमी चंपारण ( बिहार)

पंचायत समिति सदस्य एवं कोडिया पंचायत के समस्त नागरिकों को 78 वें
15th August Happy Independence Day
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय कुमार
पंचायत समिति सदस्य कोडिया

समस्त देशवासियों को 78 वें
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पूजा कुमारी
प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष,
गायघाट थाना ( मुजफ्फरपुर)

कार्यालय नगर पंचायत अगवानपुर- जनपद मुरादाबाद
समस्त नगरवासियों एवं देशवासियो को 78वें
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
-:अपील:-
1. कूड़े को इधर उधर न फेंके बल्कि कूड़ेदान में ही डालें।
2. जल अमूल्य है इसे व्यर्थ न करें।
3. नगर पंचायत को साफ सुथरा रखन में अपना सहयोग दें।
4. जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र समय से बनवायें।
गुलरेज खान
अध्यक्ष
रजनी सिंह
(अधिशासी अधिकारी )
समस्त सभासदगण नगर पंचायत अगवानपुर

समस्त देशवासियों को 78 वें
PRAYATNA STRIVING TO EMPOWER
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रभात कुमार
संस्थापक सह निदेशक, प्रयत्न

बलथर पंचायत सहित सभी प्रखंडवासियों एवं देशवासियों को 78 वें
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुनिल कुमार( पप्पू सिंह)
मुखिया संघ
प्रखंड- सिकट पश्चिम चंपारण ( बिहार)

स्वतंत्रता दिवस
की देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
सुरेन्द्र सिंह
अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमरोहा
राजेश कुमार त्यागी
जिलाधिकारी अमरोहा
अपील
नाले एवं नालियों पर अतिक्रमण न करें।
अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करें।
पालिका के समस्त करों की अदायगी समय से करें।
नगर को साफ-सुथरा बनाने में पालिका का सहयोग करें।
सड़कों पर कूड़ा न फेंकाएं सड़कों पर कूड़ा फैलाना दण्डनीय अपराध है।
पानी बहुमूल्य है इसकी बचत करें।
प्रतिबन्धित पॉलिथीन का प्रयोग न करें यह एक दण्डनीय अपराध है।
नगर के विकास के सम्बन्ध में अपने बहुमूल्य सुझाव पालिका को प्रदान करें।
वृक्षों की रक्षा करें तथा स्वयं भी कम से कम दो वृक्ष अवश्य लगाये।
खुले में शौच न करें यह एक दण्डनीय अपराध है।
आदेश अग्रवाल
लेखाकार/ नगर स्वच्छता प्रभारी
श्रीमती दीपिका शुक्ला
अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गजरौला
राजेन्द्री हरपाल सिंह उर्फ उमा देवी
चेयरपर्सन नगर पालिका परिषद गजरौला

# ट्रंप ने कहा, कमला हैरिस राष्ट्रपति बनी तो अमेरिका को तबाह कर देंगी

**वांशिंगटन, एजेसी**

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन राष्ट्रपति उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका की उप राष्ट्रपति कमला हैरिस और राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रैट उम्मीदवार को कट्टर वामपंथी करार देते हुए कहा कि अगर राष्ट्रपति चुनी गईं तो वे अमेरिका को तबाह कर देंगीं। ट्रंप टेस्ला के प्रमुख एलन मस्क से दो घंटे लंबी बातचीत में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव और उसकी चुनौतियों पर बेबाक राय रखते हुए कमला हैरिस पर जमकर बरसे। दो घंटे लंबे इस साक्षात्कार को लंबट्रंप का इंटरव्यू अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क को मंगलवार को ही लेना था जो साइबर अटैक के कारण निर्धारित समय से देर से शुरू हुआ। ह्यदेश को भी तबाह कर देगीं कमला हैरिस दोबारा राष्ट्रपति बनने के लिए कमला हैरिस को टक्कर दे रहे 78 वर्षीय ट्रंप ने कहा कि उनकी राय यही है कि उनकी नीतियों से अमेरिका में और भी अवैध लोगों का आना पक्का हो जाएगा। उन्होंने राष्ट्रपति जो बाइडन पर



तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि अभी हमारे पास कोई राष्ट्रपति है ही नहीं और कमला हैरिस उससे भी बदतर हैं। वह सैन फ्रांसिस्को की उदारवादी हैं जिन्होंने उस शहर, कैलीफोर्निया को बर्बाद किया और अब अगर चुनी गईं तो हमारे देश को भी तबाह कर देंगीं। अवैध नागरिकों को अमेरिका में बसा लेगीं ट्रंप ने दावा किया कि अगर कमला राष्ट्रपति बनीं तो वह पूरी दुनिया से 5-6 करोड़ अवैध नागरिकों को अमेरिका में बसा लेगीं। कमला जितने अवैध लोगों को अमेरिका में ले चुकी हैं, वह तादाद हमारी सोच से बड़ी है बहुत से देश अपनी जेलों को खाली करके अप अपराधी अमेरिका भेज रहे हैं। यह हमारे घ तक अपराध और हिंसा ला रहे हैं। ट्रंप ने क कि चुनावी रैली में अवैध आव्रजकों के बो के कारण ही वह उन पर हुए जानलेवा हमले बच पाए। वैसे उन्होंने उस चार्ट को कभी भी 2 प्रतिशत से ज्यादा इस्तेमाल नहीं किया लेकि उस दिन उसी के पीछे छिपकर उन्होंने खुद व गोलीबारी से बचाया।










## हसीना ने की बंगलादेश में हत्याओं, बर्बरता घटनाओं की जांच की मांग



**वांशिंगटन, एजेसी**

बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने आंदोलन के नाम पर की गई हत्याओं, बर्बरता और आगजनी की जांच की मांग की। प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने और देश से पलायन करने के आठ दिन बाद सुश्री हसीना ने यह भी मांग की कि अशांति के लिए जिम्मेदार अपराधियों की पहचान की जाए और उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाए। द डेली स्टार ने रिपोर्ट के मुताबिक सुश्री हसीना ने यह बयान फेसबुक पर जारी किया है, जिसे उनके पुत्र सजीब वाजेद जॉय द्वारा सत्यापित किया गया है। गौरतलब है कि बंगलादेश में शेख हसीना की सरकार को गत 05 अगस्त को छात्रों के नेतृत्व में हुए उग्र प्रदर्शन के चलते गिर गयी थी। यह आंदोलन जून में सरकारी सिविल सेवा में नौकरी कोटा (आरक्षण) को समाप्त करने और भर्तियों को योग्यता आधारित बनाने की मांग को लेकर शुरू हुआ था। कोटा विरोधी आंदोलन के दौरान व्यापक हिंसा और झड़पों के बाद विद्यार्थियों ने सुश्री हसीना के इस्तीफे की अपनी एक-सूत्री मांग पर जोर दिया, जिसके कारण अंततः हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार गिर गई। सुश्री हसीना ने कहा, ह्जुलाई से लेकर अब तक विरोध प्रदर्शन के नाम पर हिंसा और आगजनी में कई लोगों की जान जा चुकी है। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों, पुलिस, पत्रकारों, सांस्कृतिक कार्यकताओं और एक गर्भवती महिला पुलिसकर्मीह्व सहित हिंसा के शिकार हुए अन्य लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया है। बंगलादेशी अखबार प्रोथोम एलो की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने अवामी लीग और उसके सहयोगी संगठनों के सदस्यों, पैदल यात्रियों और विभिन्न पेशेवरों के प्रति भी अपनी संवेदना व्यक्त की, जो 16 जुलाई से 11 अगस्त के बीच हुई हिंसा में मारे गए हैं। इस दौरान बंगलादेश में कम से कम 580 लोगों की जान चली गई हैं। उन्होंने 15 अगस्त, 1975 की हत्याओं को भी याद किया, जब उनके पिता एवं बंगलादेश के तत्कालीन राष्ट्रपति बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान और उनके परिवार के अधिकांश सदस्यों की हत्या कर दी गई थी।बंगबंधु की सबसे बड़ी पुत्री हसीना ने बंगबंधु स्मारक संग्रहालय में लूटपाट, बर्बरता और आगजनी पर ह्लदुखह्व व्यक्त किया और देश के लोगों से न्याय की मांग की। उन्होंने लोगों से 15 अगस्त को बंगबंधु भवन में पुष्पांजलि अर्पित करके और प्रार्थना करके राष्ट्रीय शोक दिवस को उचित तरीके से मनाने का आह्वान किया है।



















स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129